सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 11 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 97, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 697.12 अरब डॉलर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। } 10

## भाजपा के सत्ता में आने पर बंगाल का बेटा बनेगा मुख्यमंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में यदि भाजपा की जीती तो पश्चिम बंगाल का ही बेटा मुख्यंत्री बनेगा। }12

## मथुरा : यमुना में पलटी नाव, 10 श्रद्धालुओं की मौत

○ कई अन्य लापता, राहत व बचाव तेज ○ डीएम, एसएसपी ने लिया मौके का जायजा



**जिला संवाददाता**

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में शुक्रवार को यमुना नदी में श्रद्धालुओं/पर्यटकों से भरी एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लापता हैं। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि राहत-बचाव कार्य जारी है। डीएम और पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। मथुरा के जिलाधिकारी (डीएम) चंद्र प्रकाश सिंह ने इस हादसे में छह लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया था कि सभी पर्यटक पंजाब ...शेष पृष्ठ 10 पर

### सीएम योगी ने जताया दुख मुआवजा देने के निर्देश

लखनऊ। जनपद मथुरा में यमुना नदी में नाव पलटने से हुए दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक बताते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में कहा कि इस हादसे में हुई जनहानि अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने प्रभु श्री राम से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति, शोकाकुल परिवारों को यह दुःख सहने की शक्ति तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव

बचाव व मजबूत उपचार व्यवस्था ही बनेगी भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार : योगी




**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। तेजी से बदलती जीवनशैली और नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज के बढ़ते खतरे के बीच स्वास्थ्य नीति के केंद्र में अब केवल उपचार नहीं, बल्कि बचाव (प्रिवेंशन) और उपचार (ट्रीटमेंट), दोनों का संतुलित समन्वय अनिवार्य हो गया है। इसी व्यापक दृष्टि को सामने रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि देश को दीर्घकालिक रूप से स्वस्थ और उत्पादक बनाना है, तो चिकित्सा व्यवस्था को इलाज-केंद्रित मॉडल से आगे बढ़ाकर जन-जागरूकता और जीवनशैली में सुधार पर आधारित मॉडल की ओर ले जाना होगा। मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

### 'इनोवेट इन यूपी, स्केल फॉर द वर्ल्ड' विजन के साथ आगे बढ़ रहा यूपी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में कहा, 'इनोवेट इन यूपी, स्केल फॉर द वर्ल्ड' के विजन के साथ प्रदेश को देश का 'डीप टेक कैपिटल' बनाने की दिशा में ठोस, परिणामोन्मुखी व समयबद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन, साइबर सिक्योरिटी और मेड-टेक जैसे उभरते क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश को अग्रणी बनाने पर बल देते हुए शोध और उद्योग के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### उज्जैन : आखिर 23 घंटे बाद जीवन की जंग हार गया भागीरथ

उज्जैन। मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में बडनगर तहसील स्थित एक गांव में बृहस्पतिवार शाम बोरवेल में गिरे ढाई वर्षीय भागीरथ को तकरीबन 23 घंटे की मशक्कत के बाद निकाल लिया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। अस्पताल में चिकित्सकों ने भागीरथ को मृत घोषित कर दिया। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान बच्चा मृत पाया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने जा रहे हैं। इससे पहले, उज्जैन के जिलाधिकारी रोशन कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया था कि बच्चे को निकाल लिया गया है और उसे सिविल अस्पताल भेजा गया है। बच्चे की हालत के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### गृह कलह में मासूम समेत तीन की मौत

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में शुक्रवार सुबह एक महिला ने विवाद के बाद कथित तौर पर अपने पति की हत्या कर दी और फिर अपने 22 दिन के बच्चे को घर पर छोड़कर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। वहीं उसका बच्चा जिसे पर घर में बंद करके गयी थी उसकी भूख से मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना अयोध्या के रौनाही थाना क्षेत्र के गरेरू गांव की है। इस घटना में बाद में बच्चे की भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम की शुरुआत तब हुई जब शुक्रवार की सुबह घर के बुजुर्ग सदस्य गेहूं काटने के लिए खेत में गये थे। घर पर शिवा और उसकी पत्नी संजू के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

# एसआईआर की फाइनल सूची जारी

○ यूपी में वोटरों की कुल संख्या 13,39,84,792 ○ 84 लाख से अधिक नये मतदाता जुड़े

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के बाद प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में राज्य में 84 लाख से अधिक मतदाताओं की वृद्धि हुई है, जिससे कुल मतदाता संख्या 13.39 करोड़ हो गई है।

लोक भवन मीडिया सेंटर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रिणवा ने कहा कि एसआईआर कार्यक्रम 27 अक्टूबर, 2025 से 10 अप्रैल, 2026 तक आयोजित किया गया था, जिसमें राज्य भर के सभी 75 जिलों, 403 विधानसभा क्षेत्रों और मतदान केंद्रों को शामिल किया गया था। उन्होंने कहा कि 166 दिनों तक चला यह कार्यक्रम 75 जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ), 403 चुनावी पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ), 12,758 सहायक ईआरओ, 18,026 बीएलओ पर्यवेक्षकों और 1,77,516 बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के योगदान से किया गया था। इसके अलावा, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के 5,82,877 बूथ-स्तरीय एजेंटों और करोड़ों मतदाताओं ने सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया ने भी जागरूकता प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रिणवा ने कहा कि छह जनवरी, 2026 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में कुल




12,55,56,025 मतदाता थे, जिनमें 6.88 करोड़ पुरुष मतदाता, 5.67 करोड़ महिला मतदाता और 4,119 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल थे। 18-19 वर्ष के आयु वर्ग में मतदाताओं की संख्या 3,33,981 थी, जबकि लिंगानुपात के लिहाज से प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर महिला मतदाता की संख्या 824 थी। उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल, 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में मतदाताओं की कुल संख्या 13,39,84,792 है। इनमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 7,30,71,071 (लगभग 54 प्रतिशत), महिला मतदाताओं की संख्या 6,09,09,525 (45.46 प्रतिशत) और तीसरे लिंग के मतदाताओं की संख्या 4,206 (0.01 प्रतिशत से कम) है। रिणवा ने कहा कि 18-19 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या बढ़कर 17,63,360 हो गई है, जो कुल मतदाताओं का 1.32 प्रतिशत है। लिंग अनुपात में भी सुधार हुआ है और प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर 834 महिला मतदाता हैं। मसौदा और अंतिम मतदाता सूचियों की तुलना करते हुए रिणवा ने बताया कि मतदाताओं की संख्या में 84,28,767 की वृद्धि हुई है। इसमें 42,27,902 पुरुष मतदाता, 42,00,778 महिला मतदाता और 87 मतदाता तृतीय लिंग के हैं। रिणवा के अनुसार, 18-19 वर्ष के आयु वर्ग में 14,29,379 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि लिंगानुपात 10 अंक सुधरकर 824 से 834 हो गया। उन्होंने आगे कहा कि जिलों में, प्रयागराज में मतदाताओं में सबसे अधिक 3,29,421 की वृद्धि दर्ज की गई, इसके बाद लखनऊ (2,85,961), बरेली (2,57,000 से अधिक), गाजियाबाद (2,43,666) और जौनपुर (2,37,590) हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया का सफल समापन राज्यभर में चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और मतदाताओं के समन्वित प्रयासों को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र स्तर पर, गाजियाबाद के साहिबाबाद में सबसे अधिक 82,898 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई, इसके बाद जौनपुर (विधानसभा क्षेत्र संख्या 366) में 56,118 मतदाता बढ़े। लखनऊ पश्चिम में 54,822 मतदाताओं की वृद्धि देखी गई, गाजियाबाद के लोनी में 53,679 मतदाता बढ़े और फिरोजाबाद विधानसभा क्षेत्र में 47,757 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई। रिणवा ने कहा कि संशोधन प्रक्रिया के दौरान, लगभग ...शेष पृष्ठ 10 पर

### जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर सेना और अर्धसैनिक बलों की आवाजाही पर नज़र रखने और यह जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े अपने आकाओं को भेजने वाले एक जासूसी नेटवर्क का भंड़ाफोड़ किया है। इस बाबत 11 लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से हथियार बरामद किए गए हैं।

विशेष प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस मॉड्यूल ने पंजाब और राजस्थान में संवेदनशील सैन्य ठिकानों के पास सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरों का एक गुप्त निगरानी नेटवर्क स्थापित किया था। अधिकारी ने कहा कि दो समन्वित अभियानों में की गई इस कार्वाई के तहत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ी एक बड़ी साजिश का भी खुलासा हुआ है। उन्होंने यह मॉड्यूल जासूसी, हथियारों की तस्करी और महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उत्तराखंड : धामी ने शुरू की स्व-गणना व्यवस्था

जनगणना में नागरिक स्वयं ऑनलाइन भर सकेंगे परिवार का ब्यौरा

**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में जनगणना-2027 को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए डिजिटल स्व-गणना अभियान की शुरूआत हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार का विवरण दर्ज कर इस नई व्यवस्था का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह कदम प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ नागरिकों की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने वाला महत्वपूर्ण परिवर्तन है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि राज्य के विकास का आधारभूत दस्तावेज है। सरकार की शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क,



आवास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं की दिशा इन्हीं आंकड़ों से तय होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही आंकड़े ही प्रभावी नीति निर्माण का आधार बनते हैं। उन्होंने बताया ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अमेरिका-ईरान वार्ता पर संकट के बादल

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जेडी वेंस को सौंपी समाधान दूंढने की जिम्मेदारी

**एजेंसी**

वाशिंगटन। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता के लिए इस्लामाबाद रवाना होने से पहले तेहरान को आगाह किया कि वह अमेरिका के साथ खेल ना खेले। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी लोगों में से उस व्यक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपी है, जो ईरान के साथ संघर्ष का सबसे अनिच्छुक समर्थक प्रतीत हो रहे हैं।

लेकिन अब वेंस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह छह सप्ताह पहले शुरू हुए इस युद्ध का समाधान ढूंढ़े और अमेरिकी राष्ट्रपति की ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की चौंकाने वाली धमकी को चरितार्थ न होने दें। वेंस संघर्ष वाले क्षेत्रों में सैनिकों को



भेजने के पक्ष में नहीं रहे हैं। वेंस पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान के साथ मध्यस्थता वार्ता का नेतृत्व करने के लिए शुक्रवार को रवाना हुए। पाकिस्तान जाने के लिए एयर फोर्स-टू में सवार होते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, हम वार्ता के लिए उत्सुक हैं। मुझे लगता है कि यह सकारात्मक रहेगी। देखते हैं आगे क्या होता है। उन्होंने ट्रंप का हवाला देते हुए कहा, अगर ईरानी सद्भावना से बातचीत करने को तैयार हैं, तो हम भी उनका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। लेकिन उन्होंने कहा अगर वे हमसे खेल खेलने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें पता चलेगा कि वार्ताकार दल इतना भी सहयोगी नहीं है। वेंस ने कहा कि ट्रंप ने उन्हें बातचीत के तरीके के बारे में कुछ स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं, लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। उपराष्ट्रपति ने अपने साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों के सवालों का जवाब नहीं दिया। वेंस की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब एक नाजुक और अस्थायी युद्धविराम टूटने ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ यक्ष एप ने अपराध पर लगाया अंकुश (पृष्ठ-02)
○ कृषि विज्ञान कांग्रेस में डिजिटल कृषि पर हुआ मंथन (पृष्ठ-02)
○ डॉलर के मुकाबले रुपया गिरकर 92.68 पर बंद (पृष्ठ-14)
○ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 56 प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** मुख्यमंत्री योगी से डेनमार्क के राजदूत ने की भेंट, डिफेंस, ग्रीन एनर्जी व इंफ्रास्ट्रक्चर में साझेदारी पर जोर

## डेनमार्क से हाथ मिलाकर निवेश बढ़ाने की राह पर यूपी

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। भारत में डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच उत्तर प्रदेश में निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग तथा विभिन्न क्षेत्रों में संभावित साझेदारी को लेकर व्यापक और सकारात्मक चर्चा हुई। भेंट के दौरान डेनमार्क के राजदूत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए व्यापक परिवर्तन की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले भारत में निवेश की चचाओं में उत्तर प्रदेश का उल्लेख सीमित रहता था, किन्तु आज यह राज्य निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने प्रदेश की विशाल जनसंख्या, कुशल मानव संसाधन और सुदृढ़ होती आधारभूत संरचना को इसकी



प्रमुख ताकत बताते हुए इन उपलब्धियों का श्रेय मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया। राजदूत ने उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाओं का उल्लेख करते हुए विशेष रूप से डिफेंस कॉरिडोर में रुचि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में डेनमार्क का समृद्ध अनुभव है और इस क्षेत्र में डेनमार्क की कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश एवं तकनीकी साझेदारी के लिए उत्सुक हैं। इसके साथ ही वेस्ट-टू-एनर्जी सेक्टर में डेनमार्क की विशेषज्ञता का उल्लेख करते हुए उन्होंने इस क्षेत्र में भी सहयोग की इच्छा जताई। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए राजदूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी एवं हाइड्रोजन टेक्नोलॉजीज को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने इस क्षेत्र में डेनमार्क की कंपनियों की सक्रिय भागीदारी की संभावनाएं व्यक्त कीं। जल प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग का उल्लेख करते हुए राजदूत ने बताया कि आईआईटी (बीएचयू) के साथ नदी पुनरुद्धार एवं जल शोधन से संबंधित एक परियोजना पर कार्य चल रहा है, जिसके संबंध में वे शीघ्र ही वाराणसी का दौरा करेंगे। इसके अतिरिक्त, कंप्रेस्ड बायोगैस सहित नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विवादों में घिरे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिससे उनके खिलाफ जारी महाभियोग की कार्यवाही निष्प्रभावी हो गई है। पिछले साल न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से जली हुई नोटों की गड्डियां बरामद होने के बाद से वह आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं।



दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास में 14 मार्च, 2025 को होली की रात लगभग 11 बजकर 35 मिनट पर आग लगने के बाद भारी मात्रा में नकदी मिलने का दावा किया गया था। आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। नौ अप्रैल को राष्ट्रपति को भेजे गए एक पत्र में 57 वर्षीय न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि वह अत्यंत दुख के साथ अपना इस्तीफा दे रहे हैं और इस पद पर सेवा करना उनके लिए सम्मान की बात थी। राष्ट्रपति को भेजे गए त्यागपत्र में उन्होंने कहा राष्ट्रपति ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बीबीडीयू में विश्व स्वास्थ्य दिवस समारोह





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर, जो कि प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्वभर में मनाया जाता है, बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ के जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा स्नातक दंत छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास के प्रेरणा से हुआ एवं प्राचार्य प्रो. (डॉ.) नीता पासरीचा के मार्गदर्शन में हुआ।

इस सत्र में दैनिक आहार संबंधी आदतों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला गया, जिसमें पोषण और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को रेखांकित किया गया। इसमें युवावस्था में प्रारंभिक आहार हस्तक्षेप के महत्व पर जोर दिया गया तथा छात्रों को तनाव और अवसाद से बचाव के लिए सजग एवं संतुलित खान-पान अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इंटरएक्टिव चर्चा और केस-आधारित उदाहरणों ने सत्र को रोचक बनाया तथा छात्रों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने योग्य व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए।

जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग अपने मेडिकल ओपीडी सेवाओं के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य में भी सक्रिय योगदान देता है, जहां मरीजों को व्यापक निवारक एवं प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। विभिन्न विभागों में नियमित रूप से आहार परामर्श सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से संतुलित पोषण, जीवनशैली में सुधार और रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाती है। ये सभी पहल विभाग की समग्र स्वास्थ्य देखभाल एवं बहु-विषयक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। इस अतिथि व्याख्यान का संचालन डॉ. नबीहा फातिमा द्वारा किया गया, जो एक प्रसिद्ध डाइटिशियन एवं क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट हैं और इस क्षेत्र में 10 से अधिक वर्षों का अनुभव रखती हैं। वे व्यक्तिगत आहार योजना बनाने में अपनी विशेषज्ञता के लिए जानी जाती हैं तथा साक्ष्य-आधारित डाइट काउंसलिंग और जीवनशैली प्रबंधनपर केंद्रित अपना क्लिनिक संचालित करती हैं। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने संतुलित पोषण की भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की विशेष रूप से तनाव के रोकथाम और प्रबंधन में साथ ही व्यस्त शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में स्वस्थ खान-पान बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय भी बताए। इस कार्यक्रम में छात्रों एवं संकाय सदस्यों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। इंटरएक्टिव चर्चा और व्यक्तिगत आहार परामर्श सत्रों ने इस सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक बनाया और प्रतिभागियों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। हम इस अवसर पर प्रबंधन का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस कार्यक्रम के प्रत्येक चरण में निरंतर सहयोग और उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया।

# यक्ष एप ने अपराध पर लगाया अंकुश

## कुछ घंटों में दो लूट का किया खुलासा, अपहरण केस में चौंकाने वाला सच उजागर | आगरा में बुजुर्ग को झूठे आरोप से बचाया, असली आरोपी हुआ गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी पुलिस का यक्ष एप अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेलने में अहम भूमिका निभा रहा है। यक्ष एप ने महज 90 दिनों में एक दर्जन से अधिक अपराधिक घटनाओं का खुलासा कर अपराध नियंत्रण पर स्मार्ट पुलिसिंग को नया आयाम दिया है। एप के जरिये अपहरण, हत्या, लूट, चोरी जैसे गंभीर अपराधों का खुलासा किया है। यक्ष ऐप की मदद से पुलिस न केवल तेजी से आरोपियों तक पहुंच रही है, बल्कि घटनाओं के खुलासे का समय भी काफी कम हुआ है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में स्मार्ट पुलिसिंग को नई दिशा देने के लिए पुलिस मंथन कार्यक्रम में यक्ष एप को लांच किया था।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप स्मार्ट पुलिसिंग के तहत यक्ष एप को लांच किया गया था। यक्ष एप में प्रदेश के अपराधियों का डिजिटल डाटाबेस, सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन आधारित मैपिंग और एनालिटिकल टूल्स जैसी सुविधाएं दी गई हैं। पहले जहां विवेचकों को विलेज क्राइम नोट बुक जैसे पारंपरिक रजिस्टर पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब कुछ ही मिनटों में अपराधियों की पूरी हिस्ट्री सामने आ जाती है। डीजीपी ने बताया कि हरदोई में दर्ज अपहरण के एक मामले में यक्ष ऐप ने चौंकाने वाला सच सामने लाया। जांच में पता चला कि कथित अपहृत व्यक्ति पिछले ढाई साल से जेल में बंद था। इसी तरह जौनपुर में 11 मार्च 2026 को जन सेवा केंद्र संचालक के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा कुछ ही घंटों में कर लिया गया। पुलिस ने यक्ष एप के माध्यम से 43 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, जिससे संदिग्धों की पहचान और लोकेशन ट्रैक हुई। इसके बाद मुठभेड़ में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और करीब 1.30 लाख नकद बरामद किया गया। इसके




अलावा राजधानी के काकोरी क्षेत्र में एक घंटे के अंतराल पर हुई दो लूट की घटनाओं का 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया गया। यक्ष एप के जरिए आरोपियों की पहचान, मोबाइल लोकेशन और गतिविधियों का विश्लेषण कर पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। इतना ही नहीं रायबरेली में यक्ष एप की मदद से 8 सदस्यीय अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग का पदार्फाश हुआ। एप के डाटाबेस और जियो-टैगिंग के जरिए पुलिस को आरोपियों का आपराधिक इतिहास मिला, जिससे योजनाबद्ध कार्रवाई कर सभी को गिरफ्तार किया गया। बरेली में सास और साले की हत्या के आरोपी को पकड़ने में भी यक्ष ने अहम भूमिका निभाई। आरोपी का फोटो और रिकॉर्ड एप से मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आगरा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को झूठे छेड़छाड़ के आरोप से बचाने में भी एप उपयोगी साबित हुआ। सीसीटीवी फुटेज और फेस रिकग्निशन के जरिए असली आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। मेरठ, हाथरस, फरुर्खाबाद, कानपुर और गोंडा जैसे जिलों में यक्ष के जरिए कई चोरी और जेबकतरी गैंग का खुलासा हुआ। मेरठ में जेबकतरा गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार किये गये, हाथरस में आभूषण चोरी का आरोपी ट्रेस, कानपुर में ज्वैलरी दुकान से चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ और गोंडा में स्कूलों में हो रही चोरी का खुलासा एप ने किया।

## गुमशुदा बच्चों को परिजनों से मिला रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098

**लखनऊ।** सरकार में महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में तेजी से काम किया जा रहा है। खासतौर पर गुमशुदा बच्चों की तलाश और उनकी सुरक्षित वापसी को लेकर योगी सरकार का अभियान लगातार असर दिखा रहा है। शुक्रवार को महिला कल्याण निदेशालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 26 हजार से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण किया गया है। ये आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि सरकार इस दिशा में लगातार गंभीरता से प्रयासरत है। प्रदेश में महिला कल्याण निदेशालय के मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का संचालन किया जा रहा है। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एक इमरजेंसी सेवा है, जो 24 घंटे काम करती है। इसके माध्यम से संकट में फंसे बच्चों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यहां 18 साल से कम उम्र के गुमशुदा बच्चों-किशोरों की शिकायतें दर्ज की जाती हैं। इस संबंध में यूपी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 हेल्पलाइन कंट्रोल रूम की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2025-26 में गुमशुदा या खोए हुए बच्चों की कुल 28,945 शिकायतें दर्ज की गईं थीं। कंट्रोल रूम के आंकड़ों के मुताबिक, जिसमें से करीब 26,239 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। जबकि 2,706 मामलों में अभी भी कार्रवाई जारी है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि योगी सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से काम कर रही है। वहीं सरकार के प्रयासों का असर जमीनी स्तर पर भी दिख रहा है। बांदा जिले की रहने वाली एक महिला का 6 वर्षीय बेटा 2015 में चित्रकूट परिक्रमा के दौरान लापता हो गया था। तमाम प्रयास के बावजूद बेटे की तलाश नहीं हो पाई थी। लेकिन चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस के समन्वय से करीब 10 साल बाद उसको खोज निकाला गया और उसे उसकी मां को सौंप दिया गया था।

## होम्योपैथी सुरक्षित, प्रभावी व प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के रूप में उभरीः पाठक

**लखनऊ।** विश्व होम्योपैथी दिवस पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट एवं राणा होम्योक्लीनिक के संयुक्त तत्वावधान में मस्जिद लेन मैदान, लालकुआं में निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श, निदान एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया, इसमें 120 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर का शुभारंभ करने के बाद मुख्य अतिथि प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट एवं राणा होम्यो क्लीनिक को निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श, निदान एवं दवा वितरण शिविर के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ। आज के इस तीव्र गति से बदलते परिवेश में, जहाँ एक ओर आधुनिक जीवनशैली, बढ़ता प्रदूषण और मानसिक तनाव हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं, वहीं होम्योपैथी एक सुरक्षित, प्रभावी एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के रूप में एक सशक्त विकल्प बनकर उभर रही है। आज जटिल से जटिल रोगों के उपचार में भी होम्योपैथिक चिकित्सा की उपयोगिता सिद्ध हो रही है। यहाँ तक कि छोटे बच्चों के दाँत निकलने जैसी संवेदनशील अवस्थाओं में भी यह पद्धति पूर्णतः सुरक्षित एवं लाभकारी सिद्ध होती है। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. हर्ष वर्धन अग्रवाल, आंतरिक सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्य पंकज अवस्थी, लाल कुआं वार्ड के पार्षद सुशील कुमार तिवारी, तिलक नगर कुंडरी रकाबगंज वार्ड के पार्षद राजीव बाजपेई तथा शिविर में चिकित्सक डॉ. संजय कुमार राणा, सविता चौधरी, कविता (नर्स) तथा ट्रस्ट के स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।



## उन्नत ओवरी कैंसर सर्जरी से 67 वर्षीय महिला को नयी जिंदगी की उम्मीद

- डॉ. सीमा सिंह के नेतृत्व में जटिल ऑपरेशन सफल

विशेष संवाददाता (vol)

**देहरादून/वैशाली।** मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर, वैशाली ने कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यहां उत्तराखंड की 67 वर्षीय महिला, जो उन्नत स्टेज ओवरी कैंसर से पीड़ित थीं, पर अत्याधुनिक हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरपी सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। विशेषज्ञों के अनुसार यह तकनीक ऐसे मरीजों में लंबे समय तक रोगमुक्ति की संभावना बढ़ाती है और कई मामलों में 10 वर्ष तक बेहतर परिणाम देती है।

यह जटिल सर्जरी मैक्स वैशाली की वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सीमा सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। जांच में पाया गया था कि कैंसर पेट के भीतर कई हिस्सों में फैल चुका था, जिससे ऑपरेशन अत्यंत चुनौतीपूर्ण हो गया था। सर्जरी के दौरान पहले कैंसरग्रस्त ऊतकों और ट्यूमर को सावधानीपूर्वक हटाया गया, इसके बाद पेट की गुहा में 42-43 डिग्री सेल्सियस



तापमान पर गर्म कीमोथेरपी दवा 60 से 90 मिनट तक प्रवाहित की गई, ताकि सूक्ष्म स्तर पर बची कैंसर कोशिकाएं भी नष्ट हो सकें।

डॉ. सीमा सिंह ने बताया कि हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरपी उन चुनिंदा मरीजों के लिए बेहद प्रभावी तकनीक है, जिनमें ओवरी कैंसर पेट में फैल चुका होता है। उन्होंने कहा कि यह लंबी और अत्यंत विशेषज्ञता वाली प्रक्रिया है, जिसके लिए विशेष प्रशिक्षण और अनुभव आवश्यक होता है। उनका कहना है कि इस तकनीक का उद्देश्य मरीजों को अधिक जीवनकाल और बेहतर जीवन गुणवत्ता प्रदान करना है। सर्जरी के बाद महिला मरीज की स्थिति स्थिर बनी रही और वह धीरे-धीरे स्वस्थ होकर सामान्य जीवन की ओर लौट रही हैं। चिकित्सकों का मानना है कि यह तकनीक कैंसर की पुनरावृत्ति की संभावना को काफी हद तक कम कर देती है, जिससे दीर्घकालिक उपचार परिणाम बेहतर होते हैं। इस सफलता के साथ मैक्स वैशाली उत्तर भारत के उन चुनिंदा संस्थानों में शामिल हो गया है, जहां उन्नत ओवरी और गायनी कैंसर के लिए यह अत्याधुनिक सर्जरी उपलब्ध है। यह संस्थान रोबोटिक सर्जरी, जटिल ऑन्को-रिकंस्ट्रक्टिव प्रक्रियाओं और एडवांस्ड कैंसर के उपचार के लिए भी विशेष पहचान रखता है। ज्ञातव्य है कि डॉ. सीमा सिंह वर्तमान में मैक्स वैशाली में एसोसिएट डायरेक्टर रोबोटिक एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के पद पर कार्यरत हैं। एम्स नई दिल्ली से एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) और आईएमएस-बीएचयू से गोल्ड मेडल के साथ एमएस करने वाली डॉ. सिंह ने दक्षिण कोरिया से उन्नत रोबोटिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव ऑनकोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## मत्स्य मंत्री ने रिहंद बांध एवं ओबरा बांध का किया औचक निरीक्षण

- आगामी तीन कार्यदिवस के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मत्स्य विभाग के मंत्री डा. संजय कुमार निषाद द्वारा विगत कई दिनों से जनपद सोनभद्र से प्राप्त हो रही विभागीय एवं अन्य लोगों की साँठ-गाँठ से संबंधित अनियमितताओं की खबर का संज्ञान लेते हुए जनपद सोनभद्र में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्थापित रिहंद बांध एवं ओबरा बांध का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मंत्री के साथ निदेशक मत्स्य, एनएस रहमानी, संयुक्त निदेशक अनिल कुमार, उपनिदेशक (नियोजन) मत्स्य विभाग एजाज नकवी, उपनिदेशक वाराणसी मंडल सुरेश कुमार, उपनिदेशक मिजार्पुर मंडल धर्मेंद्र बघेल, जिला अधिकारी सोनभद्र द्वारा नामित एडीएम (न्यायिक) एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित सीओ पिपरी एवं सदर, सहायक निदेशक मत्स्य सोनभद्र, जिला सूचना अधिकारी, सोनभद्र समेत संबंधित तहसीलों के एसडीएम भी मौके पर उपस्थित रहे। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा पैसों की मांग की जाती है तथा कार्य करने से रोका जाता है। इस पर मंत्री ने संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए स्पष्ट कहा कि शिकायतकर्ता को किसी भी प्रकार की धमकी या कार्य में बाधा नहीं दी जानी चाहिए तथा उसे हर स्तर पर न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। श्री निषाद ने केज सिस्टम में पाई गई खामियों की निदेशक एवं संयुक्त निदेशक के साथ बारीकी से जांच कराते हुए आगामी तीन कार्यदिवस के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए, साथ ही दोषी कार्मिकों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश प्रदान किए।

## कृषि विज्ञान कांग्रेस का समापन, डिजिटल कृषि पर हुआ मंथन

- 30 विशेषज्ञों और संस्थानों को प्रदान किए गए प्रतिष्ठित अवार्ड
- राज्यमंत्री ने उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) की ओर से आयोजित विकसित कृषि विकसित भारत @2047 के लिये कृषि में परिवर्तन विषयक तीन दिवसीय छठवीं उ.प्र. कृषि विज्ञान कांग्रेस का शुक्रवार को राष्ट्रीय गन्ना संस्थान में विधिवत समापन हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि, प्रदेश के उद्यान एवं कृषि विपणन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 एकेडमी एवार्डी, 09 फैलो एवार्डी और 07 ऑनरेरी फैलो को सम्मानित किया। इस अवसर पर भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान (झांसी), रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (झांसी) और असारा बायोटेक प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड (बाराबंकी) को उत्कृष्ट कृषि विज्ञान संस्थान/विश्वविद्यालय पुरस्कार से



नवाजा गया।

कांग्रेस के अंतिम दिन दो महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र और दो ओरल प्रस्तुतीकरण सत्र आयोजित किए गए। सत्रों के दौरान लाइवलीहुड सिक्योरिटी, डेयरी, लाइवस्टॉक, पोलट्री, फिश फार्मिंग और डिजिटल एग्रीकल्चर जैसे समसामयिक विषयों पर गहन पैनल डिस्कशन हुआ। प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. पी. के. पाण्डेय, डॉ. चेतना गंगवार, डॉ. उमेश सिंह, डॉ. रचना वर्मा और डॉ. मनीष कुमार चतली जैसे प्रसिद्ध वैज्ञानिकों ने अपने व्याख्यान दिए। वहीं द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. जे.सी. राना, डॉ. राघवेन्द्र सिंह, डॉ. सुधांशु सिंह, पद्मश्री भारत भूषण त्यागी और श्री भानु प्रताप सिंह ने कृषि की भावी चुनौतियों और समाधानों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने कृषि और पशुपालन क्षेत्र की चुनौतियों को प्रमुखता से उठाया। डॉ. चेतना गंगवार ने पशुधन क्षेत्र में कम उत्पादकता, चारे की कमी और कमजोर बाजार संपर्क को किसानों के शोषण का मुख्य कारण बताया। डॉ. रचना वर्मा ने पोलट्री क्षेत्र में एंटीबायोटिक प्रतिरोध के खतरों के प्रति आगाह किया। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने मिट्टी के स्वास्थ्य और जैव विविधता के संरक्षण के लिए गौ-आधारित प्राकृतिक खेती को एकमात्र विकल्प बताया। श्री भानु प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि मिट्टी में घटता मृदा जैविक कार्बन फसल उत्पादन के लिए गंभीर खतरा है, जिससे निपटने के लिए किसानों को जैविक खाद और फसल चक्र जैसी टिकाऊ पद्धतियां अपनानी होंगी। सम्मानित होने वाले प्रमुख वैज्ञानिकों में डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. यश पाल सिंह, डॉ. विकास चंद्र, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. पवन कुमार सिंह और डॉ. चेतना गंगवार शामिल रहे। ऑनरेरी फैलो के रूप में डॉ. त्रिवेणी दत्त (कुलपति, मेरठ), डॉ. अभिजित मित्र (कुलपति, मथुरा) और डॉ. यू.पी. सिंह (निदेशक, बीएचयू) को उनके विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया।

## भाजपा ने फर्जी दस्तखत से वोट कटवाने की साजिश की : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जब मुद्दों से हारती है तब संस्थाओं के पीछे छिपकर हमले करती है। भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। वह ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के नाम पर बेनकाब हो चुकी है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने फर्जी दस्तखत से वोट कटवाने की साजिश की। समाजवादी पार्टी का वोट कटवाने के लिए फर्जी हस्ताक्षरों से बड़े पैमाने पर फार्म 7 भरे गये। समाजवादी पार्टी ने शिकायत की लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। जो व्यक्ति दस्तखत नहीं कर सकता भाजपा के लोगों ने उसके फर्जी साइन किए लेकिन किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार में दो दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे श्री अखिलेश यादव ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि जयपुर के वातावरण में साझी विरासत घुली हुई है। जयपुर पिंक सिटी के नाम से जाना जाता है। हम जयपुर में पीडीए की पौध लगाने आये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को विश्व गुरु होने का सपना दिखाया था लेकिन वैश्विक संकट और युद्ध काल के दौरान सरकार और प्रधानमंत्री ने मौका खो दिया, अगर प्रधानमंत्री इजरायल दौरे के बाद अपने देश वापस लौटते समय ईरान में उतर गये होते तो आज दुनिया उन्हें विश्वगुरू के रूप में मान लेती।

# पश्चिमी यूपी को जल्द मिलेगी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की सौगात

## 2200 करोड़ रुपये के मेगा प्रोजेक्ट से गाजियाबाद बनेगा इंटीग्रेटेड अर्बन हब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का प्रवेश द्वार गाजियाबाद अब एक ऐतिहासिक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। करीब 2200 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और एरोसिटी प्रोजेक्ट न केवल इस शहर की पहचान बदलने जा रहा है, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात मिलने जा रही है। इसके साथ ही यह क्षेत्र इतने बड़े स्तर के इंटीग्रेटेड अर्बन डेवलपमेंट मॉडल का हिस्सा बनेगा, जिससे गाजियाबाद प्रदेश का बड़ा पर्यटन केंद्र बनकर उभरेगा। इसके साथ ही यहां लाखों की संख्या में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे, जो उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से टर्निंग प्वाइंट साबित होंगे। सबसे अहम बात यह है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास जल्द ही होने की संभावना है, जिससे वर्षों से अटकी योजना अब जमीन पर उतरने के करीब पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन पर आधारित यह प्रोजेक्ट गाजियाबाद को स्पोर्ट्स, टूरिज्म और हाईटेक अर्बन डेवलपमेंट का बड़ा केंद्र बनाएगा। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर प्रमुख आकर्षण रहेगा।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी नंद किशोर कलाल ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन (मोर्टी क्षेत्र) में प्रस्तावित इस योजना के तहत 37 एकड़ में करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम विकसित किया जाएगा, जबकि इसके आसपास 380 एकड़ में लगभग 1800 करोड़ रुपये की लागत से एरोसिटी टाउनशिप बसाई जाएगी। दोनों को मिलाकर एक ऐसा इंटीग्रेटेड अर्बन हब तैयार किया जाएगा, जहां खेल, व्यापार, पर्यटन और आधुनिक जीवनशैली का समेकित विकास होगा। दरअसल, इस परियोजना की रूपरेखा 2014-15 में तैयार हुई थी, लेकिन लंबे समय तक यह आगे नहीं बढ़ सकी। उस दौर में विकास की गति अपेक्षित नहीं रही और गाजियाबाद को उसकी क्षमता के अनुरूप पहचान नहीं मिल पाई। पहले की सरकार के दौरान रही सुस्ती के कारण यह प्रोजेक्ट वर्षों तक ठहराव में रहा, लेकिन अब योगी सरकार में इसे प्राथमिकता में रखते हुए तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह स्टेडियम अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं वाला होगा। इसमें करीब 30,000 से अधिक दर्शकों की क्षमता, आधुनिक मीडिया सेंटर और हाईटेक लाइटिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं होंगी, जो इसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाएंगी। इस स्टेडियम के बनने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पहली बार बड़े अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबलों की मेजबानी का अवसर मिलेगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी नंद किशोर कलाल ने बताया कि स्टेडियम के चारो ओर विकसित होने वाली एरोसिटी इस पूरे प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी ताकत होगी। इसमें बड़े होटल, लक्जरी रिजॉर्ट्स, आधुनिक शॉपिंग मॉल, रिटेल जोन, हाई-टेक बिजनेस हब, ऑफिस स्पेस और एंटरटेनमेंट सेंटर विकसित किए जाएंगे। एयरपोर्ट के नजदीक होने के कारण यह क्षेत्र देश-विदेश के पर्यटकों और निवेशकों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र बनेगा। यह परियोजना सिर्फ स्टेडियम या टाउनशिप तक सीमित नहीं है, बल्कि एक नए अर्बन मॉडल के रूप में विकसित की जा रही है। इसमें स्पोर्ट्स एकेडमी, स्मार्ट रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स, ग्रीन स्पेस और आउटडोर खेल सुविधाएं भी शामिल होंगी, जिससे यह क्षेत्र रहने, काम करने और मनोरंजन के लिए एक संपूर्ण डेस्टिनेशन बनेगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) बोर्ड से प्रस्ताव पारित होने के बाद अब इसे यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के साथ जॉइंट वेंचर मॉडल पर विकसित किया जाएगा। सभी सुविधाओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप डिजाइन किया जा रहा है, ताकि यह प्रोजेक्ट भविष्य में निवेश और विकास का बड़ा केंद्र बन सके। इस मेगा प्रोजेक्ट के पूरा होने से गाजियाबाद और पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को व्यापक आर्थिक लाभ मिलेगा। निर्माण से लेकर होटल, रिटेल और सर्विस सेक्टर तक बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, निवेश बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। यह परियोजना आने वाले समय में पश्चिमी यूपी के विकास की दिशा और गति दोनों तय करती नजर आएगी।

## मिशन मोड में 100% लक्ष्य हासिल करने की तैयारी

### हर ग्राम पंचायत में कैंप, कम कवरेज वाले गांवों पर विशेष फोकस

**किसान रजिस्ट्री**

- 15 मई से योजनाओं के लाभ के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य, प्रशासन अलर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने किसान रजिस्ट्री को 100 प्रतिशत पूर्ण करने के लिए मिशन मोड में व्यापक रणनीति लागू कर दी है। तय योजना के अनुसार 30 अप्रैल 2026 तक किसान रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय कर दी गई है।

राज्य सरकार के निदेशार्नुसार 15 अप्रैल तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसान रजिस्ट्री कैंप स्थापित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसानों को मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे गांवों की पहचान करें जहां रजिस्ट्री का कवरेज कम है और 6 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विशेष अभियान चलाकर वहां 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सभी भूमि धारक किसान, चाहे वे पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े हों या नहीं, किसान रजिस्ट्री में शामिल किए जाएं। इसका उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

जागरूकता को अभियान का प्रमुख हिस्सा बनाते हुए जिलों को निर्देश दिया गया है कि अखबारों में विज्ञापन, लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं और स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 से उर्वरक, बीज और अन्य कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इस निर्णय के बाद प्रशासनिक स्तर पर तेजी और बढ़ गई है, ताकि समय सीमा के भीतर अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों के अनुसार, यह पहल न केवल योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन में मदद करेगी, बल्कि किसानों के लिए एकीकृत डेटाबेस तैयार कर भविष्य की कृषि नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

# लखनऊ में एसआईआर के बाद कम हो गये 9 लाख मतदाता

## सरोजनी नगर में सबसे ज्यादा, कैंट में सबसे कम, अब 30.80 लाख मतदाता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची की अंतिम लिस्ट जारी कर दी गई है। एसआईआर से पहले लखनऊ में 39,94,535 मतदाता थे। अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद अब 30,80,350 मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया के बाद लखनऊ में 9,14,185 मतदाताओं की कमी दर्ज की गई है। भारत निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया का 10 अप्रैल को अंतिम दिन था, जिसमें मतदाताओं को सूची जांचने का आखिरी मौका दिया गया था।

1 जनवरी 2026 को आधार मानकर तैयार की गई इस अंतिम सूची में लखनऊ की 9 विधानसभा सीटों का डेटा शामिल है। आंकड़ों के मुताबिक सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र 4,60,037 मतदाताओं के साथ सबसे बड़ा क्षेत्र बनकर सामने आया है, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 3,19,147 मतदाता दर्ज किए गए हैं।

लखनऊ कैंट में 124962, लखनऊ ईस्ट में 143478, लखनऊ नॉर्थ में 154710, लखनऊ मध्य में 107439, सरोजनी नगर में 142122, लखनऊ वेस्ट में 87467, बख्शी का तालाब में 75651, मोहनलाल गंज में 40245 और मलिहाबाद में 38111 मतदाता कम हुए हैं। जेंडर रेशियो की बात करें तो लखनऊ ईस्ट में 975, लखनऊ कैंट में 952, लखनऊ मध्य में 950, लखनऊ नॉर्थ में 934 और लखनऊ वेस्ट में 923 रहा। लखनऊ की नौ विधानसभा क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया गया था। इस दौरान मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया गया, जिसमें नए मतदाताओं को जोड़ा गया और मृतक, स्थानांतरित तथा डुप्लीकेट नामों को हटाया गया। 10 अप्रैल को नागरिकों के पास यह अंतिम मौका था कि वे अपने नाम और अन्य विवरणों की पुष्टि कर लें। इसके बाद निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। जिसमें किसी भी प्रकार के बदलाव की गुंजाइश बेहद सीमित रही। एसआईआर प्रक्रिया के तहत लखनऊ की नौ विधानसभा उत्तर, पूर्व, पश्चिम, मध्य, कैंट, सरोजनीनगर, बख्शी का तालाब, मलिहाबाद और मोहनलालगंज में मतदाता सूची में बड़े स्तर पर संशोधन हुआ है। अभियान शुरू होने से पहले कुल मतदाता संख्या 39,94,535 थी। संशोधन के दौरान घटकर मतदाताओं की संख्या 27,94,397 रह गई थी। इस दौरान उत्तर विधानसभा में सबसे अधिक करीब 1.91 लाख वोटर सूची से हटाए गए थे, जबकि कैंट सीट पर लगभग 40 प्रतिशत यानी करीब 1.40 लाख मतदाता कम हुए थे। अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी हजारों की संख्या में नाम हटाए गए हैं, जिससे कुल मिलाकर लगभग 12 लाख मतदाता सूची से बाहर हुए थे।

# महापौर ने सुबह परखी कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार सुबह नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोन-7 का औचक निरीक्षण किया। सुबह 7 बजे शुरू हुए इस निरीक्षण में क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया।

डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान के कर्मचारियों को समय से कूड़ा उठाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद महापौर नगर आयुक्त के साथ हरिहरनगर क्षेत्र पहुंचीं। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों के घरों पर जाकर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त शिफ्ट लगाकर भी कूड़ा उठान समय से सुनिश्चित किया जाए।

**बाराबिरवा मंडी का महापौर ने किया निरीक्षण :** बाराबिरवा फल व सब्जी मंडी में बीती रात लगी भीषण आग से व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

घटना की जानकारी के बाद शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार और स्थानीय पार्षद सौरभ सिंह मोनू के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रभावित व्यापारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और हालात का जायजा लिया।

महापौर ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार से फोन पर बात कर बाजार के जल्द पुनरुद्धार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित दुकानदारों को शीघ्र राहत पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

## विकसित भारत के लिए उच्च शिक्षा विषय पर संगोष्ठी

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर व लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत के लिए उच्च शिक्षा विषय पर संगोष्ठी में मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी मुख्य वक्ता अभाविप के विशेष आमंत्रित सदस्य प्रो.राज शरण शाही, विशिष्ट अतिथि अडळव वास्तुकला संकाय की डायरेक्टर प्रो.वंदना सहगल व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अभाविप लखनऊ महानगर के अध्यक्ष डॉ.अशोक मोरल उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रो.राज शरण शाही ने भारत की आर्थर समृद्धि पर विचार व्यक्त करते हुए प्रो.शाही ने कहा भारत की प्रभावशाली आर्थिक संवृद्धि ने उम्मीद जगाई है कि देश अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष, यानी वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त कर सकता है।

## गौ माता की रक्षा के लिए बनना चाहिए कानून




**लखनऊ।** गो माता की रक्षा के लिए कठोर कानून बनाए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद के कार्यकताओं ने साधु-संतों के साथ हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही गो रक्षक फरसा वाले बाबा को मोमबत्ती मार्च निकाल कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। गो रक्षा के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इस मौके पर परिषद के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश सनातनी ने कहा कि सनातन धर्म को सुरक्षित रखने के लिए सनातन की आधारशिला गो माता को सुरक्षित रखना जरूरी है। गो हत्या बंद करने के लिए गो वध को मानव वध की श्रेणी में लाना और गो तस्करों को मृत्युदंड दिए जाने का कानून बनाया जाना अति आवश्यक है। ऐसा होने पर कोई भी गो माता को क्षति नहीं पहुंचा पाएगा। उन्होंने प्रदेश में हो रही गो तस्करी पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय महामंडलेश्वर महादेव बाबा, महंत रमाकांत दास, मनीष सनातनी, साधना, महंत देव्या गिरि, ज्योति प्रकाश, विवेक, प्रवेश, महेंद्र नाथ, दीप्ति, राजकुमार, दशरथ, अनिल कुमार, कुलदीप शुक्ला, शिवम समेत कई जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए।

## नियामक आयोग संवैधानिक कमेटी के सदस्य बने अवधेश वर्मा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 87 के अंतर्गत गठित की जाने वाली प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र की सबसे बड़ी संवैधानिक 21 सदस्यीय राज्य सलाहकार समिति के गठन का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जिसकी अधिसूचना छापने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित की जा चुकी है। इस समिति के अध्यक्ष विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष होंगे, जबकि आयोग के दोनों सदस्य भी इसका हिस्सा रहेंगे। इसके अतिरिक्त समिति में पांच अपर मुख्य सचिव–ऊर्जा, कृषि, खाद्य, एमएसएमई तथा आईआईडी को शामिल किया गया है। साथ ही पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक, निदेशक (विद्युत सुरक्षा), नेड़ा, यूपीएसएलडीसी, निजी डिस्कॉम के प्रतिनिधि एवं अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारी भी समिति में सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

# होम्योपैथी वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान



विशेष संवाददाता (vol)

**विवेकानंद अस्पताल में विश्व होम्योपैथी दिवस पर कार्यक्रम**

**लखनऊ।** विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के होम्योपैथी विभाग द्वारा रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सहयोग से डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन की 271वीं जयंती के अवसर पर विश्व होम्योपैथी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी विषय के अंतर्गत किया गया, जिसमें होम्योपैथी की सुरक्षित, कोमल एवं किफायती चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने कहा कि होम्योपैथी वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। डॉ. अमित पाण्डेय ने कहा कि संस्थान द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में नियमित चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो रही हैं।

# सरोजिनी नगर में नेट जीरो इंडस्ट्री का शुभारंभ

## डॉ. राजेश्वर सिंह का हरित औद्योगिक क्रांति की ओर बड़ा कदम





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजिनी नगर में सतत औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने नेट जीरो इंडस्ट्री मिशन का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह पहल ग्रीन शिफ्ट अभियान के अंतर्गत 2040 तक नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने की दिशा में निर्णायक कदम मानी जा रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय और पूवार्नुमान आधारित दृष्टिकोण अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा उद्योगों को एक साझा मंच पर लाने और हरित विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि नेट जीरो अब दूर का लक्ष्य नहीं है, बल्कि मापने योग्य और लाभकारी मॉडल बन चुका है। सरोजिनी नगर इस दिशा में पहला कदम उठा चुका है और उद्योग सतत विकास के नेतृत्वकर्ता बनेंगे। कार्यक्रम में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण औद्योगिक उत्पादकता पर सीधा असर पड़ रहा है। हीट स्ट्रेस से कार्य घंटे कम हो रहे हैं, प्रदूषण से उत्पादकता घट रही है और एमएसएमई इकाइयों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस पहल के तहत उद्योगों को ऊर्जा दक्षता, रूफटॉप सोलर, जल प्रबंधन और कार्बन क्रेडिट जैसे विकल्पों से लाभ मिलेगा। उद्योगों को जोड़ने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रीन शिफ्ट इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस अवॉर्ड भी दिया जाएगा। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंचामृत संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सतत विकास के लक्ष्य को मजबूत करेगी। इस पहल के साथ सरोजिनी नगर विकेंद्रीकृत जलवायु कार्रवाई का मॉडल बनकर उभर रहा है और नेट जीरो 2040 की दिशा में यात्रा को नई गति मिल गई है।

## मांझे से प्रभावित हो रही मेट्रो सेवा

**लखनऊ।** मेट्रो की ओएचई लाइन पर पतंग की धातु वाली तार गिरने से संचालन प्रभावित हुआ। चारबाग से आलमबाग के बीच करीब आधे घंटे तक मेट्रो एकल लाइन पर धीमी गति से चली। इस दौरान यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। पतंग की तार की वजह से चारबाग से आलमबाग स्टेशन के बीच शुक्रवार शाम मेट्रो संचालन बाधित हुआ। आधे घंटे तक मेट्रो ट्रेनें सुस्त गति से चलीं। एक लाइन बाधित होने से एकल लाइन पर ही मेट्रो संचालन हुआ। इससे यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। जागरूकता अभियान के बावजूद पतंगबाज धातु के तार का इस्तेमाल करते हैं। शुक्रवार दोपहर बाद धातु के तार लगी पतंग मेट्रो के ओवरहेड हाईटेंशन (ओईएच) लाइन पर गिर गई। इससे आलमबाग मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट जाने वाली लाइन ट्रिप हो गई और मेट्रो के पहिये थम गए। सूचना मिलते पर मेट्रो प्रशासन ने एकल लाइन से ट्रेनों का संचालन जारी रखा। इसकी वजह से मेट्रो ट्रेनें सुस्त गति से चलती नजर आईं। मेट्रो जनसंपर्क विभाग के अनुसार चारबाग से आलमबाग मेट्रो स्टेशन तक करीब 30 मिनट तक संचालन बाधित रहा। ओएचई से तार हटाने के बाद संचालन सामान्य हो सका।

## संकल्प के साथ मनेगी अम्बेडकर जयंती

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्वविद्यालय में 11-14 अप्रैल को भारतरत्न बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु प्रेस मीट का आयोजन किया गया, जिसे कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की उपस्थिति रहेगी। 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर राष्ट्रीय शिक्षा ही समावेशी विकास का आधारः महात्मा ज्योतिबा फुले की दृष्टि में विषय पर आधारित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। 12 को विश्वविद्यालय कुलपति की अध्यक्षता में समावेशी विकास, विकसित भारत का आधारः बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दृष्टि में' विषय पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। 13 अप्रैल को भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद जी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

## केजीएमयू के जनरल सर्जरी विभाग के बेसमेंट में भरा गंदा पानी

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) जनरल सर्जरी विभाग के बेसमेंट में डॉक्टरों के कमरे, क्लास रूम और स्किल लैब आदि में सीवर का गंदा पानी भर गया है। शुक्रवार को घुटनों तक पानी भर गया। डॉक्टर, छात्र, कर्मचारी गंदे पानी से होकर चैम्बर व क्लास में गए। जरूरी उपकरण, किताबे व दवाएं आदि भी सीवर के पानी में डूब गए हैं। जनरल सर्जरी विभाग के बेसमेंट में सीवर की लाइन गई है। जो कि शुक्रवार को चोक हो गई। इसकी वजह से गंदा पानी बेसमेंट में जमा है। डॉक्टरों के चैम्बर, मेडिकल रिकार्ड कार्यालय, स्किल लैब आदि में पानी भर गया। कुर्सी, मेज, कापी किताब, मरीजों के इलाज संबंधी दस्तावेज आदि भीग गए। जनरल सर्जरी विभाग में करीब 22 फैकल्टी हैं। लगभग 100 रेजिडेंट डॉक्टर तैनात हैं। रोजाना 10 से 15 ऑपरेशन भी किए जाते हैं। ऐसे में गंदगी और जलभराव संक्रमण के खतरे को कई गुना बढ़ा रहा है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर में हो सकता है बदलाव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर लंबे समय से चल रहे उपभोक्ता आक्रोश को लेकर हाल ही में की गई समीक्षा बैठक में दिए गए सख्त निर्देश दिया है।

परिषद ने इसे प्रदेश के करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं के हित में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम बताया है। मुख्यमंत्री द्वारा स्मार्ट मीटर प्रणाली की कमियों को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश से उपभोक्ताओं में राहत और संतोष का माहौल है। पावर कारपोरेशन को तुरंत अनिवार्य रूप से प्रीपेड बोर्ड में ही नया कनेक्शन देने के आदेश को वापस लेते हुए प्रदेश में 70 लाख विद्युत उपभोक्ता जिनका पहले स्मार्ट मीटर का कनेक्शन देकर उनके कनेक्शन को बिना उनकी सहमति की प्रीपेड मोड में कर दिया गया है उसे तत्काल पोस्टपेड मोड में किया जाए। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन को चाहिए कि वह तत्काल केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी अधिसूचना एवं विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करे। साथ ही, स्मार्ट प्रीपेड मीटर को अनिवार्य रूप से लागू करने की बाध्यता को समाप्त किया जाए। इस विषय में किसी भी प्रकार की देरी पावर कॉरपोरेशन की छवि को और अधिक नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होने कहा कि प्रदेश में लगभग 70 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिना उनकी सहमति के पोस्टपेड से प्रीपेड में परिवर्तित किए गए हैं, जो उपभोक्ता अधिकारों के विपरीत है। ऐसे में पावर कॉरपोरेशन को चाहिए कि वह तत्काल इस निर्णय को वापस ले, बिलिंग प्रणाली में आवश्यक बदलाव करे तथा सभी प्रभावित उपभोक्ताओं को पुनः पोस्टपेड व्यवस्था में शामिल करे।

## अवकाश के दिन बिजली नही कटेगी: एके शर्मा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इनके समाधान के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। यूपी में प्रीपेड मीटर का बैलेंस खत्म होने पर रात में और छुट्टी के दिन बिजली नहीं कटेगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में किसी प्रकार की भ्रांति या असमंजस की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे उपभोक्ता स्मार्ट मीटर के लाभों, उपयोगिता एवं संचालन प्रणाली को भली-भांति समझ सकें। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आगामी गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखने के लिए नियमित रूप से जागरूक किया जाए। इसी प्रकार अवकाश के दिनों में भी किसी उपभोक्ता का कनेक्शन विच्छेदित नहीं किया जाएगा।

# आपदा प्रबंधन की 31 परियोजनाओं को 410 करोड़ मंजूर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में आपदा प्रबंधन से संबंधित 31 परियोजनाओं के लिए 410 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।

इस दौरान मुख्य सचिव ने सभी परियोजनाओं का शीघ्र और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने असमय प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने और बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। स्वीकृत परियोजनाओं में मानव-वन्यजीव द्वंद्व कम करने के लिए 34.75 करोड़ रुपये, अयोध्या में बाढ़ शरणालय निर्माण, वाराणसी के घाटों पर फ्लोटिंग बैरियर, 44 जनपदों में रबराइज्ड मोटर बोट खरीद, विद्यालयों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, तथा ह्यबाल तरणवीरह्न कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा नगर निगम कर्मियों, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों और होमगाड्र्स को आपदा राहत कार्यों के लिए प्रशिक्षित करने की योजनाओं को भी मंजूरी दी गई है।

## दो सड़क परियोजनाओं को उच्चस्तरीय समिति ने दी मंजूरी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की बैठक में लोक निर्माण विभाग की दो सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। समिति ने आवश्यक पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) में शिथिलीकरण करते हुए प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि कार्य गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा किया जाए। पहली परियोजना फरुर्खाबाद जिले में मोहम्मदाबादझ्रसंकिसा मार्ग के 1.600 किमी हिस्से को चार लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से जुड़ी है, जिसकी अनुमानित लागत 3039.95 लाख रुपये है। दूसरी परियोजना गोरखपुर में देवरिया बाईपास से तालकन्दा, चाफा सनहा और चवरी मार्ग तक 11.800 किमी लंबाई में 1.5 लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की है, जिसकी अनुमानित लागत 3470.16 लाख रुपये है। बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## पुरस्कार पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**लखनऊ।** 10 अप्रैल 2026 को पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरियामऊ में नामांकन मेला एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जगरूप सिंह ग्राम प्रधान सुरियामऊ उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अपने रंगारंग कार्यक्रम से सभी उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि महोदय ने उक्त अवसर पर छात्रों को पुरस्कार वितरण किया एवं नामांकन मेला के अवसर पर विद्यालय में नामांकन करने वाले 35 बच्चों को विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहिन्दर पाण्डेय द्वारा लेखन किट प्रदान की गई उक्त कार्यक्रम में ए आर पी दिवाकर शुक्ला, आशुतोष आर्य के अतिरिक्त श्री विनोद राय प्रभात कुमार बृजेश मौर्य, धर्मेंद्र वर्मा, आदेश कु।आर सिंह, विनीत वर्मा, मनोज तिवारी, संतोष सिंह, नीरज साहू, देवनारायण, सुनीता यादव, स्वर्णिका सिंह, नीतू राय, प्रतिष्ठा सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर विद्यालय से राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में चयनित छात्र अंकुश शर्मा को खंड विकास अधिकारी महोदय द्वारा विशेष रूप से पुरस्कृत भी किया गया।

# बीबीएयू और इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के बीच हुआ एमओयू

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को बीबीएयू और इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट, लखनऊ के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस विक्टर बाबू, इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के संस्थापक निदेशक एवं एमडी समाधान, लखनऊ के सीए मुकेश शुक्ला एवं सीओई प्रो. विक्रम सिंह यादव मौजूद रहे। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने बताया कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों को उद्यमिता विकास के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करेगा। समझौते का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता के अवसरों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। साथ ही, शोधार्थियों द्वारा किए जा रहे प्रोजेक्ट्स के लिए विशेष रोडमैप तैयार किया जाएगा, उद्योग-विशिष्ट कार्यशालाओं का वार्षिक कैलेंडर बनाया जाएगा, जिससे व्यावसायिक अवसरों को प्रदर्शित किया जा सके।

## राज्यपाल ने स्वर्ण जयंती समारोह में रंगमंच को वैश्विक पहचान देने का आह्वान

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेते हुए भारतीय रंगमंच की समृद्ध परंपरा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण है और यह जागरूकता तथा सकारात्मक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम है। समारोह में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की कृति आनंदमठ पर आधारित नाटक का मंचन किया गया, जिसकी राज्यपाल ने सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि ह्यवंदे मातरमह्न की पृष्ठभूमि पर भी नाट्य मंचन किया जाए, ताकि युवाओं को इतिहास और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी मिल सके। राज्यपाल ने बताया कि जनभवन परिसर में संचालित आदर्श माध्यमिक विद्यालय का नवीनीकरण 5 करोड़ रुपये से किया गया है, जहां अब वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा व कौशल प्रशिक्षण मिल रहा है। उन्होंने कलाकारों से बच्चों को नाट्य प्रशिक्षण देने का आह्वान किया। साथ ही जानकारी दी कि 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विद्यालय का उद्घाटन होगा।

**भारत सरकार रेल मंत्रालय**
**अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ-226011**

**ई-निविदा सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दि. 09.04.2026 को प्रकाशित निम्नलिखित निविदा को जिन्हें भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए संयुक्त निदेशक/सिविल अ.अ.मा.सं. लखनऊ द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु आनलाइन खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | खुली निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रू.) | बयाना राशि (रू.) | कार्य समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना सं. डब्ल्यू. के. एस-1482एसबी-डीसी दिनांक 09.04.2026 वर्ष 2026-27 में सर्विस बिल्डिंग (संपूर्ण सर्विस बिल्डिंग) के लिये जोन कार्य । | 80,85,302.15 | 1,61,700.00 | 12 (बारह) माह | 04.05.2026 |
| 2. | निविदा सूचना सं. डब्ल्यू. के. एस-1482ए,-डीसी दिनांक 09.04.2026 वर्ष 2026-27 में सेक्टर-ए के लिये जोन कार्य । | 61,04,348.59 | 1,22,100.00 | 12 (बारह) माह | 04.05.2026 |
| 3. | निविदा सूचना सं. डब्ल्यू. के. एस-1482बी-डीसी दिनांक 09.04.2026 वर्ष 2026-27 में सेक्टर-बी के लिये जोन कार्य । | 99,66,265.21 | 1,99,300.00 | 12 (बारह) माह | 04.05.2026 |
| 4. | निविदा सूचना सं. डब्ल्यू. के. एस-1482सी-डीसी दिनांक 09.04.2026 वर्ष 2026-27 में सेक्टर-सी के लिये जोन कार्य । | 1,02,62,688.60 | 2,05,300.00 | 12 (बारह) माह | 04.05.2026 |

उपरोक्त विस्तृत ई-निविदा प्रपत्र को भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा दिनॉक 04.05.2026 के 15.00 बजे तक मूल/संशोधित निविदा को सम्मलित किया जा सकता है। दिनॉक 04.05.2026 को ही 15.00 बजे उपरोक्त ई-निविदा संयुक्त निदेशक/सिविल कार्यालय अ.अ.मा.सं. लखनऊ में खोली जायेंगी

संयुक्त निदेशक/ सिविल
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से

# प्रो. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी जायेंगे अमेरिका, वैश्विक संस्थागत सहभागिता के अवसरों का करेंगे अध्ययन

**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी का चयन प्रतिष्ठित फुलब्राइट-नेहरू इंटरनेशनल एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेटर्स अवार्ड के शैक्षणिक सत्र के लिए हुआ है। यह सम्मान यूनाइटेड स्टेट्स-इंडिया एजुकेशनल फाउंडेशन की ओर से इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन के सहयोग से प्रदान किया जाता है। यह चयन प्रो. सिद्दीकी के उत्कृष्ट नेतृत्व, शैक्षणिक प्रशासन में उनकी उल्लेखनीय भूमिका तथा अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक सहभागिता और संस्थागत उत्कृष्टता को सशक्त बनाने में उनके योगदान की सराहना है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के अंतर्गत प्रो. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेंगे, जहां वे अमेरिकी उच्च शिक्षा प्रणाली को निकट से समझने के साथ-साथ शैक्षणिक सहयोग, शोध साझेदारी और वैश्विक संस्थागत सहभागिता के नए अवसरों का अध्ययन करेंगे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# सास को जहर देकर मार डाला, मौरंग के ढेर में छिपाया शव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में बहू ने प्रेम संबंध के चलते अपनी सास को जहर देकर मार डाला और शव को घर में ही मौरंग के ढेर के नीचे दबा दिया। आरोप है कि वह पति और ससुर को भी मारने की योजना बना रही थी। संपत्ति हड़पने की साजिश उजागर होने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

घटना लखनऊ के मोहन रोड स्थित इब्राहिमगंज गांव की है, जहां प्रेम प्रसंग में बहू ने अपने प्रेमी अपनी ननद के बेटे (भांजे) साथ मिलकर सास शांति देवी को जहर देकर मार डाला। 5 अप्रैल की रात रोटी में जहर मिलाकर खिलाया गया, जिससे उनकी हालत बिगड़ी और अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पति मनोज रावत ने पत्नी शालिनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पूछताछ में महिला ने ससुर और पति को भी मारने की साजिश की बात कुबूल की है। पुलिस ने जहर मिली रोटी बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। **प्रेमी संग जिंदगी शुरू करना चाहती थी :** मृतका के बेटे मनोज रावत का आरोप है कि उनकी पत्नी शालिनी का पिछले दो महीनों से सगे भांजे के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी नाजायज रिश्ते ने एक मां की जान ले ली। पूछताछ में आरोपी महिला ने कथित रूप से स्वीकार किया कि उसकी योजना सिर्फ सास तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह ससुर और पति को भी जहर देकर खत्म करना चाहती थी, ताकि प्रेमी के साथ नई जिंदगी शुरू कर सके और पूरी संपत्ति पर कब्जा जमा सके।

**पांच दिन बाद हुआ परिजनों को शक :** वारदात के पांच दिन बाद जब परिजनों को शक हुआ और उन्होंने शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही, तो सच्चाई खुद आरोपी के मुंह से बाहर आ गई। यह सुनकर परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर के एक कमरे में मौरंग के ढेर में छिपाकर रखी जहर मिली आधी रोटी बरामद की।

इंस्पेक्टर सतीश राठौर के अनुसार आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गांव में इस घटना के बाद मातम, दहशत और आक्रोश का माहौल है, जहां एक मां की मौत ने पूरे समाज को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर रिश्तों में इतनी कड़वाहट कैसे घुल गई। परिवार में पिता बिरगज रावत, मनोज का बेटा हार्दिक है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक नं.-2733628 वर्ष 2011 है कहीं खो गया है। **प्रियंका सिंह पुत्री उमेश सिंह नि.- ग्राम उस्मानपुर पोस्ट- लक्ष्मीपुर मिश्र तह. कसया जनपद कुशीनगर।**

**सूचना**

मेरे रजिस्ट्री का मूल दस्तावेज कहीं खो गया है। जिसके क्रेता उमेश कुमार पुत्र चन्द्रिका प्रसाद यादव और विक्रेता अनवर जहां पत्नी कलवे हुसैन आजमी साकिन डी/19 रैदोपुर कालोनी शहर आजमगढ़ है। जो दिनांक 30.07.2009 बही संख्या 1 जिल्द संख्या 2924 पृष्ठ संख्या 383 से 402 पर क्रमांक 2695 रजिस्ट्रीकृत हुआ। **क्रेता-उमेश कुमार पुत्र चन्द्रिका मौजा जमालपुर बाजबहादुर थाना सिधारी तहसील सदर आजमगढ़। मो.-8299516280**

## माल में टीकाकरण के बाद बच्चे की मौत, मचा हड़कम्प

- पोस्टमार्टम से पता चलेगा मृत्यु का कारण : सीएमओ
- आठ बच्चों का हुआ था टीकाकरण एक की हुई थी मौत अन्य स्वस्थ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। माल क्षेत्र में टीकाकरण के बाद एक बच्चे को बुखार आ गया और उसकी मौत हो गई जबकि अन्य बच्चों के बीमार होने की सूचना से परिजन दहशत में आ गये। हालांकि, मृत्य का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम हाऊस भेजा गया।

गहदो गांव में 6 अप्रैल को टीकाकरण के बाद बुखार से पीड़ित मासूम मोहम्मद उमर (दो माह) को नाक से खून आने के बाद उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत से घर में कोहराम मच गया। गांव में कई बच्चों का टीकाकरण किया गया था, जो कि बुखार से ग्रसित हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। आशा बहू शांति टीका लगवाने के लिए मोहल्ले के लोगों को गांव में ही इकट्ठा कर एएनएम द्वारा कई बच्चों का टीकाकरण कराया था, जिसमें मोहम्मद उमर के भी टीका लगाया गया।।मोहम्मद उमर के पिता साहिल अहमद ने आरोप लगाते हुए बताया कि टीका लगवाने के बाद से बच्चे को तेज बुखार चढ़ गया था। एएनएम ने बुखार की दवा भी दी थी लेकिन बच्चे की तबीयत मे कोई सुधार नहीं हुआ। गहदों गांव के इमरान (9 माह), अलीजा (18 माह), आकर्ष (18 माह) और पवन कुमार के एक माह के बेटे की टीकाकरण के बाद तबियत बिगड़ी तो परिजन सीएचसी माल लेकर गए थे।

मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा. एनबी सिंह ने बताया कि शुक्रवार को माल क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम गहदो में टीकाकरण से एक बच्चे की मृत्यु की सूचना मिली। माल सीएचसी के अधीक्षक और उनकी टीम ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ग्राम गहदों में छह अप्रैल को टीकाकरण किया गया था, जिसमें 0-1 वर्ष तक के कुल 20 बच्चों का टीकाकरण किया गया था। उक्त 02 माह के मृत बच्चे को उक्त दिवस को टीका लगाया गया था, उसी दिवस उक्त वायलों से 7 अन्य बच्चों कुल 8 बच्चों का टीकाकरण किया गया था। 2 बच्चों को बुखार आने पर सीएचसी माल पर दिखाकर उपचारित किया गया। अन्य सभी 07 बच्चे स्वस्थ है। मृतक बच्चे का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त ही मृत्यु का कारण ज्ञात होगा। छह अप्रैल को माल के अन्तर्गत 32 स्थलों पर टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया था, जिसमें 0-1 वर्ष तक के कुल 187 बच्चों का टीकाकरण किया गया। सीएचसी माल के अधीक्षक डा. जेपी सिंह ने बताया कि डब्लूएचओ के नियम के तहत जो भी टीके डेढ़ माह में लगाए जाते हैं। वही चार टीके लगाए गए हैं। टीके लगने के बाद बुखार जरूर आता है। एएनएम रमाकांत ने बच्चों को टीका लगाया था। वैक्सीन का साइड इफेक्ट आधा घंटे के बाद होता है। इतने दिन बाद साइड इफेक्ट होने के चांस काफी कम होते हैं।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, साथी फरार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित डूडा कालोनी के पास गुरुवार देर रात मुठभेड़ के दौरान कृष्णा नगर पुलिस ने 25 हजार के इनामी गैंग्सटर को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने अपने दो साथियों को साथ मिलकर कई घरों में चोरियां की थी। उसका एक साथी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है, जबकि दूसरे की तलाश में पुलिस लगी है। मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपित के पास से तमंचा, कारतूस, लूटी गई दो चेन, लाकेट और अन्य सामान भी मिला है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) दक्षिणी अमित कुमार आनंद ने बताया कि फरवरी में कृष्णानगर में तीन घरों में चोरियां हुई थी। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी थी। राजफाश के लिए कई टीम लगाई गई। लगभग पांच सौ सीसी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने घटना में शामिल शुभम सोनी को चिन्हित कर पूर्व में गिरफ्तार किया था। उन्नाव के मौरावां स्थित तेहरा रंजीत खेड़ा निवासी विपिन और चिनहट के मल्हौर निवासी कुलदीप फरार था।

दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम था। मुखबिर से सूचना मिली की विपिन कृष्णा नगर इलाके में है। इस पर डूडा कालोनी स्थित आसाराम बापू आश्रम के पास वाहन चेकिंग शुरू की गई। रास्ते में विपिन और कुलदीप आते दिखे। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगे। बाइक अनियंत्रित होने से वह गिर गए और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में विपिन के पैर में गोली लग गई, जबकि कुलदीप भाग गया। विपिन को गिरफ्तार किया गया है।

## बिल्डर, ठेकेदार व आर्किटेक्ट के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** नाका कोतवाली में बिल्डर, ठेकेदार व आर्किटेक्ट के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। आरोप है कि आरोपियों ने बिल्डर एग्रीमेंट कर मकान तोड़कर आठ लाख में मलबा बेचने के साथ ही अपार्टमेंट के भूतल में पीड़ित के फ्लैट का क्षेत्रफल कम कर दिया। यही नहीं बिना नक्शा पास कराए कई फ्लैट बेच दिए। धोखाधड़ी की जानकारी होने पर पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने धमकाया। इंस्पेक्टर नाका अभिनव वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अयोध्या के इनायत नगर स्थित मीठे गांव निवासी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि लालबाग खंदारी बाजार निवासी मोहम्मद मुस्तफा खान से 25 जुलाई 2024 को 18 माह को 2520 वर्गफुट बिल्डर एग्रीमेंट हुआ था। एग्रीमेंट में तय हुआ था कि पीड़ित किनारे का हिस्सा लेगा और उसपर दोनों तरफ से छज्जा निकलेगा। भूतल पर एक-एक फ्लैट बनेंगे और उनका क्षेत्रफल बराबर होगा। इसपर मुस्तफा ने तय कर मकान को तोड़कर ही प्लॉट का एग्रीमेंट किया था। पीड़ित ने बताया कि बिल्डर ने मकान तोड़कर सारा मलबा आठ लाख में बिना बताए बेच दिया। पीड़ित ने जब भी मलबे के रुपये मांगा तो टालमटोल की। निर्माण में देरी होने पर पीड़ित ने संपर्क किया तो आरोपी ने झांसा दिया कि कई विभागों की एनओसी लेनी है, नक्शा अभी पास नहीं है। करीब छह माह बाद निर्माण शुरू हुआ। पीड़ित ने नक्शा मांगा तो उनके आर्किटेक्ट बंटी ने भेजा। 24 जनवरी 2026 को एग्रीमेंट का समय पूरा होने के बाद भी बिल्डिंग नहीं बन पायी। छानबीन की तो पता चला कि मुस्तफा, ठेकेदार नूर व बंटी ने धोखाधड़ी कर एग्रीमेंट कर कई फ्लैट बेच दिए। पीड़ित ने बताया कि अपार्टमेंट देख पीड़ित ने मुस्तफा को बुलाया। बताया कि भूतल के फ्लैट का क्षेत्रफल कम कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज कर गोली मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने बिना नक्शा पास कराए कई फ्लैट बेच दिए। शासन के आदेश पर नाका पुलिस ने मोहम्मद मुस्तफा खान, नूर ठेकेदार, बंटी आर्किटेक्ट व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सब्जी मंडी में लगी आग, 13 दुकानें जलकर हुईं खाक

**लखनऊ।** कृष्णानगर क्षेत्र के बाराबिरवा स्थित सब्जी मंडी में गुरुवार देर रात आग लगने से एक दर्जन से अधिक दुकानें जलकर खाक होगयीं। सूचना पाकर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। प्रभारी एफएसओ धर्मपाल सिंह का कहना है कि फायर स्टेशन आलमबाग को सूचना मिली थी कि बाराबिरवा सब्जी मंडी में आग लग गई है। सूचना पाते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल के निर्देशानुसार फायर स्टेशन आलमबाग से दो फायर टैंकर घटनास्थल के लिए प्रस्थान हुए तथा घटनास्थल पहुंच कर देखा कि आग सब्जी मंडी की दुकानों में लगी है तथा भयंकर जल रही है, जिसे तत्काल चारों तरफ से घेरकर बुझाया जाने लगा, तभी मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ व अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज, अग्निशमन अधिकारी पीजीआई, अग्निशमन अधिकारी चौक फायर स्टेशन चौक से एक फायर टैंकर, फायर स्टेशन सरोजनी नगर से दो फायर टैंकर, फायर स्टेशन पीजीआई से दो फायर टैंकर, फायर स्टेशन हजरतगंज से एक फायर टैंकर व फायर स्टेशन गोसाईगंज से एक फायर टैंकर घटनास्थल पहुंच गए तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी नेतृत्व में कुल 9 फायर टैंकर की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बाराबीरवा मंडी की लगभग 280 दुकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। अग्निकांड में 13 दुकानें आग की चपेट में आने से जल गईं। अग्निकांड में जिनकी दुकानें जलीं उसमें दीक्षित की कपड़े की दुकान, देवी शंकर की कपड़े की दुकान, दुर्गेश राजपूत पुत्र देवी शंकर की कपड़े की दुकान, मनीष बाजपेई पुत्र बाबू वाजपेई की कपड़े की दुकान, राजेश तिवारी की कपड़े की दुकान, मनोज की जलपान की दुकान, अनमोल मिश्रा की फल की दुकान, गोपाल की फल की दुकान, वीरेंद्र की फॉर्चून की दुकान, रजनीश साहू पुत्र शिव शंकर साहू की राशन की दुकान, सूरज पुत्र राजेंद्र की इलेक्ट्रिक के सामान की दुकान, मनीष वाजपेई की दोना पत्तल की दुकान, हरिशंकर साहू की जलपान की दुकान हैं।

## मानव तस्करी के नौ आरोपितों को 8-8 साल की सजा व जुर्माना

लखनऊ। यूपी एटीएस ने मानव तस्करी के अन्तर्राष्ट्रीय सिन्डिकेट में शामिल पांच रोहिग्या व तीन बांग्लादेशी सहित नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें 08-08 वर्ष का कठोर कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई गयी है। एटीएस ने मोहम्मद नूर उर्फ नुरुल इस्लाम (बांग्लादेशी), रहमतउल्ला (रोहिंग्या), शबीउल्ला (रोहिंग्या) को अवैध घुसपैठ, अवैध दस्तावेज रखने व मानव तस्करी के जुर्म में 26 जुलाई 2021 को रेलवे स्टेशन गाजियाबाद से गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से 03 पीड़ित व्यक्तियों को बरामद किया गया था, जिसमें दो किशोरियां थीं। अभियोग की विवेचना में संकलित साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त अब्दुल शकूर, आले मिया, मो० इस्माईल, मो० रफीक उर्फ रफीकुल इस्लाम, बप्पन उर्फ अरशद मियां व मो० हुसैन का नाम प्रकाश में आया, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एटीएस ने विवेचना पूर्ण करते हुए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। एटीएस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप विचारण न्यायालय एनआईए/एटीएस ने अभियुक्तगणों को अवैध घुसपैठ, जाली दस्तावेज रखने व मानव तस्करी का दोषी पाते हुये 09 अप्रैल को 08-08 वर्ष के कठोर कारावास व 2500-2500 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया।

## सिर्फ कीमती वस्तुओं की मांग से दहेज मृत्यु का अपराध सिद्ध नहीं होता: हाईकोर्ट

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए, स्पष्ट किया है कि दहेज के रूप में कीमती वस्तुओं या संपत्ति की सिर्फमांग से दहेज हत्या का अपराध घटित हुआ नहीं माना जा सकता, जब तक की मृतक महिला परउत्पीड़न या क्रूरता से जुड़ी घटनाओं की स्पष्ट कड़ियांसिद्ध न हो। न्यायालय ने कहा कि दहेज मृत्यु के अपराध को सिद्धकरने के लिए मृत्यु और दहेज-जनित क्रूरता या हिंसा के बीच ठोस सम्बन्ध को सिद्ध करनाआवश्यक है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति मनीष माथुर कीएकल पीठ ने मेवा लाल व दो अन्य की अपील पर पारित किया। लगभग 27 साल पुराने इस मामलेमें अपीलार्थियों ने सत्र अदालत द्वारा उन्हें सुनायी गई सात वर्ष की सजा और दोषसिद्धिको चुनौती दी थी।

## हाईकोर्ट परिसर में सुरक्षा चूक पर अवध बार ने जतायी नाराजगी

लखनऊ। अवध बार एसोसिएशन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई है। एसोसिएशन ने शुक्रवार को वरिष्ठ न्यायाधीश को पत्र भेजकर हाल में हुई एक घटना का उल्लेख करते हुए तत्काल सख्त कदम उठाने की मांग की है। पत्र के अनुसार, 10 अप्रैल को शाम करीब 4:30 बजे एक महिला अपने छोटे बच्चे के साथ न्यायालय की ऊपरी मंजिल तक पहुंच गई और कूदने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों तथा सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से महिला व बच्चे को सुरक्षित बचा लिया गया। इस घटना ने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। महासचिव ललित किशोर तिवारी की ओर से वरिष्ठ न्यायमूर्ति को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि न्यायालय जैसे संवेदनशील स्थल पर इस प्रकार की घटना अत्यंत गंभीर है और भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस इंतजाम आवश्यक हैं।

## महिला ने किशोर का किया शारीरिक शोषण, मांगे 10 लाख रुपये

लखनऊ। दोस्त की भाभी ने एक किशोर का शारीरिक शोषण किया। नैनीताल ले जाकर उसकी अश्लील वीडियो बनाई। इसके बाद फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग रखी। इस मामले में किशोर की मां ने आरोपी महिला के खिलाफ ठाकुरगंज थाने में पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत आमा माफी विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत आमा माफी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय आमा माफी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत आमा माफी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत आमा माफी कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत आमा माफी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **शाहिद अली** | **ऊषा दूबे** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत आमा माफी** | **ग्राम पंचायत आमा माफी** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत फत्तेपुर विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत फत्तेपुर विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय फत्तेपुर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत फत्तेपुर के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत फत्तेपुर कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत फत्तेपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **फिरोज अहमद** | **बीकेन्द्र यादव** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत फत्तेपुर** | **ग्राम पंचायत फत्तेपुर** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरैया द्वितीय विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत हरैया द्वितीय विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय हरैया द्वितीय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 13.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत हरैया द्वितीय के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत हरैया द्वितीय कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत हरैया द्वितीय के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **राम सागर** | **रवि कपूर राव** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत हरैया द्वितीय** | **ग्राम पंचायत हरैया द्वितीय** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत उसका विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत उसका विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय उसका के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत उसका के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत उसका कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत उसका के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **सुनीता** | **श्री मनिराम वर्मा** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत उसका** | **ग्राम पंचायत उसका** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं०** | **106-सिग/टेंडर/04/2026-27** |
| **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक इंडस्ट्रीज के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध में उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन में 36 (छत्तीस) महीनों के लिए आईपीएस (12 संख्या) स्थापित किया। | |
| **अनुमानित लागत** | रु 3818547.36/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत** | शून्य |
| **धरोहर राशि** | रु 76400.00/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि** | 36 महीने |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय** | **30.04.2026 15:30 Hrs.** |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है।** | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू० सं०-106-सिग/टेन्डर/04/2026-27 दिनांक: 09.04.2026**

**1190/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# मैं अपनी भूमिकाओं के साथ प्रयोग करता रहता हूं : अनूप सोनी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अनुप सोनी दर्शकों के मन में ईमानदारी और न्याय का पर्याय हैं, इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि इस लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेता का नया प्रयास लोगों के उत्थान और उनकी कहानियों को मंच प्रदान करने से संबंधित हो।

टेलीविजन, फिल्मों और थिएटर में सफल कार्यकाल के बाद, सोनी ऑडिबल पर आम लोगों की कहानियों की एक श्रृंखला प्रस्तुत कर रहे हैं, जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कार्य कर रहे हैं। बीएनए के स्वर्ण जयंती समारोह में हिस्सा लेने आये अनूप सोनी ने वॉयस ऑफ लखनऊ के साथ एक बेबाक बातचीत में, बालिका वधू के अभिनेता ने बताया कि ये कहानियाँ उन्हें एक व्यक्ति के रूप में कैसे प्रभावित करती हैं। उन्होंने अपने लोकप्रिय शो 'क्राइम पेट्रोल' के बारे में भी बात की, जिसे वे होस्ट करते थे, और बताया कि कैसे इस शो ने उनकी छवि को बदल दिया।

**'द अनसंग हीरोज' आपका पहला पॉडकास्ट था, आपका अनुभव कैसा रहा?**

यह मेरा पहला अनुभव था, लेकिन एक अभिनेता होने के नाते, आप ऑडियो माध्यम और उसकी जरूरतों को अच्छी तरह जानते हैं। आखिरकार, यह सब दर्शकों के साथ जुड़ाव बनाने के बारे में है। इसलिए आपको अपनी आवाज, अपनी भावनाओं और अपने कहानी कहने के अंदाज से उन्हें कहानी में बांधे रखना होता है। जब मैंने शुरूआत में यह काम शुरू किया था, तो एक कहानी रिकॉर्ड करने में लगभग डेढ़ से दो घंटे लगते थे, लेकिन धीरे-धीरे समय के साथ मैंने काफी तैयारी कर ली। मैं रिकॉर्डिंग से पहले कहानियों को कई बार पढ़ता हूँ, उनमें कुछ खास भावों को चिह्नित करता हूँ और भावनाओं को समझने की कोशिश करता हूँ। और फिर जब मैं इसे रिकॉर्ड करता हूँ, तो कम समय लगता है। मुझे लगता है कि किसी भी प्रोजेक्ट में तैयारी बहुत मददगार होती है।

**आप अपने श्रोताओं के साथ जिस तरह की कहानियाँ साझा करते हैं, क्या वे आपको भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं?**

बिलकुल, बिलकुल। कहानी का पूरा मकसद यही है कि लोग सकारात्मक बनें। उन्हें यह सोचना चाहिए कि हमारे आस-पास अच्छाई मौजूद है और आपको बस यह चुनना है कि आप क्या करना चाहते हैं। ये कहानियाँ लोगों को यह भी बताती हैं कि दूसरे की मदद करने के लिए आपको कोई खास प्रयास करने की जरूरत नहीं है। जरूरी यह है कि अगर आप किसी अच्छी स्थिति में हैं और किसी को बेहतर इंसान बनने या बेहतर जीवन जीने में मदद कर सकते हैं, तो आपको ऐसा जरूर करना चाहिए क्योंकि आप इस अच्छी स्थिति में होने के लिए भाग्यशाली हैं। यही इसका पूरा मकसद है।

**क्या क्राइम पेट्रोल या सीआईडी जैसे टीवी शो ने आपको इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया?**

मुझे लगता है यह महज एक संयोग है। अभिनेता बनने से पहले मैं एलएलबी कर रहा था और क्रिमिनल लॉयर बनना चाहता था, लेकिन जाहिर है अभिनय में मेरी रुचि थी। मैंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला लिया, लेकिन एलएलबी की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाया। और फिर, क्राइम पेट्रोल जैसा शो मेरी ज़िंदगी में आ गया। जाहिर है, अभिनय में मेरी रुचि हमेशा से थी, लेकिन मैंने क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन कोर्स इसलिए चुना क्योंकि दूसरी लहर के दौरान दुनिया भर में बहुत ज्यादा अवसाद फैला हुआ था। इसका हर किसी के मानसिक और स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ा था। इसलिए मुझे लगता है कि यही वह समय था जब मैं खुद को किसी काम में व्यस्त रखना चाहता था। और संयोग से, मुझे यह कोर्स ऑनलाइन मिल गया। इस कोर्स को करने का कोई एजेंडा या उद्देश्य या योजना नहीं थी।

**क्या आपको लगता है कि लोग आपको क्राइम पेट्रोल के एंकर के रूप में ज्यादा और एक अभिनेता के रूप में कम देखते हैं?**

हां, ऐसा होता है। जब आपका कोई प्रोजेक्ट बहुत लोकप्रिय हो जाता है, तो वह एक तरह से आपकी पहचान बन जाता है। लेकिन मैंने हमेशा यही कहा है कि मैं सबसे पहले एक अभिनेता हूं। एंकर बनने की ट्रेनिंग नहीं मिलती, लेकिन अभिनय की मिलती है। मैंने हमेशा खुद को एक अभिनेता ही माना है। यही कारण है कि मैंने क्राइम पेट्रोल से ब्रेक लिया। क्योंकि मैं अपने अभिनय के प्रोजेक्ट्स पर ध्यान देना चाहता था। मैं चाहता हूं कि लोग यह भी जानें कि मैं एक अभिनेता हूं। लेकिन हां, जो भी चीज लोकप्रिय हो जाती है, वह सबसे ऊपर आ जाती है।

**दर्शक आपको एक बेहद नेक इंसान के रूप में देखते हैं। आपको कैसा लगता है?**

अगर आप नकारात्मक भूमिका निभाते हैं, तो लोग आपको उसी छवि से जोड़ लेते हैं, इसलिए अगर दर्शक वास्तव में मुझे एक नेक इंसान समझते हैं, तो यह एक अच्छी छवि है। लेकिन एक अभिनेता के तौर पर, मैं अपनी भूमिकाओं के साथ प्रयोग करता रहता हूं।

**क्या आप क्राइम पेट्रोल में वापस जाने की योजना बना रहे हैं?**

मैंने इस बारे में सोचा ही नहीं था। क्राइम पेट्रोल पहले से ही चल रहा है और इसका प्रारूप ऐसा है कि इसमें एंकर की आवश्यकता नहीं है। फिलहाल, मेरा पहला ध्यान अपने अभिनय के प्रोजेक्ट्स पर है।

**क्या इन भूमिकाओं को चुनना आपका सचेत निर्णय था?**

बिलकुल नहीं। इन भूमिकाओं को चुनकर मैं अपनी छवि सुधारने की कोशिश बिल्कुल नहीं कर रहा था। ये बस यूं ही हो गईं। मैं एक अभिनेता हूं और हर तरह की भूमिकाएं निभाने के लिए तैयार हूं। मेरी आने वाली वेब सीरीज में मैं बिल्कुल अलग-अलग तरह के किरदारों में नजर आऊंगा और ये किरदार निश्चित रूप से आपकी सोच को बदल देंगे।

**क्या आप टीवी पर वापस जाना पसंद करेंगे या फिल्मों और वेब सीरीज पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे?**

फिलहाल मेरा पूरा ध्यान फिल्मों और वेब सीरीज पर है। मैंने अभी-अभी तीन वेब सीरीज पूरी की हैं। इनमें से एक का नाम 'लल्ला' है, जो एक बेहद गंभीर कहानी है और इसमें मेरा किरदार बिल्कुल अलग है। दूसरी एक वेब सीरीज है जिसका नाम 'सास बहू और अचार' है, जो रिश्तों पर आधारित एक ड्रामा है और नाम भले ही हल्का-फुल्का लगे, लेकिन कहानी काफी जटिल है। इसके अलावा, मेरी एक और सीरीज है जिसका नाम 'बिहार डायरीज' है, जो पुलिस और अपराधियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

# लोक गायिका मालिनी अवस्थी के गीतों संग सजा अभिनय का मंच

- कर्ण के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है 'रश्मिरथी'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह में शुक्रवार को लखनऊ की जानीमानी लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने अपने एकल गायन से चार चांद लगा दिया, तो वहीं हिंदी साहित्य के महान कवि रामधारी सिंह दिनकर के अमर खण्डकाव्य रश्मिरथी का प्रभावशाली मंचन भी किया गया। लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने अपने अंदाज में लोकगीत प्रस्तुत कर अवध की शाम को खास बना दिया। इस दौरान मालिनी अवस्थी ने भजन, अवधी गीत व रंगारंग गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

'रश्मिरथी' का मंचन महाभारत के पात्र कर्ण के संघर्षपूर्ण जीवन, नैतिक दृढ़ता और आत्मसम्मान पर केंद्रित था। वर्ष 1952 में प्रकाशित यह खण्डकाव्य सात सर्गों में विभाजित है, जो कर्ण के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को दशार्ता है। नाटक में कर्ण को नैतिकता, मानवीय मूल्यों और कर्म की श्रेष्ठता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से दिनकर द्वारा उठाए गए सामाजिक और नैतिक प्रश्न प्रभावी ढंग से सामने आए। इसमें गुरु-शिष्य परंपरा, मातृत्व के विभिन्न रूप, धर्म-अधर्म, छल-प्रपंच और युद्ध के बीच मानवता की पहचान जैसे विषयों को दशार्या गया। नाटक का केंद्रीय संदेश था कि मनुष्य का मूल्यांकन उसके जन्म या वंश से नहीं, बल्कि उसके कर्म और आचरण से होना चाहिए। रश्मिरथी के माध्यम से दिनकर का राष्ट्रवादी दृष्टिकोण और दलित-मुक्ति चेतना भी स्पष्ट रूप से प्रस्तुत हुई। कर्ण का संघर्ष एक नई मानवता की स्थापना के प्रयास के रूप में मंच पर दिखाया गया।

**जब कर्ण गुस्से से हो गया लाल:** जब भरी सभा में कुल गोत्र का सवाल कर कर्ण को अपमानित किया जाता है तो कर्ण गुस्से से लाल हो उठता है। इधर दुर्योधन चाल चलते हुए कर्ण का साथ देता है। वह राजा बनाकर उसका अभिनंदन करता है। अब कर्ण कौरवों का मित्र और अपने ही भाइयों का शत्रु बन जाता है। इधर कुंती, पुत्र शत्रुता के वियोग में डूबी रहती है। इसके बाद कहानी का रुख कर्ण के अतीत की ओर जाता है। कर्ण तपस्वी परशुराम के आश्रम में रहकर युद्ध विद्या सीख रहा होता है। एक दिन परशुराम कर्ण की जांघों में शिर रखकर सो रहे होते हैं, तभी विषकीट कर्ण की जांघ काटने लगता है। गुरु की नींद न टूटे, इसलिए कर्ण अपनी जांघ नहीं हिलाता और दर्द सहता रहता है। घाव से निकले खून की वजह से परशुराम की नींद खुल जाती है। कर्ण की यह दशा देखकर परशुराम ने कहा- यह साहसभरा काम मात्र एक क्षत्रिय ही कर सकता है। और ब्राह्मण मानकर शिक्षा दे रहे कर्ण को श्राप दे देते हैं। कहानी फिर कृष्ण प्रसंग में आती है। दुर्योधन पांडवों को गांव देने के लिए तैयार नहीं होता। रास्ते में लौटते वक्त कृष्ण की मुलाकात कर्ण से होती है। कृष्ण कर्ण को दुर्योधन साथ छोड़ने के लिए कहते हैं। इधर इंद्र कर्ण से उसका कवच कुडल दान में मांगता है। कर्ण दान कर देता है। कर्ण को मारने के लिए पूर षड्यंत्र तैयार कर उसका वध अर्जुन के हाथों कृष्ण करा देते हैं। अंत में कृष्ण के नेतृत्व में कर्ण की अंतिम यात्रा निकाली जाती है।

# तनिष्का शर्मा के सिर सजा मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश का ताज

## कार्तिका मौर्या मिस टीन और गुर शरण कौर मिसेज उत्तर प्रदेश बनी



**लखनऊ।** क्वीनीफाइड इंक प्रा.लि. के तत्वावधान में कल देर रात इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्श ऑडिटोरियम में संपन्न हुए समारोह में तनिष्का शर्मा मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश-2026, कार्तिका मौर्या मिस टीन उत्तर प्रदेश और गुर शरण कौर मिसेज उत्तर प्रदेश-2026 चुनी गईं।

सुमधुर संगीत और इंद्रधनुषी लाइटों के बीच जब 38 प्रतिभागियों ने रैम्प पर कदम रखे, तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह सिर्फ एक ब्यूटी पेजेंट नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और प्रतिभा का एक शानदार मंच था। कार्यक्रम में पारंपरिक चिकनकारी से लेकर मॉडर्न गाउन्स तक, रैंप पर लखनऊ की संस्कृति और आधुनिक फैशन का अनोखा फ्यूजन दिखा। परिचय राउंड में प्रतिभागियों ने अपनी गरिमा और अनूठी शैली से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। बौद्धिक परीक्षण प्रश्न-उत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक सोच और तार्किक क्षमता से साबित किया कि वे 'ब्यूटी विद ब्रेन्स' का सटीक उदाहरण हैं। इसके अलावा शानदार कैटवॉक, आत्मविश्वास से भरे हर कदम ने ग्लैमर के नए मानक स्थापित किए। इस अवसर पर मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश-2026 की विजेता बनी लखनऊ की तनिष्का शर्मा, जबकि दिव्या गुप्ता फर्स्ट रनरअप और यशिता जीत सेकंड रनरअप रहीं। इसी प्रकार कार्तिका मौर्या मिस टीन उत्तर प्रदेश-2026 की विजेता बनी जबकि गौरी सिंह राजपूत फर्स्ट रनरअप रहीं। इसी क्रम में गुर शरण कौर मिसेज उत्तर प्रदेश-2026 की विजेता बनी, जबकि संजना श्रीवास्तव क्रमशः फर्स्ट रनरअप और पद्मा सिन्हा सेकंड रनरअप रहीं। विजयी सभी प्रतिभागियों को क्वीनीफाइड इंक प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापिका और प्रतियोगिता की राज्य निदेशक प्रीति यादव ने जीत का ताज पहनाया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश चंद्र, विशिष्ट अतिथि महक ढींगरा मिस चार्म इंडिया 2025, अपर्णा अहीर राव मिसेज यूनिवर्स साउथ ईस्ट एशिया 2025, डॉ. अनीता रंजन, मनिका विश्वकर्मा मिस यूनिवर्स इंडिया-2025, मिस्टर अमजद खान और अपेक्षा नागर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सिमरन आहूजा ने किया।

# शैक्षिक बाल फिल्में बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक : दया शंकर सिंह



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किये जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव के पाँचवे दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि दया शंकर सिंह, ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारी मिस यूनिवर्स इण्डिया सुश्री मणिका विश्वकर्मा, मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश सुश्री तनिष्का शर्मा एवं मिस चार्म इण्डिया सुश्री महक ढींगरा समारोह की गरिमा को बढ़ाया और छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि दया शंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षिक बाल फिल्में बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है और उन्हें देश व समाज के लिए कार्य करने को प्रेरित करती हैं। सी.एम.एस. की प्रशंसा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सी.एम.एस. ने शिक्षा जगत में लखनऊ को सम्मान दिलाया है और आज हर क्षेत्र में सी.एम.एस. के छात्र अग्रणी भूमिका में देश की सेवा कर रहे हैं।

# ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है : उमानन्द शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत टीआरसी लॉ कॉलेज के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं० श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 461वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विनय गुप्ता एवं सपना गुप्ता ने अपने प्रिय पुत्र अंगद गुप्ता के उज्वल भविष्य के लिए उपरोक्त संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया तथा संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किया। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। डॉ. नीलम गुप्ता, संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुजीत चतुर्वेदी ने भी अपने विचार व्याक्तर किये। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ अश्विनी कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, डॉ. नीलम गुप्ता, अध्यक्ष शासी निकाय, डॉ. सांस्कृतिक कार्यक्रम, डॉ. नवीन कुमार सिंह, शैक्षणिक समन्वयक सहित अन्य संकाय सदस्य तथा छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# पद्मा गिडवानी सहित कई विभूतियों को किया जायेगा सम्मानित

**लखनऊ।** पद्मजा कला संस्थान की सचिव एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक नृत्यांगना एवं गुरु डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव द्वारा शनिवार 11 अप्रैल को आयोजित परम्परा 2026 संगीत और नृत्य की एक शाम का आयोजन कैसरबाग स्थित कला मण्डपम्‌ प्रेक्षागृह में शाम छह बजे से किया जा रहा है। इस समारोह में लयकारी के तहत शुद्ध कथक नृत्य भी देखने को मिलेगा। मुख्य अतिथि के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार एवं शिक्षाविद पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह को आमंत्रित किया गया है। इस समारोह में वरिष्ठ गायिका पद्मा गिडवानी, प्रतिष्ठित तबला वादक पंडित रविनाथ मिश्रा लोकप्रिय कथक कलाकार डॉ. मीरा दीक्षित एवं मंजुला पंत सहित वरिष्ठ कवयित्री ज्योति सिन्हा का सम्मान भी किया जाएगा।

# परशुराम जयंती 19 को, विधि-विधान से होगी पूजा-अर्चना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** परशुराम जयंती भगवान विष्णु के छठे अवतार को समर्पित है। इस दिन परशुराम भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन परशुरामजी के भक्त उनकी पूजा करते हैं और व्रत भी रखते हैं। भगवान परशुरामजी से सुख समृद्धि की कामना भी करते हैं। वैसे तो परशुराम जी का जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ था। लेकिन, धर्म की रक्षा करने के लिए उन्होंने शस्त्र उठाएं थे, इसलिए धर्म से ब्राह्मण और कर्म से क्षत्रिय भी माने जाते हैं और इस संदर्भ में इनके जन्म की एक रोचक कथा भी है।

परशुराम जयंती वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है इसी दिन अक्षय तृतीया भी मनाने की परंपरा रही है। पंचांग की गणना के अनुसार, 19 अप्रैल रविवार के दिन सुबह में 10 बजकर 50 मिनट पर तृतीया तिथि का आरंभ होगा और 20 अप्रैल को सोमवार के दिन सुबह में 7 बजकर 28 मिनट पर तृतीया तिथि समाप्त हो जाएगी। 19 अप्रैल को तृतीया तिथि सुबह, दोपहर और शाम तीनों समय व्याप्त हो रही है। ऐसे में अक्षय तृतीया तिथि 19 तारीख को तीनों समय रहने के कारण परशुराम जयंती का पर्व 19 अप्रैल को ही मनाया जाएगा। वैसे शास्त्रों का मत है कि, भगवान परशुरामजी का जन्म वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि में प्रदोष काल में हुआ था। इसलिए जिस दिन प्रदोष काल में वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि व्याप्त हो उसी दिन परशुराम जंयती मानई जानी चाहिए। - वैशाख सिते पक्षे तृतीयां पुनर्वसौ। निशायाः प्रथमयामे समाख्याः समये हरिः।। इसी नियम के अनुसार इस साल 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन ही परशुराम जयंती मानाने का विधान बन रहा है।

**परशुराम जयंती की पूजा विधि:** इस दिन सुबह जल्दी उठकर पूजा करने का संकल्प लें। इसके बाद घर या मंदिर में भगवान परशुराम की प्रतिमा या चित्र को स्थापित करें। इसके बाद सबसे पहले परशुराम जी को तिलक लगाएं। अब अक्षत, फूल, और तुलसी अर्पित करें। अब परशुराम जी के मंत्रों का जप करें या भगवान विष्णु की स्तुति करें। अंत में परशुराम भगवान की आरती करें। इस दिन अक्षय तृतीया भी है तो जरुरतमंद लोगों को दान पुण्य भी करें तो आपको अक्षय पुण्य की प्राप्ति होगी।

**भगवान परशुराम को परशु किसने दिया था ?:** परशुराम जी ऋषि जमगग्नि के पुत्र हैं। उनके पुत्र होने के कारण ही उनका नाम जामदग्न्य भी है। वह भगवान शिव के शिष्य और उनके परम भक्त भी थे। परशुराम जी की योग्यता और भक्ति से प्रसन्न होकर ही भगवान शिव ने उन्हें विद्युदभि नाम का परशु दिया था। वह हमेशा ही अपने साथ परशु को रखा करते थे। इसलिए उनका नाम परशुराम के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-सुलतानपुर**

पता:-विकास भवन सुलतानपुर

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (तृतीय काल)

पत्रांक 24 /ग्रा.अ.वि./निविदा पत्रा./पत्रां.सं.-315/अनु.सहायक/2026-27 दिनांक-02.04.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सुलतानपुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ.प्र. में ए, बी, सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दशार्ये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, बिड् डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी.एस.टी. के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी.एस.टी. का भुगतान सरकार के निदेर्शानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1-कार्यो से सम्बंधित विवरण निम्नवत है:-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | बिड सिकुरिटि (इ.एम.डी.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रुपया में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| क्रिटिकल गैप्स योजना | | | | | | |
| 1 | सुलतानपुर | विकासखण्ड-भदैंया के अन्तर्गत उ.प्रा.वि. बरसड़ा की बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | 18.83 | 38000.00 | 854.00 | 120 दिवस |

2. वैब साइट पर बिड् डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः 13.04.2026 को दोपहर 12 बजे से।
3. बिड् डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समयः-15.04.2026 को प्रातः 10 बजे से।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि/समय 16.04.2026 को प्रातः 10 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समयः- 23.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-23.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे तक।
7. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई शपथपत्र मान्य नही होगा।
8 निविदा ऑनलाईन बेव साइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
9. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदा दाताओ को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड् डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करे।

सभी सम्मानित निविदादाता को सलाह है कि बिड् सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

(के.के. मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-सुलतानपुर
श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से।

UPID-249448 Date:09.04.2026 Website : www.upgov.nic.in

# नृत्य, सम्मान संग हुआ नाटक संग्रह 'कांच पर चलते लोग' का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** रूबरू फाउंडेशन द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित ड्रामा संग्रह कांच पर चलते लोग का भव्य लोकार्पण आज हिंदी संस्थान, हजरतगंज, लखनऊ में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री डॉ. अनिल कुमार रस्तोगी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में पुस्तक की संवेदनात्मक गहराई और समकालीन समाज से उसके सशक्त जुड़ाव पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जज जूही कुद्दूसी ने लेखक कवि शायर इरशाद राही की रचनात्मक दृष्टि की सराहना करते हुए कहा कि यह कृति समाज के उन यथार्थों को सामने लाती है, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं पूर्व निदेशक दूरदर्शन सुशील कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कांच पर चलते लोग पुस्तक रंगमंच और साहित्य के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती है। इस अवसर पर रूही रहमान, चित्र मोहन, पी. अनिल गुरुजी, ललित पोखरिया, राकेश वेद, सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ, अचला बोस और प्रभात बोस सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और पुस्तक की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद सूफियाना ग्रुप डांस ने माहौल को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। इसके उपरांत पुस्तक का औपचारिक विमोचन किया गया तथा पुस्तक के एक अंश पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसका निर्देशन नईम खान ने किया।

समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों—इस्लामिया डिग्री कॉलेज, खुन-खुन डिग्री कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज, करामत डिग्री कॉलेज एवं कालीचरण डिग्री कॉलेज—के विद्यार्थियों द्वारा डिजिटल युग में रंगमंच का महत्व विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शायरों और कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इससे पूर्व, संस्था के सचिव मोहम्मद अजहर हुसैन ने रूबरू फाउंडेशन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह संस्था हिंदी-उर्दू के रचनाकारों को एक साझा मंच प्रदान करती है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. वी.बी. पांडे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के पश्चात जलपान की भी व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर संयोजक डॉ. मसीहुद्दीन खान, सह-संयोजक नेहा परवीन, कोऑर्डिनेटर डॉ. तबस्सुम खान, स्वागत समिति के अध्यक्ष नयर बिसवानी, उपाध्यक्ष डॉ. वी.बी. पांडे, डॉ. मोहम्मद साद सिद्दीकी, शकील अहमद, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद हारिस, अदीबा हुसैन, आसमा हुसैन, सुबुर हसन एवं अनम हुसैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## आग लगने से गेहूं की फसल राख

**अमेठी।** जनपद मुंशीगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर ग्रामसभा नीलकंठपुर दुआरा गाँव में बिजली की शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग जाने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन सूचना देने के बाद भी मौके पर फायर ब्रिगेड प्रशासन बचाव कार्य के लिए नहीं पहुँच पाई। राज बहादुर तिवारी,सत्य प्रकाश पाण्डेय, जय प्रकाश पाण्डेय,करुणा शंकर पाण्डेय, उमाशंकर पाण्डेय, राजाराम, अजय पवन पाण्डेय दुर्गा प्रसाद,संजय तिवारी, पवन आदि कई किसानों की फसल जलकर खाक हो गयी।

## बम से हमला करने के आरोपित को जमानत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बम से हमला करने के मामले में जेल में निरुद्ध बंधुआकला थाने के हरदो दाउदपुर गांव के विष्णु प्रभाकर मिश्र उर्फ अमन को कोर्ट से जमानत मिल गई है। जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद आरोपित को जमानत दे दी है। बबुरी अलीगंज निवासी आरती सिंह पत्नी करमजीत सिंह ने बीते 25 फरवरी को विष्णु प्रभाकर मिश्र उर्फ अमन, आशीष पांडेय, ध्रुव तिवारी, उज्ज्वल सिंह व तीन अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि आरोपितों ने बम से जानलेवा हमला किया था।

## चौपाल में जनता ने रखीं समस्याएं

**नसीराबाद, रायबरेली।** गांव की समस्या का समाधान गांव में ही हो, आम जनता को अपनी बात शासन तक पहुंचाने के लिए दौड़ भाग न करनी पड़े,इसी उद्देश्य से शासन ने शुक्रवार को हर ब्लॉक की दो गांव पंचायतों में चैपाल लगाने का आदेश जारी किया है।शुक्रवार को विकास खण्ड छतोह की ग्राम पंचायत भेलिया के पंचायत भवन में आयोजित की गई चैपाल में सैकड़ों ग्रामवासी एकत्र हुए। ग्राम प्रधान रमजान खां की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई बैठक में ग्राम सचिव राजेश कुमार यादव ने लघुसिंचाई, पंचायत, ग्राम्य विकास, मनरेगा, वृद्धावस्था विधवा और विकलांग पेंशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और लोगों के प्रश्नों का उत्तर दिया।

## व्यापारियों का हुआ सम्मान

**लालगंज, रायबरेली।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष और जिला प्रभारी विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में समाज सेवा के साथ-साथ संगठन की मदद करने वाले भामाशाह व्यापारियों को सम्मानित करने का सराहनीय आयोजन कियागया। व्यापार मंडल के संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला और नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा की टीम ने सभी व्यापारियों का बहुत ही आदर पूर्वक सम्मानकिया और बताया कि व्यापार मंडल लालगंज द्वारा गुरुवार को उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों का सम्मान समारोह चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज के सभागार में आयोजित किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी समाज की रीढ़ हैं। पूर्व के कोरोना काल में जरूरतमंदों की मदद और त्योहारों पर बाजार को सजाने में व्यापारियों की भूमिका सराहनीय रही है। सम्मान स्वरूप व्यापारियों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद सलीम उर्फ बल्ले बहू रूबीना बानो के आचरण व्यवहार से काफी दुखी हूं, मेरे पुत्र मोहम्मद सलीम उर्फ बल्ले, बहू रूबीना बानो मारते-पीटते और गाली गलौज करते है। मैं बूढ़ा व्यक्ति हूं, और बीमार रहता हूं। मेरे द्वारा काफी समझाने पर भी उनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। इसलिए आज दिनांक 31-03-2026 को खूब सोच समझकर कर बिना किसी जोर दबाव के अपने पुत्र मोहम्मद सलीम उर्फ बल्ले और बहू रूबीना बानो को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद से उनके द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन वाद-विवाद व अनुचित कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा या मेरे परिवार का उनसे कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **कल्लू कुरैशी उम्र 56 वर्ष लगभग पुत्र मोहम्मद सहादत निवासी कजियाना नगर पंचायत वार्ड नंबर 07 परशदेपुर थाना डीह, जिला रायबरेली।**

# डलमऊ में स्कूल चलो अभियान का शंखनाद

● रैली से गूंजा कस्बा, उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान



**डलमऊ।** शैक्षिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के साथ विकासखंड डलमऊ में शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के तहत एक भव्य समन्वय बैठक एवं विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करते हुए अभिभावकों और विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ने का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरांत उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में शामिल स्कूली बच्चों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ह्लआधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगेह्व जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ पूरे कस्बे में शिक्षा का संदेश फैलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री गौड़ एवं खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन अनिवार्य रूप से सरकारी विद्यालयों में कराएं, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा का लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों का सम्मान रहा। सत्र में सर्वाधिक नामांकन सुनिश्चित करने वाले पांच विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों को मंच पर सम्मानित किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री शैलेश यादव, जूनियर हाई स्कूल संघ के महामंत्री सियाराम सोनकर, प्राथमिक शिक्षक संघ डलमऊ की अध्यक्ष अनीता मौर्या, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह एवं अटेवा के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा को समाज के विकास की आधारशिला बताया और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली

**रायबरेली।** विकास क्षेत्र दीनशाह गौरा में खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का मुख्य उद्देय आमजनमानस को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। रैली के मुख्य अतिथि बीडीओ दीनशाह गौरा अशोक सचान ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बीइओ सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक बच्चों का विधालयों में नामांकन सुनिश्चित करना, उनकी नियमित उपस्थिति बनाए रखना, ड्राप आउट रेट को कम करना और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था। ब्लॉक संसाधन केंद्र से शुरू हुई यह रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षक हाथों में बैनर और तख्तियां लिए ह्यस्कूल चलें हम, सब पढ़ें सब बढ़ें हर बच्चा स्कूल जाए जैसे नारे लगा रहे थे। उत्तर प्रदेशीय प्रा.शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेश पांडे ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विधालय भेजकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने की बात कही। एसआरजी सुनील यादव ने स्कूल चलो अभियानग के विस्तृत वर्णन किया। इस अवसर पर शिक्षक अखिलेश कुमार, हृकेश यादव, धर्मेंद्र सिंह, उमेश त्रिवेदी, जंग बहादुर, उमेश वर्मा, सर्वेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, मनीष दीक्षित, संतोष आनंद, बृजेन्द्र सिंह आदि समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिना मान्यता के चल रहे विद्यालय

**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद में स्कूल चलो अभियान के बीच संचालित अमान्य विद्यालय मुख्यमंत्री और शासन की मंशा पर पानी फेर रहे हैं जबकि शासन का आदेश है कि बिना मान्यता के शिक्षण कार्य संभव नहीं है। जनपद में शासन की ओर से अमान्य विद्यालयों को बंद कराने के साथ स्कूल चलो अभियान को शत-प्रतिशत सफल करने के निर्देश दिए गए हैं। विगत दिनों बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने गौरीगंज विकास खंड में एक अमान्य स्कूल को बंद कराया था, अन्य विकास खंडों में अभी इस दिशा में कोई काम शुरू नहीं हुआ है। विकास खण्ड गौरीगंज - मुसाफिरखाना मार्ग पर बिना मान्यता के विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। विद्यालय परिसर में खेल का मैदान भी नहीं है फिर भी विद्यालय का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो स्कूल के टीचर गांवों में जाकर विद्यालय में सभी प्रकार की सुविधाएं है गुमराह कर बच्चों का दाखिला करवा रहे जबकि सच्चाई मानक के विपरीत है। इस सम्बन्ध में खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि एसपी पब्लिक स्कूल के प्रबंधन द्वारा आनलाइन आवेदन किया गया है बीएसए,साहब विद्यालय का निरीक्षण किया है मानक विहीन होने पर विद्यालय संचालन पर रोक लगा दी जाएगी।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, पूरे बाबू में उमड़ा आस्था का सैलाब



**जायस (अमेठी)।** तिलोई क्षेत्र के ग्राम पूरे बाबू ( जनापुर ) में आज भक्ति और आस्था का भव्य नजारा देखने को मिला सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह पूरे बाबू से निकली कलश यात्रा सैमबसी तक पहुंची यात्रा में सैकड़ों चार पहिया व दो पहिया वाहन शामिल रहे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी ढोल-नगाड़ों डीजे के साथ राधे-राधे के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मुख्य यजमान शशि प्रताप सिंह ने अपनी धर्मपत्नी के साथ सिर पर कलश धारण कर यात्रा का नेतृत्व किया पीत वस्त्रों में सजी सैकड़ों महिलाओं ने कलश लेकर पदयात्रा की सभी ने क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की अयोध्या से पधारे कथा व्यास पंडित राजकुमार मिश्रा महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगी। 16 अप्रैल को पूणार्हुति और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा आयोजन में शेष प्रताप सिंह, प्रधान अरुण प्रताप सिंह, विपुल सिह दीपक सिह ,अतुल सिह, दिनेश सिंह, राम प्रताप सिंह समेत समस्त आसपास के भक्तगण ग्रामवासी मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस व प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

## कल्याणपुर गोलीकांड में पूर्व मंत्री समेत तीन की जमानत पर सुनवाई टली

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखंडनगर थाने के कल्याणपुर गांव में हुए गोलीकांड के चर्चित मामले में जेल में निरुद्ध पूर्व मंत्री राणा अजीत सिंह, उनके पुत्र अभिजीत प्रताप सिंह व आरोपित विक्कू सिंह उर्फ शिवा सिंह की जमानत अर्जी अर्जी शुक्रवार को पुलिस प्रपत्र न आने से सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि जिला जज सुनील कुमार ने जमानत पर सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तिथि तय की है। अखंडनगर थाने के कल्याणपुर गांव के जिलाजीत यादव ने बीते 15 मार्च को मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि रतनपुर मैरवा निवासी पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत सिंह समेत अन्य आरोपितों ने लाठी, डंडा व असलहे से लैस होकर जानलेवा हमला कर दिया था। घटना में वादी पक्ष के कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने पूर्व मंत्री समेत कई आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## एसआईआर में 102211 मतदाता बढ़े

**रायबरेली ।** जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन आधिकारिक रूप से कर दिया गया है। एक जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए जारी की गई इस नई सूची में लोकतंत्र की एक सशक्त तस्वीर उभर कर सामने आई है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जनपद में मतदाताओं की कुल संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि प्रदेष स्तर पर मतदाताओं की संख्या में दो लाख से अधिक की कमी आई है।।ताजा आंकड़ों के मुताबिक रायबरेली जनपद में अब कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 18,87,398 हो गई है। गौरतलब है कि आलेख्य प्रकाशन ( 6 जनवरी 2026 ) के समय यह संख्या 17,85,187 थी। इस पुनरीक्षण अभियान के दौरान कुल 98,302 नए मतदाता जोड़े गए हैं। पुरुष मतदाता- 10,14,928, महिला मतदाता- 8,72,445।

● **जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन में बढे मतदाता**

इस बार के पुनरीक्षण की सबसे बड़ी उपलब्धि 18 से 19 वर्ष के नए मतदाताओं का पंजीकरण रही। जिले में फर्स्ट टाइम वोटर्स ( 18-19 आयु वर्ग ) की संख्या अब 20,692 हो गई है, जो पहले मात्र 4,101 थी। इसके साथ ही ह्यएज कोहार्टह्न भी 0.23 से बढ़कर 1.10 पर पहुंच गया है। सामाजिक संतुलन के लिहाज से भी आंकड़े उत्साहजनक हैं। जिले का जेंडर रेशियो ( लिंगानुपात ) 852 से सुधरकर 860 हो गया है, जबकि ईपी रेशियो 50.35 से बढ़कर 53.74 तक पहुंच गया है। जनपद की छह विधानसभाओं में रायबरेली सदर 3,24,344 मतदाता हैं, जहाँ जेंडर रेशियो भी सर्वाधिक ( 883 ) है। वहीं, सरेनी में मतदाताओं की संख्या 3,26,938 दर्ज की गई है। बछरावां में 303326 मतदाता, हरचंदपुर में 302160, सलोन में316354 और ऊंचाहार में 314276 मतदाताओं की संख्या हो गयी है। ?जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में पारदर्शिता के साथ यह सूची तैयार की गई है, ताकि आगामी चुनावों में हर पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

# डीएम ने किया विकास भवन के उच्चीकरण और महात्मा गांधी सभागार का लोकार्पण



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आज विकास भवन स्थित उच्चीकृत महात्मा गांधी सभागार का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभागार के आधुनिकीकरण एवं उच्चीकरण हेतु कराए गए कार्यों का अवलोकन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के सुसज्जित एवं आधुनिक सभागार प्रशासनिक कार्यों के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा जनसुनवाई से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि कर्मचारियों को कार्य करने के लिए अच्छा माहौल उपलब्ध कराया जाए तथा एक बेहतर कार्य संस्कृति का विकास किया जाए जिसके लिए समेकित प्रयास किया और सभी अधिकारियों का अपेक्षित सहयोग प्राप्त हुआ। सभी ने रुचि लेकर अपने कार्यालय को साफ सुथरा व बेहतर बनाने का प्रयास किया और बेहतर बनाया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया।

## विधानसभा निर्वाचक नामावली प्रकाशित जिले में 16.79 लाख मतदाता वैध

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले में विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण ( एसआईआर ) के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ) गौरव शुक्ला ने बताया कि यह सूची राजनीतिक दलों की उपस्थिति में जारी की गई। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ के माध्यम से सूची उपलब्ध कराई जा रही है, वहीं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इसकी हार्ड और सॉफ्ट कॉपी भी सौंपी गई है। जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 16,79,178 मतदाता वैध पाए गए हैं, जिनमें 9,03,173 पुरुष, 7,75,970 महिला और 35 तृतीय जेंडर के मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों में 184 जगदीशपुर ( आंशिक ) में 45,869, इसौली में 3,15,878, सुलतानपुर में 3,20,828, सदर में 3,11,984, लंभुआ में 3,39,126 और कादीपुर में 3,45,493 मतदाता दर्ज किए गए हैं। प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची का अवलोकन करने और किसी त्रुटि की स्थिति में समय रहते सुधार कराने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके लिए विशेष अभियान चलाया गया था।

# चरित्र एक सर्वोत्तम संपदा है : समर बहादुर



**अमेठी।** शांतिकुंज हरिद्वार से निकली ज्योति कलश यात्रा शुक्रवार सुबह बहोरापुर से निकलकर शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी पहुंचने पर अध्यापकों, विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य दिग्विजय सिंह ने पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत अमेठी नगर के अनेकों स्थानों पर शक्ति कलश का लोगों ने पूजन किया।

शांतिकुंज हरिद्वार से निकले शक्ति कलश की जगह जगह पूजा अर्चना की जा रही है। टोली नायक समर बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चरित्र एक सर्वोत्तम संपदा है। चरित्र की महत्ता पैसे से कहीं बढ़कर है। सच्चरित्रता अपने में एक महान गुण है, इसका तात्पर्य विशिष्टताओं से होता है जिससे मनुष्य में शालीनता , विनम्रता, आज्ञाकारिता, सरलता, सहनशीलता जैसे सद्गुण विकसित होते हैं। यह गुण जिसके पास होते हैं उसे सदाचारी कहा जाता है। व्यक्तित्व का समग्र विकास इन्हीं गुणों के आधार पर हो पाता है। सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, झांसी की रानी,चन्द्रशेखर आजाद, विवेकानन्द जैसे महान व्यक्तित्व धारियों का उदाहरण देते हुए बच्चों को उनके उन्नत व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। अगले चरण में कलश यात्रा केशव नगर पहुंची जहां लाल अशोक सिंह के नेतृत्व में डॉक्टर ओम शिव पांडे शांति देवी सहित सैकड़ो लोगों ने पूजन किया। अंतू रोड पर सूर्य नगर मोड़ पर अशोक कुमार बरनवाल के नेतृत्व में पूजन अर्चन संपन्न हुआ। कलश यात्रा अगले चरण में सेपियन स्कूल अमेठी पहुंची जहां प्रधानाचार्य देवमणि उपाध्याय ने विद्यार्थियों, शिक्षकों के साथ श्रद्धापूर्वक नमन वंदन किया। शक्ति कलश का विधिवत पूजन किया गया ।टोली नायक समर बहादुर सिंह ने बताया कि यह ज्योति कलश यात्रा ऐसे व्यक्तित्व की तलाश में है जो मानवता की रक्षा के लिए अग्रसर हो सकें। ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण शांतिकुंज की कार्यशाला में सतत किया जा रहा है। गायत्री महामंत्र का जप करते हुए आचार विचार, दैनिक नियमित दिनचर्या ,स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां को करते हुए अध्यात्म पथ का पथिक बन हम उच्चता की स्थिति में अपने को पहुंचा सकते हैं क्योंकि मानव में ही महा मानव, देव मानव बनने की पूरी संभावना है वहां से निकलकर देवी पाटन मंदिरपर पूजन अर्चन के बाद राजेश मसाला के आवास पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि उनकी धर्मपत्नी चंद्रमा देवी ने सपरिवार सैकड़ो लोगों संग पूजन अर्चन कर शांतिकुंज की टोली का स्वागत किया ।आगे बढ़ते हुए राजीव गांधी चौक सब्जी मंडी मॉड चौक अमेठी हनुमानगढ़ तहसील तिराहा राजेश तिराहा अंबेडकर चौक पर लोगों ने स्वागत वंदन अभिनंदन किया गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पहुंचने पर परिव्राजाक इंद्रदेव शर्मा, संगीता शर्मा कविता ,सविता, पवन प्रकाश मिश्रा ,राधेश्याम तिवारी ,राम बहादुर पांडे ,सुनील श्रीवास्तव रमाकांत मिश्रा, मगनलाल कौशल ने श्रद्धापूर्वक ज्योति कलश यात्रा का पूजन अर्चन माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

## न्यू स्टैंडर्ड के विद्यार्थियों ने स्थापित किया पुनः नया कीर्तिमान

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के छात्रों की सफलता का दौर निरंतर चल रहा है यह विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल की अंजली श्रीवास्तव( सहायक कमिश्नर, जीएसटी ), रैंसी गुप्ता (सहायक समीक्षा अधिकारी ) एवं सुभाष गुप्ता ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में कार्यालय अधीक्षक( इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन उपलब्धियों पर विद्यालय प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति ,राजीव कुमार सिंह एवं तारकेश्वर सिंह के साथ सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## केएनआई कॉलेज में शोध व नवाचार पर आधारित दो पुस्तकों का विमोचन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनआई कॉलेज के व्यवसाय प्रशासन विभाग में शुक्रवार को सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपक कुमार द्वारा लिखित दो पुस्तक रिसर्च मेथडोलॉजी तथा एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन इन टेक्नोलॉजी का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शक्ति सिंह एवं विभागाध्यक्ष प्रो. इंदरजीत कौर ने संयुक्त रूप से पुस्तकों का विमोचन किया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने डॉ. दीपक कुमार की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उनके कार्य की सराहना की। प्राचार्य प्रो. शक्ति सिंह ने कहा ये पुस्तकें विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगी और उच्च शिक्षा तथा शोध के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेंगी। वहीं विभागाध्यक्ष प्रो. इंदरजीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक प्रयास संस्थान की प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करते हैं। डॉ. दीपक कुमार ने बताया इन पुस्तकों का उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध पद्धति और तकनीकी उद्यमिता के क्षेत्र में व्यावहारिक एवं आधुनिक ज्ञान उपलब्ध कराना है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें।

## होम्योपैथिक शिविर में मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर कादीपुर तहसील परिसर में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कादीपुर स्थित होम्योक्लीनिक व रिसर्च सेन्टर के चिकित्सक डा. डीके तिवारी ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निःशुल्क दवाई भी वितरित की। शिविर का शुभारंभ बार एसो. अध्यक्ष एवं सचिव मंगला तिवारी, एसडीएम उत्तम तिवारी व सीओ विनय कुमार गौतम ने किया। शिविर में मौजूद अधिवक्ताओं एवं लोगों को होम्योपैथिक के प्रति जागरूक करते हुए डा. डीके तिवारी ने बताया कि समय के साथ होम्योपैथी दवाओं की विश्वसनीयता,



प्रमाणिकता एवं स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। पूरी दुनिया में दूसरे नंबर पर उपयोग में लाई जाने वाली चिकित्सा पद्धति होम्यापैथी है। इसमें दवाएं सर्वसुलभ सस्ती एवं बिना साइड इफेक्ट के लोगों को बिमारियों से लाभ प्रदान करती हैं। शिविर में 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित की गई। इस मौके पर डा. शेषमणि वर्मा, होम्यो फार्मा के एमआर विपिन तिवारी, अंकुश दूबे, एडवोकेट विकास तिवारी, मनोज पांडेय, बब्लू यादव, दिलीप तिवारी, दीपक पाल, नीरज तिवारी, मनीष तिवारी, प्रांजल पांडेय, क्षितिज आदि मौजूद रहे।

# यादुवेंद्र बने यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसो. के अध्यक्ष

● **अध्यक्ष समेत संगठन की टीम निर्विरोध निर्वाचित**




**रायबरेली।** यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन रायबरेली का द्विवार्षिक अधिवेशन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती कर्मचारियों को हक दिलाने का काम करता है और मजबूत संगठन विभाग की धुरी होता है । डायट प्राचार्य दीपिका चतुर्वेदी ने कहा कि संघर्षों की बदौलत की नीतियों में सुधार होता है और नीतियों से ही कर्मचारियों को उनकी सेवाओं का लाभ मिलता है जिसके लिए संगठन परम आवश्यक है ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने कहा कि संगठन का लाभ छोटे बड़े सभी कर्मचारियों को भी मिलता है एकता में शक्ति होती है । संगठन के पदाधिकारी को शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाने का कार्य करना संगठन का दायित्व है । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । संगठन के लखनऊ के पदाधिकारियों में लखनऊ जनपद के अध्यक्ष लोकेश गुप्ता पर्यवेक्षक अवधेश कुमार प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय पाल मण्डलीय अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से संगठन के प्रति अपने विचार व्यक्त किए ।

द्विवार्षिक अधिवेशन में निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार बाजपेयी तथा डॉ महेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे चुनाव सम्पन्न कराया गया जिसमें यादवेन्द्र प्रताप सिंह राजकीय हाई स्कूल सनही को अध्यक्ष, संतोष यादव कार्यालय जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली को उपाध्यक्ष, असद अख़्तर राजकीय बालिका हाई स्कूल हरियावा को सचिव, जयप्रकाश दुबे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज डीह को कोषाध्यक्ष, महामानकेश्वर प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालगंज को आडिटर पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। वहीं संगठन द्वारा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री सीएम श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सिंह, रवींद्र श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष वी एस सक्सेना, प्रधानाचार्य डॉ रजनीश तिवारी, रत्नेश श्रीवास्तव, डॉ महेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार मिश्र, राजीव कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक त्रिपाठी, शिवशंकर, जयसिंह, सुमन सिंह, सुनीता सिंह आदि को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इसी क्रम में सेवानिवृत आशा लिपिक संवर्ग के लोगों का सम्मान अवधेश तिवारी राम सारा चैधरी राम सुमेर यादव सतीश गुप्ता केवल पति श्याम सुंदर सिंह राठौर का सम्मान किया गया कार्यक्रम के आभार व्यक्त करते हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन सदैव अपने भाइयों की हक की लड़ाई लड़ेगा और हमारा संगठन ही हमारी ताकत है । उन्होने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

इस मौके पर श्याम सुंदर सिंह, जितेन्द्र सिंह, राकेश तिवारी, राजेन्द्र उपाध्याय, धर्मेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार, पूर्व मंत्री सुशील सिंह, जयेन्दु मिश्र, अनिल कुमार मिश्र , आकांक्षा सिंह, विनोद मिश्र, जितेन्द्र कुमार मिश्रा, शिवहर्ष, दिनेश कुमार, रचना श्रीवास्तव, रेनू भारती, रष्मि, कुलदीप सिंह, भाष्कर कुमार, हिमांशु वर्मा, सतीश कुमार, दिनेश कुमार आदि सैकड़ों प्रधान सहायक वरिष्ठ सहायक कर्मचारी गण उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनीता सिंह तथा संचालन नोडल संस्कृत हरीशानंद मिश्र ने किया।

संक्षेप

## अचानक लगी आग से 10 बीघा गेहूं की फसल हुई राख

**मथुरा।** गोवर्धन में शुक्रवार दोपहर खेत में अचानक आग लगने से किसान राजकुमार की करीब 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। यह घटना उस समय हुई जब फसल पूरी तरह पक चुकी थी और अगले कुछ दिनों में उसकी कटाई शुरू होने वाली थी। अचानक लगी आग ने किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि धुआं दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। पास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत राजकुमार को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही राजकुमार मौके पर पहुंचे और आसपास के किसानों व स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। सभी ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था और लगभग 10 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। किसान ने बताया कि इस हादसे से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, क्योंकि पूरी फसल तैयार थी और कटाई के लिए बस कुछ दिन ही बाकी थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## 3 मई को निकलेगी भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

**मथुरा।** श्रीजी बाबा आश्रम में शुक्रवार को भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान भगवान परशुराम शोभायात्रा के कार्ड का विमोचन भी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को चैक बाजार स्थित गांधी पार्क के लक्ष्मीदास हॉल में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव प्रातः 10 बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके पश्चात 3 मई (रविवार) को शाम 5 बजे भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा बाटी वाली कुंजी से प्रारंभ होकर लाल दरवाजा, चैक बाजार, डोरी बाजार, स्वामी घाट, विश्राम घाट, होली गेट, भरतपुर गेट, घीया मंडी, मंडी रामदास होते हुए डीगेट के पास संपन्न होगी। राष्ट्रीय महामंत्री बंसीलाल शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा के अवसर पर पूरे शहर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा, जिससे पूरे शहर में उत्सव का माहौल रहेगा। बैठक का संचालन ललित स्वामी ने किया। इस अवसर पर के.के. शर्मा, गौरव कांत शर्मा, गजेंद्र शर्मा, लब्बू पंडित, संजय हरियाणा, श्याम शर्मा, अर्जुन पंडित, आशीष शर्मा, राजा दीक्षित, अजय शर्मा लाला, सुनील गौड़, अखिलेश गौड़, ओपी उपाध्याय, विनोद दीक्षित, ललित मोहन शर्मा, राहुल शर्मा, राजवीर दीक्षित, दीपक कौशिक, पिंकी द्विवेदी, गुंजन शर्मा, रामदास आचार्य, वृषभान गोस्वामी, संजय पाराशर, अभिषेक शर्मा, रुचि द्विवेदी, राजीव राजपाठक गुड्डा, मुकेश शास्त्री, सीमा शर्मा, पवन दुबे, आचार्य निर्मल, विवेक शर्मा, नरेश शर्मा बब्बू, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# ब्रज लोक कला मंडल ने आयोजित की निःशुल्क ब्रज-सांस्कृतिक कार्यशाला



**मथुरा।** ब्रज की पावन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने एवं विद्यालयी बालक-बालिकाओं में संस्कार, कला एवं आत्मविश्वास के समग्र विकास हेतु ब्रज लोक कला मण्डल, मथुरा द्वारा गोवर्धन क्षेत्र में निःशुल्क ब्रज-सांस्कृतिक कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया है। संस्था के अध्यक्ष पं.दीपक शर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला 15 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन उच्च प्राथमिक विद्यालय, मुखराई एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, जमुनावता सहित गोवर्धन क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में किया जा रहा है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इसका लाभ उठा रहे हैं। कार्यशाला में बच्चों को ब्रज की पावन लोक कलाएं, मधुर संगीत, भावपूर्ण नृत्य एवं समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का सजीव एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बालक-बालिका के अंतर्मन में संस्कारों का संचार करना, उनकी प्रतिभाओं को निखारना तथा उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। संस्था के संरक्षक श्री किशन चतुर्वेदी का मार्गदर्शन इस कार्यशाला की प्रेरणा और आधारशिला है। अपने प्रेरणादायक संदेश में उन्होंने कहा, बालानां संस्कारः, राष्ट्रस्य आधारः॥ अर्थात बच्चों में संस्कार का विकास ही एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की नींव है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रज की संस्कृति केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य को दिशा देने वाली जीवनशैली है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला का संचालन पं. दीपक शर्मा एवं जागृति पाल के कुशल निर्देशन में किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ने कहा कि ब्रज केवल एक भूमि नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और सनातन परंपराओं का जीवंत स्वरूप है। नई पीढ़ी को यदि अपनी जड़ों से जोड़ना है, तो उन्हें ब्रज की लोक कला, संगीत और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है। हमारा यह प्रयास बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास एवं संस्कृति के प्रति प्रेम जागृत करने का एक विनम्र संकल्प है। संस्कारवान बालक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं। कार्यशाला में सभी विद्यालयों के बालक-बालिकाओं को प्रवेश निशुल्क दिया जा रहा है। संस्था की ओर से अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को इस सांस्कृतिक पहल से जोड़ें, जिससे वे ब्रज की गौरवशाली परंपरा से प्रेरणा लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

## डीएम ने उपलब्ध करायी राजनैतिक दलों को अंतिम मतदाता सूची

**मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने आज समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई। बसपा, भाजपा, इंडियन नेशनल कांग्रेस, सपा, आप एवं कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची उपलब्ध कराई। डीएम ने 10 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक की, जिसमें जनपद में सक्रिय 6 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों यथा आप के जिलाध्यक्ष भगत सिंह, बसपा के जिला सचिव मुनेन्द्र सिंह निगम, भाजपा के जिला महामंत्री अमन ठाकुर, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) के जिला सचिव टीकेन्द्र सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बलवीर सिंह धनगर एवं सपा के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव उपस्थित रहे। बैठक में डीएम ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जनपद के 05 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अन्तिम मतदाता सूची की हार्ड कॉपी व सॉफ्ट कॉपी (डीवीडी) उपलब्ध कराई। डीएम ने अवगत कराया है कि आलेख्य मतदाता सूची के सापेक्ष अन्तिम मतदाता सूची में कुल 109458 मतदाताओं में वृद्धि हुई है, जिसमें पुरुष मतदाताओं में वृद्धि 57902, महिला मतदाताओं में वृद्धि 51550 तृतीय लिंग मतदाताओं में वृद्धि 6, 18-19 आयु वर्ग मतदाताओं में वृद्धि 21967 व जेंडर रेशियों में वृद्धि 4 की हुई है।



## सीताराम गौशाला में सजा दिव्य दरबा, कथा के साथ काले कंबल वाले बाबा ने किया रोगों का उपचार

**मथुरा।** दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे स्थित जीएलए यूनिवर्सिटी के सामने सीताराम गौशाला अवध सरकार धाम में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। धाम में आयोजित दिव्य दरबार के दौरान जहाँ एक ओर श्रद्धालु भागवत कथा के रसपान में डूबे नजर आए, वहीं दूसरी ओर असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों का उपचार किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण व्यासपीठ से पधारे अवधेश शास्त्री महाराज रहे। महाराज श्री ने अपनी ओजस्वी वाणी से भक्तराज परीक्षित के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा परीक्षित ने अपने अंतिम समय में श्रीमद्भागवत कथा का आश्रय लेकर मोक्ष प्राप्त किया। कथा के दौरान पंडाल राधे-राधे के उद्घोष से गुंजायमान रहा इस दिव्य दरबार की विशेष बात काले कंबल वाले बाबा की उपस्थिति रही। शिविर में दूर-दराज से आए सैकड़ों मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा ने अपनी विशिष्ट पद्धति से लकवा, गठिया एवं जोड़ों का दर्द, पुरानी चोट एवं हड्डी संबंधी रोग आदि का इलाज किया। सीताराम गौशाला अवध सरकार धाम के सेवादारों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गौ सेवा के साथ-साथ जनमानस को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ना और पीड़ित मानवता की सेवा करना है। अकबरपुर निवासी मुख्य यजमान स्वामी दयाल सिसोदिया, संयोजक धर्मवीर सिंह, जसपाल सिंह, डॉक्टर विनोद कुमार, मलखान सिंह फौजी, राहुल एडवोकेट, पंडित मदन मोहन आदि उपस्थित रहे।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गयी

**फिरोजाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया, डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों भाजपा सपा कांग्रेस, बसपा आप सीपीआईएम आदि के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंतिम मतदाता सूची का विधिवत प्रकाशन किया गया, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रकाशित निर्वाचक नामावली की एक प्रति फोटो युक्त हार्ड कॉपी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई, पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं विशेष कर युवाओं व महिलाओं के नाम जोड़ने पर विशेष बल दिया गया है, आम जनमानस की सुविधा के लिए यह सूची संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, तहसील मुख्यालयों और जनपद की



आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है, विधानसभा निर्वाचक नामावलियो का अंतिम प्रकाशन का विमोचन जिला निर्वाचन अधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हुआ, जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि सभी नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य चेक कर लें, हमारा लक्ष्य कोई भी मतदाता न छूटे के संकल्प को पूर्ण करना है। इस दौरान सीपीआईएम के जिला महासचिव नवल सिंह एडवोकेट बसपा के प्रतिनिधि प्रभारी विधानसभा टूंडला अखिलेश कुमार जिला उपाध्यक्ष सपा डॉ विजय आर्य जिला महासचिव कांग्रेस शैलेंद्र शर्मा, सीपीआईएम के जिला सचिव फिरोजाबाद सोमेश कुमार चक, सीपीआईआईएम के जिला मंडल सदस्य भूरी सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष आप निर्मल कुमार जिला अध्यक्ष उदय प्रताप जिला उपाध्यक्ष बीजेपी शिव शंकर शर्मा एसडीएम सिरसागंज धर्मवीर भारती, एसडीएम जसराना राजेश कुमार शुक्ला एसडीएम टूंडला अंकित वर्मा एसडीएम शिकोहाबाद डॉ. गजेंद्र पाल सिंह सहित संबंधित आदि उपस्थित रहे।

# सफलता के मंत्रों से गूंजा सीएसआरवी विद्या आश्रम

- मिट्टी से उठे सपने बने मिसाल
- गांव की प्रतिभाओं ने रचा इतिहास



**मथुरा।** चौमुहाँ क्षेत्र के सीएसआरवी विद्या आश्रम में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले युवाओं का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सफल अभ्यर्थियों से कॅरियर की बारीकियों को समझा और अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं। समारोह में मुख्य रूप से पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमिश्नर बनीं जैत निवासी अनुराधा, तहसीलदार पद पर चयनित राल निवासी वरुण कुमार, सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर बने धनगांव निवासी पारस, नायब तहसीलदार के पद पर चयनित जमालपुर निवासी मनीष कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर तेजपाल सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। आयोजकों ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बांके बिहारी की प्रतिमा भेंट की और माला व साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। सफल अभ्यर्थियों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा किए। अनुराधा ने कहा कि लक्ष्य ऊंचा रखें और उसे पाने के लिए मेहनत में कोई कमी न छोड़ें। वहीं वरुण कुमार ने बताया कि असफलता से डरने के बजाय उससे सीख लेना ही असली जीत है। मनीष और पारस ने भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स साझा करते हुए अनुशासित पढ़ाई पर जोर दिया। इस दौरान छात्राओं ने कॅरियर और भविष्य की चुनौतियों को लेकर कई प्रश्न किए, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया आयोजक गिर्राज सिंह ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की प्रतिभाएं आज ऊंचे मुकाम हासिल कर रही हैं। इन युवाओं की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। हमारा उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा देना है। ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने कहा आज के दौर में सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है। इन होनहारों ने साबित कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो संसाधन बाधा नहीं बनते। संस्थान भविष्य में भी ऐसी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता रहेगा। शिक्षाविद रमेश प्रताप सिंह ने कहा यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। प्रशासनिक सेवाओं में हमारे युवाओं का चयन यह दशार्ता है कि स्थानीय स्तर पर भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सभी सफल अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। प्रबंध निदेशक मानवेंद्र, कोषाध्यक्ष सिंह, प्रधानाचार्य डॉ मितेश कौशिक, कृष्ण गोपाल मिश्रा, सुनील कुमार मिश्रा, बंटी सिसोदिया, ओमहरी जादौन, संजय, पुष्पराज सिंह, डॉ भगवान सिंह, पप्पू मुखिया, राकेश शुक्ला, कपिल कुंतल, गौरव शर्मा, कृष्णा सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

### छाता रजिस्ट्री ऑफिस में हुई मारपीट, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

मथुरा। छाता के सब रजिस्ट्री कार्यालय में दोपहर बाद अचानक उस समय अफरा तफरी मच गई, जब किसी बात को लेकर बाहर लेखक के बिस्तर से रजिस्ट्री कराने आए युवक ने अधिवक्ता जूनियर मैडम के साथ जमकर मारपीट कर दी। जानकारी मिलते ही अधिवक्ता कैलाश चंद्र मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी युवक ने मारपीट कर दी जिसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता साथी मौके पर पहुंचे। सभी अधिवक्ता साथियों ने इस घटना का कड़ा विरोध किया उसे समय मौका पाते ही युवक वहां से भाग गया पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई छत के रजिस्ट्री दफ्तर पर आरोप लगाते हुए अधिवक्ता गणों ने बताया कि कोई भी सुरक्षा व्यवस्था व बैठने पानी पीने के कोई पर्याप्त इंतजाम नहीं है, रजिस्ट्री ऑफिस में अधिकारी कार्यालय पर कम ही रहते हैं व्यवस्था बनाने में कोई रुचि नहीं ले रहा है जनता लड़ लड़कर मर रही है।

# भाजपाइयों ने जनसंपर्क कर स्वच्छता अभियान चलाया



**टूंडला।** भाजपा के 47 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ग्राम बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत मनी गढ़ी मे मंदिर की स्वच्छता एव वरिष्ठ कार्यकताओं ने जन सम्पर्क कर मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रवाद एकात्म मानव वाद और अंत्योदय की अवधारणा को साकार करने के लिये देश व प्रदेश हित मे मोदी और योगी ने प्रण -प्राण से काम किया है। संस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ गांव गरीब, किसान, महिला, और युवाओं को विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से कठिनाइयों को दूर करने का कार्य किया है। एक्सप्रेसवें व रोड में एतिहासिक कार्य किया है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा, जिला मंत्री पवन चक, मंडल अध्यक्ष अजीत जूरैल, ब्रजवीर चौहान, लालता प्रसाद उपाध्याय, गुड्डू प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## जल्द दौड़ेगी गोविन्दपुरी अलीगढ़ मेमू लोकल यात्रा करने वालों को मिलेगा लाभ

**टूंडला।** रेल प्रशासन ने लोकल यात्रा करने वाले रेलयात्रियों के लिए एक विशेष मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन रविवार को छोड़कर गोविंदपुरी से अलीगढ़ जंक्शन के बीच चलेगी। प्रयागराज के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि ट्रेन नंबर 64703 गोविंदपुरी-अलीगढ़ मेमू 13 अप्रैल को गोविंदपुरी से सुबह 7:20 बजे चलेगी। जो पनकीधाम, रूरा, झिंझक, फफूंद, भरथना, इटावा जंक्शन शिकोहबाद जंक?शन, फिरोजाबाद होकर सुबह 10:33 बजे टूंडला जंक?शन पहुंचेगी। जो दो मिनट के ठहराव के बाद बरहन, हाथरस होकर दोपहर 12:40 बजे अलीगढ़ जंक?शन पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन नंबर 64704 अलीगढ़-गोविंदपुरी मेमू अलीगढ़ जंक?शन से 13 अप्रैल को दोपहर 01:40 बजे चलेगी। जो इसी क्रम में होकर दोपहर 03:15 बजे टूंडला जंक?शन पहुंचेगी। जो दो मिनट के ठहराव के बाद गोविंदपुरी के लिए रवाना हो जाएगी। इस ट्रेन में 12 कोच होंगे।

## किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**शिकोहाबाद।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला रूकनपुर लाला की सराय में पारिवारिक कारणों से एक किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी के परिजन उसे अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जैनब (17) निवासी लाला की सराय रूकनपुर विगत ढाई वर्ष से लाला की सराय में अपनी नानी के यहां रह रही थी। गुरुवार की रात किशोरी ने संदिग्ध परिस्थिति के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने किशोरी को फांसी के फंदे पर झूलता देखा तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने किशोरी को फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर आए जहां इमरजेंसी के गेट पर ही डॉक्टर ने उसका परीक्षण किया। उसके बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। जिसका शुक्रवार की सुबह अंतिम संस्कार कर दिया। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने बताया कि किशोरी को परिजन मृत अवस्था में लाए थे। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि उन्हें किशोरी के आत्महत्या की कोई जानकारी नहीं है। किशोरी के परिजनों ने घटना की सूचना नहीं दी है।

## फसलों में हुए नुकसान का ऑकलन करने के लिए डीएम ने 3 सदस्यीय टीम का गठन किया

**फिरोजाबाद।** विगत दिनों मे हुई असमायिक वर्षा एवं ओलावृष्टि की घटनाओं को देखते हुये जिलाधिकारी द्वारा किसानों की फसलों में हुये नुकसान का ऑकलन करने के लिये कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी लेखपाल एवं जनपद फिरोजाबाद हेतु नामित फसल बीमा कम्पनी एचडीएफसी अर्गो के प्रतिनिधि की तीन सदस्यी टीम का गठन किया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत रबी 2025-26 मौसम में बीमित कृषकों द्वारा 72 घंटे के अन्दर ट्रोल फ्री नं0 14447, कॉप इन्श्योरेन्स एप एवं व्हाटसप चैट बॉट नं0 7065514447 पर फसलों में हुए नुकसान की सूचना दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित बैंक शाखा, सहकारी समिति, कृषि विभाग के कार्यालयों एवं सम्बन्धित लेखपाल को भी लिखित में फसलों में हुए नुकसान की सूचना दी जा सकती है। जनपद फिरोजाबाद हेतु गेहूं चना मटर मसूर जौ सरसों, आलू फसले अधिसूचित है।

## भाजपा जिला सह संयोजक सोशल मीडिया सचिन जैन का स्वागत किया



**टूंडला।** नगर के राजा ग्लास पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन को फिरोजाबाद जिले का जिला सह संयोजक सोशल मीडिया भाजपा फिरोजाबाद बनाए जाने पर जैन समाज और नगर वासियों द्वारा माला पटका ओर स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया जैन समाज का भाजपा जिला फिरोजाबाद की टीम में प्रतिनिधित्व होने से लोग खासा उत्साहित ओर खुश है भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास ओर सबका प्रयास के इस अभूतपूर्ण सिद्धांत को लेकर चल रही है जिले में नवीन दायित्व मिलने के बाद सचिन जैन ने कहा वो भाजपा में हर पद एक नई जिम्मेदारी ओर पार्टी के प्रति निष्ठा से कार्य करने का जरिया है वो पार्टी को मजबूत करने में अपना मजबूती से योगदान ओर इस नवीन दायित्व की जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे इस मौके पर राजा बाबू जैन केशव लाल गार्ड मयंक जैन राहुल पाठक अनुपम दीक्षित मयंक चौधरी शुभम चौधरी देवेंद्र सिंह शुभम जैन नगर वासी और जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

## ओलावृष्टि की मार और कर्ज का बोझ, उमराया के 25 वर्षीय युवक ने दी जहर खाकर जान

**मथुरा।** मथुरा जनपद स्थित छाता विधानसभा क्षेत्र के गाँव उमराया में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहाँ ओलावृष्टि से फसल की बर्बादी और मकान न बनने की वजह से गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहे एक 25 वर्षीय युवक ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया, जिससे पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। प्रजनन व ग्राम प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि योगेश कुमार पुत्र धर्मी उम्र लगभग 27 वर्ष जिसका मकान बन रहा था, ? पिछले कुछ समय से खेती-किसानी और परिवार की खराब आर्थिक स्थिति को लेकर गहरे तनाव में था। हाल ही में हुई भीषण ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश ने खेतों में खड़ी फसल को पूरी तरह तबाह कर दिया था। योगेश ने खेती के लिए कर्ज भी ले रखा था, जिसे चुकाने की चिंता थी।

## स्कूल प्रबंधकों के साथ डीएम ने की बैठक

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त स्कूलों के प्रबंधकों के साथ बैठक हुई संपन्न। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा विभाग रतन कीर्ती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने सभी स्कूल के संचालनों को निर्देश दिए कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं का पंजीकरण/दाखिला लेना सुनिश्चित करें। जनपद में संचालित समस्त सीबीएसई एवं आईसीएसई के विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को किताब एवं ड्रेस आदि क्रय करने पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाए। डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि आरटीई के तहत आवंटित विद्यालयों द्वारा शत-प्रतिशत प्रवेश ना लेने पर कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने कहा विद्यालय द्वारा निर्धारित मनकानुसार ही फीस वृद्धि की जाये।

# सीडीओ ने की विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा

**फिरोजाबाद।** डीएम द्वारा जारी रोस्टर के क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं बेसिक शिक्षा के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम सीडीओ ने स्कूल चलो अभियान 2026-27 के संबंध में निर्देश दिये गये कि मुख्य सचिव उप्र शासन द्वारा स्कूल चलो अभियान के संबंध में निर्देश जारी किये हैं, उनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो। अद्यतन 7534 नवीन नामांकन होने पर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को नामांकन की प्रगति बढ़ाने के निर्देश प्रदान किये गये। गतवर्ष नामांकित शतप्रतिशत बच्चों को अग्रिम कक्षा में प्रवेश कराने के निर्देश दिये गये। कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को कक्षा-9 में शतप्रतिशत प्रवेश कराने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये गये। सुनिश्चित किया जाए कि अध्यापकों



द्वारा किसी बच्चे को जन्म प्रमाण-पत्र या आधार पहचान संबंधित दस्तावेजों के अभाव में प्रवेश से बंचित न किया जाए तथा बच्चों के संबंध में अभिभावक द्वारा दी गई सूचना को प्रवेश हेतु मान्य किया जाए। शैक्षिक सत्र 2026-27 में शतप्रतिशत बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये, जिसमें यह भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाये कि विद्यालय स्तर पर आपूर्तित पुस्तकें बच्चों को वितरित हो जायें, इसका रेण्डमली निरीक्षण कराया जायेगा, जिसमें पुस्तकें बच्चों पर उपलब्ध न पाये जाने पर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। साथ ही शतप्रतिशत आपूर्ति हेतु संबंधित फर्म से व्यक्गित सम्पर्क कर 15 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिये गये। स्मार्ट क्लास के संचालन की प्रगति संतोषजनक न होने पर संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कडे निर्देश दिये गये कि शतप्रतिशत स्मार्ट क्लास संचालित की जाये तथा पीएम श्री विद्यालयों में स्थापित आईसीटी लैब में किसी सीबीएसई विद्यालय के पाठ्यक्रम को लागू कराते हुए डीएम द्वारा प्रदत्त निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करायें। खण्ड शिक्षा अधिकारियों को खराब प्रदर्शन वाले बिंदुओं पर कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय व सीएम अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति के संबंध में कार्यदायी संस्था यूपी सिड़कों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने के साथ निर्माण कार्य की जांच कराने के निर्देश दिये गये। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत असंतृप्त विद्यालयों को संतृप्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं में अपेक्षित कार्यवाही के साथ समस्त जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा प्रेरणा एप से प्रतिमाह विद्यालय निरीक्षण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

## चंद्रशेखर मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक ने बच्चों को शिक्षण कार्य के लिए दिया टैबलेट

**लालगंज, रायबरेली।** डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक द्वारा कक्षा 9 के नवीन पंजीकृत छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रबंध निदेशक ने कहा कि आधुनिक युग में तकनीकी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है और टैबलेट के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों तक आसान पहुंच प्राप्त होगी। इससे उनकी पढ़ाई अधिक रोचक, सरल एवं प्रभावी बनेगी। विद्यालय परिवार ने इस पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने भी इस कार्य के लिए विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। वही बताते चले कि चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज के प्रबंधक ओम प्रकाश शुक्ला और प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला के द्वारा बच्चों को वजीफा के साथ-साथ किताबें भी निशुल्क दी जाती हैं। संस्कारित शिक्षा देने के संदर्भ में भी चंद्रशेखर स्कूल का क्षेत्र में अपना एक उत्कृष्ट स्थान है जिसकी सभी प्रशंसा करते हैं।

# रिजर्व बैंक की सतर्कता

मध्यपूर्व संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर तेल, गैस, उर्वरक और अन्य महत्वपूर्ण चीजों की आपूर्ति एवं उत्पादन में जो बाधाएं पैदा हुई हैं, उसका साइड इफेक्ट अभी अर्थव्यवस्था पर पूरी तरह से आना बाकी है। संभवतः इसीलिए आर. बी. आई. ने मौद्रिक नीति समीक्षा में बहुत ही सतर्क रुख अख्तियार किया और नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया। रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने बुधवार को नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। नये वित्त वर्ष में यह समिति की पहली बैठक थी। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम के बाद पश्चिम एशिया संकट की गहनता भले ही कम हुई है लेकिन अनिश्चितता बरकरार है और ऐसे में मौद्रिक नीति समिति द्वारा नीति को समायोजित करने के पहले कुछ और स्पष्टता की प्रतीक्षा करना सही निर्णय है। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि जहां जिंस कीमतों में उछाल खासकर कच्चे तेल और गैस की कीमतों में तेजी के कारण आने वाले महीनों में महंगाई बढ़ सकती है, वहीं जंग की शुरूआत के पहले खुदरा मुद्रास्फीति की दर अपेक्षाकृत कम थी और उल्लेखनीय नीतिगत राहत प्रदान कर रही थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी और फरवरी में क्रमशः 2.7 और 3.2 फीसदी रही। यह देखना अहम होगा कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम कायम रहता है या नहीं, और क्या यह संकट का स्थायी समाधान खोजने के लिए पर्याप्त होगा। यदि दोनों पक्ष समाधान खोजने में विफल रहते हैं और युद्ध फिर से शुरू होता है, तो दोबारा संवाद आरंभ होने में बहुत वक्त लगेगा। होर्मुज स्ट्रेट में किस हद तक और किन शर्तों पर आवाजाही बहाल होती है यह भी देखना होगा। माना जा रहा है कि युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त तेल



और गैस सुविधाओं को फिर से काम करना शुरू करने में कुछ समय लगेगा। फिर भी, युद्धविराम ने तेल की कीमतों को कम करने और शेयर व बॉन्ड की कीमतों को बढ़ाने में मदद की है। इससे मुद्रा बाजार में आवश्यक स्थिरता लाने में भी मदद मिलेगी। आने वाले दिनों में वित्तीय बाजार की दिशा इस बात पर निर्भर करेगी कि कूटनीतिक प्रयास किस तरह आगे बढ़ते हैं। इस अनिश्चित माहौल में अर्थव्यवस्था के आकलन की बात करें तो रिजर्व बैंक ने 2026-27 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर को अनुमानतः 6.9 फीसदी रखा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के दूसरे अग्रिम अनुमान ने 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.6 फीसदी बताई थी। इस प्रकार वर्तमान में वृद्धि के अपेक्षाकृत धीमा रहने की उम्मीद है। आंशिक रूप से देखें तो ऐसा बाहरी अनिश्चितताओं के कारण होगा। निजी क्षेत्र के एक पूर्वानुमानकर्ता के मुताबिक इस वर्ष मॉनसून सामान्य से कम रह सकता है। इससे वृद्धि और मुद्रास्फीति के परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर, रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि 2026-27 में दर औसतन 4.6 फीसदी रहेगी, जिसमें तीसरी तिमाही के दौरान सबसे अधिक दर 5.2 फीसदी होगी। ये पूर्वानुमान पश्चिम एशिया के घटनाक्रम के आधार पर काफी बदल सकते हैं। जैसा कि मौद्रिक नीति रिपोर्ट में दिखाया गया है, रिजर्व बैंक का कच्चे तेल की कीमतों के लिए आधारभूत अनुमान वित्तीय वर्ष के लिए औसतन 85 डॉलर प्रति बैरल है। अगर जंग दोबारा शुरू हुई तो यह बहुत अधिक बढ़ सकता है। यदि ये पूर्वानुमान सही साबित होते हैं, तो नीतिगत ब्याज दर पूरे वर्ष वर्तमान स्तर पर बनी रहेगी। दिलचस्प बात यह है कि रिजर्व बैंक ने अब मुख्य मुद्रास्फीति दर को भी अनुमान देना शुरू किया है, जो वर्ष के दौरान औसतन 4.4 फीसदी रहने की उम्मीद है। इस अतिरिक्त जानकारी का समावेश स्वागत योग्य है। बहरहाल एक ऐसी स्थिति में जब भू-राजनीतिक स्थितियां पूरी तरह से अस्थिर और अस्पष्ट हैं, तब आरबीआई का सतर्क रुख ही सही है। क्योंकि अगले दो-तीन महीने में क्या होगा यह स्पष्ट नहीं है।

# महात्मा ज्योतिराव फुले भारत के पथ प्रदर्शक



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणा पुंज हैं। महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ। लेकिन शुरूआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, 'हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।' साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही।

महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, 'बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।' उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधारस्तंभ बना रहा है।

अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी



महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती वर्ष के शुभारंभ पर विशेष

हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महात्मा फुले ने कहा था, 'जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही' यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है।

उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया।

भारत भूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरूआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

## सोशल मीडिया

जनपद मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं हैं। दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि। केशव प्र. मौर्य.



# व्यक्ति की आदतें

हमारी अवांछनीय आदतें कष्ट का कारण बनती हैं। आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मो में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

अंतर्दृष्टि

## विचार

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश– यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

–वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

– मेंगून.

# भविष्य की प्रेरणा हैं अतीत की धरोहरें

**विश्व धरोहर स्थलों का तमगा उन्हीं देशों को मिला है, जहां सदियों से सभ्यताएं फलती-फूलती रही हैं। रोम का साम्राज्य, वेनिस की जल सभ्यता, चीन की महान दीवार, फॉरबिडेन सिटी जैसी सभ्यता और सांस्कृतिक मूलक विरासतें समूची पृथ्वी की चेतना और सौंदर्यबोध का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश जो आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से आज दुनिया के शक्तिशाली देश हैं, उनके पास अतीत की महान विरासतें नहीं हैं, हैं भी तो बहुत कम मात्रा में।**



विश्व धरोहर दिवस पर (18 अप्रैल) विशेष

यह केवल एक भावनात्मक कथन नहीं है बल्कि मानव सभ्यताओं का गहरा सत्य है। जब हम यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व धरोहर स्थलों को देखते हैं तो समझ में आता है ये पत्थरों, स्मारकों, खंडहरों से कहीं अधिक हैं। क्योंकि वे गुजरे अतीत के जीवित दस्तावेज हैं। इटली के प्राचीन नगर हों या भारत की विविध सांस्कृतिक विरासतें हों, ये सब हमें सिखाती हैं कि समाज कैसे बनते हैं, कैसे टूटते हैं और टूटकर फिर नये सिरे से कैसे उभरते हैं? दरअसल विश्व धरोहरें अपने भीतर संघर्ष, सृजन, कला और ज्ञान की परतें समेट होती हैं। आज जब दुनिया तेजी से आधुनिकता की ओर बढ़ रही है, तब ये धरोहरें हमें जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देती हैं। क्योंकि अतीत का यह संचित अनुभव भविष्य की दिशा तय करता है। जो सभ्यताएं अपनी धरोहरों को समझती और सहेजती हैं, दरअसल वही टिकाऊ और संतुलित विकास की राह पर आगे बढ़ पाती हैं।



वास्तव में विश्व धरोहर दिवस 18 अप्रैल हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि मानव सभ्यताओं की असली पूंजी क्या है, आर्थिक ताकत या सांस्कृतिक विरासत? हर साल 18 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व धरोहर दिवस केवल स्मारकों और ऐतिहासिक स्थलों का उत्सवभर नहीं है बल्कि यह उस सांस्कृतिक स्मृति का सम्मान है, जो मानव सभ्यता को पहचान देती है। अगर इस नजरिये से हम दुनिया पर नजर डालें तो बेहद दिलचस्प तस्वीर नजर आती है। क्योंकि भले आज अमरीका और रूस जैसी ताकतें दुनिया की प्रमुख ताकतें हों, लेकिन जब विश्व धरोहर स्थलों की कसौटी के आधार पर दुनिया के अलग-अलग देशों को उनके अतीत की हैसितय को आंकते हैं, तो अमरीका दुनिया की पहली 10 महान विरासतों वाली शक्तियों में अपनी जगह नहीं बना पाती। दुनिया में कुल 1100 विश्व धरोहर स्थल हैं, जिन्हें यूनेस्को ने पूरी दुनिया के लिए अद्वितीय और मानव विरासत करार दिया है। इसमें सांस्कृतिक यानी कल्चरल विरासतें भी हैं, नेचुरल यानी प्राकृतिक विरासतें भी हैं और मिक्स्ड यानी मिश्रित विरासतें भी हैं। विश्व धरोहर स्थलों के आधार पर हम दुनिया के 10 देशों की गिनती करें तो पहले नंबर पर इटली है, जहां 59 से ज्यादा वैश्विक धरोहरें हैं, जिनमें रोमन साम्राज्य और पुनर्जागरण की विरासतें प्रमुख हैं। भारत दुनिया के 10 प्रमुख वैश्विक धरोहरों वाले देशों के नक्शे में 6वें नंबर पर आता है।

आज के समय में अमरीका भले दुनिया की सबसे शक्तिशाली महाशक्ति हो, लेकिन इतिहास के नजरिये से न केवल अमरीका बल्कि संयुक्त अरब अमीरात जैसे सम्पन्न देश किसी गिनती में नहीं आते। विश्व धरोहर स्थलों का तमगा उन्हीं देशों को मिला है, जहां सदियों से सभ्यताएं फलती-फूलती रही हैं। रोम का साम्राज्य, वेनिस की जल सभ्यता, चीन की महान दीवार, फॉरबिडेन सिटी जैसी सभ्यता और सांस्कृतिक मूलक विरासतें समूची पृथ्वी की चेतना और सौंदर्यबोध का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश जो आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से आज दुनिया के शक्तिशाली देश हैं, उनके पास अतीत की महान विरासतें नहीं हैं, हैं भी तो बहुत कम मात्रा में। लेकिन शहरीकरण और तकनीकी प्रगति को देखें तो ये आधुनिक किस्म की धरोहरों को रच रही हैं। इसलिए ये देश भले पुरानी धरोहरों के मामले में कम नजर आते हों, लेकिन भविष्य को दिशा देने के मामले में अपनी बेजोड़ जगह बनाते हैं। दरअसल विश्व धरोहरों की अवधारणा यूनेस्को द्वारा इस बात की समझ से तय हुई है कि अतीत में जो कुछ मनुष्य की गरिमा बढ़ाने वाला रहा है, वह भले किसी भी देश की महान धरोहर हो, लेकिन वह समूची दुनिया की मानवता का प्रतिनिधित्व करता है। अब यूनेस्को नई किस्म की विरासतों के महत्व को भी परिभाषित करने में लगा हुआ है। इसके मुताबिक आधुनिक विरासत की अवधारणा औद्योगिक स्थलों, आधुनिक वास्तुकला, सांस्कृतिक परिदृश्य और जीवित परंपराओं से उभर रही है।

इस दृष्टि से देखें तो अमेरिका, सउदी अरब या जापान तथा अन्य विकसित देश भी विरासतों की सूची में नई विरासतों के सिरमौर बनेंगे। लेकिन जहां तक इस सूची में भारत जैसे प्राचीन सभ्यता वाले देश की जगह है, तो भारत 40 से ज्यादा विश्व धरोहर स्थलों के रूप में दुनिया के पहले 10 देशों में 6वें स्थान पर आता है। ताजमहल, कुतुबुमीनार, अंजता ऐलोरा की गुफाएं, हम्फी के मंदिर शंकुल, कुंभ जैसी पवित्र स्नान संस्कृति और दुर्गा पूजा जैसी अनुष्ठान परंपरा भी हमारी महान विरासतों में शामिल हैं। लेकिन सिर्फ भारत ही नहीं दुनिया के तमाम देश अतीत की अपनी महान विरासतों को आज संभालकर रख पाने में असमर्थ साबित हो रही हैं। भारत की ज्यादातर ऐतिहासिक इमारतें, प्रदूषण, अतिक्रमण, लापरवाही, जैसी समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। इसलिए हमें अपनी इन धरोहरों पर सिर्फ गर्व भर करना नहीं आना चाहिए बल्कि इस गर्व को समेटना और सहेजना भी हमारी जरूरत है।

क्योंकि ये विश्व धरोहरें हमें याद दिलाती हैं कि विकास और विरासत के बीच संतुलन बहुत जरूरी है। इटली और चीन जैसे देश दुनिया के सामने शानदार उदाहरण हैं कि अतीत को कैसे संजोया और संवारा जाता है और कैसे इसके बल पर सम्मान ही नहीं समृद्धि भी हासिल की जाती है और अगर किसी नजरिये से अमरीका जैसे देश पर निगाह डालें तो पता चलता है कि भविष्य को कैसे बनाया जाए, जो वैश्विक धरोहर की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करे। कुल मिलाकर मानव इतिहास की वैश्विक धरोहरें सिर्फ अतीत का सुनहरा पन्नाभर नहीं है बल्कि ये भविष्य की चमकदार प्रेरणा भी हैं।

**विश्व धरोहर स्थलों के आधार पर दुनिया के टॉप 10 देश**

- इटली- जहां 59 से ज्यादा वैश्विक धरोहर स्थल हैं, जिनमें रोमन साम्राज्य और पुनर्जागरण की विरासतें हैं।
- चीन- जहां 57 से ज्यादा वैश्विक धरोहर स्थल हैं, जिनमें प्राचीन राजवंशों और विशाल स्थापत्य धरोहर शामिल हैं।
- जर्मनी- जहां 52 से ज्यादा वैश्विक धरोहर स्थल हैं, जिनमें कैथेड्रल और औद्योगिक विरासतें शामिल हैं।
- फ्रांस- यहां 49 से ज्यादा वैश्विक धरोहर स्थल हैं, जिनमें महल, कला और सांस्कृतिक परंपरा शामिल हैं।
- स्पेन- यहां भी 49 से ज्यादा ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनमें इस्लामिक और यूरोपीय स्थापत्य का मिश्रण है।
- भारत- यहां 42 से ज्यादा धरोहर स्थल हैं, जिनमें विविध सभ्यताओं, धर्म और स्थापत्य मौजूद है।
- मैक्सिको- जिसमें 35 से ज्यादा वैश्विक धरोहर स्थल हैं, इसमें माया और एजटेक सभ्यता के अवशेष मौजूद हैं।
- यूनाइट किंगडम में 33, रूस में 30 और ईरान में 27 वैश्विक धरोहर स्थल हैं।

**– डॉ. अनिता राठौर.**

## आप की बात

### रोजगार मेला

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### परीक्षाओं में शुचिता

प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद अर्थात यूपी बोर्ड की परीक्षाएं कल से शुरू हो रही हैं। छात्रों की संख्या के लिहाज से यह एशिया का सबसे बड़ा बोर्ड है, लेकिन बड़े आकार प्रकार के साथ ही इसकी विशेषताओं पर पूर्ण विराम लग जाता है। जितना बड़ा यूपी बोर्ड है उससे भी कहीं अधिक यह अपनी अव्यवस्था, नकल, टॉपर मैनेजमेंट आदि के लिए चर्चा में रहता है। इसी तरह प्रतियोगी परीक्षाओं में हमेशा पेपर लीक का संकट बना रहता है।

**निरंजन लाल, लखनऊ.**

संक्षेप

## शासनादेश नहीं मानती हैं :ईओ गोसाईंगंज

गोसाईंगंज-अयोध्या। शासनादेश नहीं मानती हैं ई.ओ.। शासनादेश न लागू किए जाने से हो रहा है आम जनता का शोषण ई.ओ. और अध्यक्ष कमीशन खोरी की बंदर बांट में व्यस्त है। उक्त आरोप समाजवादी पार्टी के निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वैस अंसारी ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में लगाए हैं। मामला नगरीय निकाय निदेशालय के उसे शासनादेश का है जो 9 मई 2025 को सभी नगर पालिका, नगर महापालिका, नगर पंचायत में नामांतरण, वरासत, वसीयत आदि की शुल्क की न्यूनतम दर निर्धारित कर, लागू करने का आदेश दिया गया था, किंतु नगर पंचायत गोसाईंगंज अपने 20 साल पुराने बोर्ड के उस प्रस्ताव का हवाला देती है जिसमें लोगों से पंजीकृत विलेख पर 4 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक की शुल्क वसूली जाती है। तथा अन्य प्रकार से नामांतरण के लिए भी भारी शुल्क वसूल की जाती है। सपा नेता वैस अंसारी उसको जनता का शोषण बताते हैं। उसी को लेकर सपा नेता ने आज जिलाधिकारी से मुलाकात कर उक्त शासनादेश लागू किए जाने की मांग की है। जिससे आम जनता को राहत मिल सके।

# एक साथ तीन मौत से केरेरू गांव में पसरा मातमी सन्नाटा

जिला संवाददाता

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के करेरु गांव में मातमी सन्नाटा फैला हुआ है। बृहस्पतिवार की देर रात पारिवारिक कलह के चलते एक पत्नी ने अपने पति की हत्या कर ट्रेन के नीचे कूद कर सुसाइट कर लिया। पत्नी के पास मिले सुसाइट नोट के सहारे पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पोस्टमार्टम के बाद तीनों शवों का

- पत्नी ने हथौड़े से की पति की हत्या, ट्रेन से कटकर खुद की आत्महत्या
- भूख से 22 दिन के दुधमुंहे बच्चे की भी हुई मौत

अंतिम संस्कार कर दिया गया थाना क्षेत्र के गाँव देवराकोट रेलवे फाटक से महज कुछ कदम की दूरी पर ट्रैक के पास क्षत विक्षत एक महिला का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। पहुंची रौनाही थाना एवं जीआरपी पुलिस को शव के पास मिले मोबाइल से शिनाख्त में शव इसी थाना के करेरू



गांव निवासी संजू पत्नी शिवानंद पासी उम्र लगभग 22 वर्ष के रूप में हुई। परिजनों में श्वसुर पाटनदीन जेठ अवधेश की मौजूदगी में पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पति के न दिखाई देने पर तलाश शुरू हुई।

तब उसका लहू लुहान शव घर के एक कमरे में बंद पाया गया दरवाजे में बाहर से ताला लटक रहा था । महज एक वर्ष पहले शादी के बंधन में बंधे पति के पास बेड के नीचे नवजात एक माह के पुत्र के रोने की आवाज सुनाई पड़ी । पुलिस ने उसका इलाज कराने की जगह जेठानी को सौंप कर इति श्री कर ली। नवजात ने भी 10 घंटे बाद दम तोड़ दिया। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज, क्षेत्राधिकारी आशीष निगम, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चैधरी ने भी पहुंचे और पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। इस सम्बन्ध में एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी ने बताया कि पत्नी के शव के पास से मिले सुसाइट नोट में हुए जिक्र से पति की हत्या कर पत्नी के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करा दिया गया। सुसाइट नोट और घटनाक्रम की छानबीन कराई जा रही है।

# दबंगों ने पत्रकार और परिवार पर किया हमला

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव में वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा प्रसाद शुक्ला और उनके परिवार पर गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है

- सीओ ने की जांच, देर रात आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज

कि हमलावरों ने घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी दी। घटना के कई घंटे बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पत्रकारों के हस्तक्षेप के बाद देर रात मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता पुष्कर शुक्ला के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे गांव निवासी अवधेश शुक्ला अपने साथ उमेश शुक्ल, शिवाकांत, अमन शुक्ल और दो अज्ञात लोगों के साथ उनके घर पहुंचे।

उस समय उनके 72 वर्षीय पिता गिरिजा प्रसाद शुक्ला दरवाजे पर बैठे थे। आरोप है कि पहुंचते ही अवधेश शुक्ल ने उनका गला दबाया और आंख के नीचे मुक्का मार दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। पुष्कर शुक्ला ने बताया कि जब उनके पिता जान बचाने के लिए घर के अंदर भागे तो सभी आरोपी भी जबरन घर में घुस आए और उनके साथ भी मारपीट की। इस दौरान बीच-बचाव करने आई उनकी बहन अनामिका के साथ भी अभद्रता की गई, बाल पकड़कर घसीटा गया और घर में रखा गेहूं, चावल सहित खाद्यान्न बिखेर दिया गया। आरोपियों ने घर के बर्तन, कुर्सी और चूल्हा भी तोड़ दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार द्वारा थाने में शिकायत दी गई, लेकिन कई घंटों तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

जब इसकी जानकारी स्थानीय पत्रकारों को हुई तो वे बड़ी संख्या में थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचने के बाद क्षेत्राधिकारी पियूष पाल ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

जांच के बाद देर रात करीब 10 बजे पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। घायल पिता-पुत्र का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पुलिस ने मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एसपी ने की मिशन शक्ति केंद्र कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक,दिये आवश्यक निर्देश



**बाराबंकी।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने जनपद के समस्त थानों के मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति केन्द्रों के उत्तरदायित्व, विभिन्न महिला सम्बन्धी अपराधों से सम्बन्धित मानक, संचालन प्रक्रिया में निहित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही किये जाने एवं बीट में नियुक्त महिला कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक मे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में व्यापक रूप से जागरूक किये जाने को लेकर निर्देशित किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार सहित जनपद के समस्त थानो के मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी मौजूद रहे।

## एसी ने की पेंशनर्स के साथ गोष्ठी



**बहराइच।** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार, में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों (पेंशनर्स) के साथ एक संवादात्मक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति के पश्चात भी पेंशनर्स समाज के प्रति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहते हैं तथा उनका अनुभव विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत है। महोदय ने सभी उपस्थित पेंशनर्स का सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है तथा उनकी सुविधा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा निरंतर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, पेंशनर्स को अवगत कराया गया कि वे अपनी समस्याएं एवं सुझाव पूर्व से संचालित व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी साझा कर सकते हैं, जिससे उनके प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। गोष्ठी के अंत में पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी पेंशनर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात/112 श्री राज सिंह, लिपिक व लेखा संवर्ग सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पीडब्लूडी ठेकेदार ने विधायक पर लगाये गंभीर आरोप

**सोहावल-अयोध्या।** निषाद पार्टी के नेता करुणाकर पांडेय के भाई पीडब्लूडी ठेकेदार रत्नाकर पांडेय और अधिवक्ता अरुणाकर पांडेय सोनू ने बृहस्पतिवार को पत्रकार वार्ता कर बीकापुर विधायक डा. अमित सिंह चैहान को लेकर आरोपों की झड़ी लगा दी। बीते कुछ दिनों से विधायक से 36 की गणित में आए निषाद पार्टी के नेता के रूप में इस विधानसभा से टिकट के दावेदार करुणाकर उर्फ बब्बू पांडेय का लाइव वीडियो इन्हीं बातों को लेकर 3 दिन पहले ही सामने आ चुका है। इसके बाद से दोनों खेमे में जबरदस्त खलबली है और एक दूसरे पर लगाए जाने वाले आरोपों का सिलसिला चल निकला है।

राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के नजरिए से आंके जा रहे हैं इस आरोप प्रत्यारोप में आज करुणाकर पाण्डेय के दोनों भाइयों की बारी थी। जिन्होंने कहा कि विधायक जी 10 प्रतिशत कमीशन लेने के बावजूद कार्य नहीं करने दे रहे हैं। अब तक लगभग 16 लाख रुपए की वसूली करवा कर लगभग 35 ठेकों की शिकायत कर जांच करवाने में लगे है। परिवार के हर सदस्य के खिलाफ फर्जी शिकायत से उत्पीड़न करने का काम कर रहे हैं। कुडौली में स्थापित जिस परशुराम मंदिर का उद्घाटन विधायक जी ने ही किया। उसे भी गिरवाने की साजिश की जा रही है।

इस कार्य में विधायक के साले राम सिंह की भूमिका अहम है। परिवार का अहित करने के लिए अपने चहेतों से फर्जी शिकायतें करा रहे हैं जो दो पर्सेंट कमीशन अलग से लेते हैं। निषाद पार्टी से जुड़े नेता के दोनों भाइयों ने चेताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने विधायक पर अंकुश न लगाया और न्याय न मिला तो परिवार मुख्यमंत्री के पास तक भी जाएगा।

# अवध विवि के 95 प्रतिशत विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति, परिसर में खुशी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए इस सत्र में बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। विश्वविद्यालय के 95 प्रतिशत विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे परिसर के छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है।

विश्वविद्यालय आवासीय परिसर के कुल 5043 छात्र-छात्राओं में से 4787 विद्यार्थियों को लगभग 15 करोड़ 14 लाख 67 हजार 126 रुपये की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हुई है। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि



यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, छात्र हितों एवं सामाजिक न्याय और शैक्षिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश के वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह वास्तव में सराहनीय है। इससे विद्यार्थियों को बिना आर्थिक दबाव के उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और उनका भविष्य सुदृढ़ होगा। विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने बताया कि जन कल्याणकारी नीतियों के तहत प्रदेश सरकार की योजना के अंतर्गत सभी पात्र विद्यार्थियों के आवेदन का समयबद्ध सत्यापन कर विश्वविद्यालय द्वारा अग्रसारित किया गया। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के 2247 में से 2135, ओबीसी के 2024 में से 1934, अनुसूचित जाति के 447 में से 429 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 317 में से 289 विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला है। प्रो. पाठक ने यह भी कहा कि पिछले सत्र की तुलना में इस बार अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिला है, जो विश्वविद्यालय प्रशासन और टीम के समन्वित प्रयास का परिणाम है। छात्र- छात्राओं के छात्रवृत्ति फॉर्म की माइक्रो लेवल पर मॉनिटरिंग कर त्रुटियों को ठीक किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल एवं विभागाध्यक्षों, निदेशकों, समन्वयकों तथा शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रो. नीलम पाठक एवं उनकी टीम को बधाई दी है।

## दस बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई खाक



**बहराइच।** जिले के पयागपुर इलाके में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से खेत में लगी फसल में आग लग गई। लपटों को उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे जिसके बाद कड़ी मेहनत में बाद आग पर काबू पाया गया , लेकिन तब तक दस बीघा फसल जलकर खाक हो गई। पयागपुर थाना क्षेत्र में स्थित पल्टन पुरवा ग्राम में आज दोपहर अज्ञात कारणों से ग्रामीण राम अवतार के खेत में लगी गेहूं की फसल में आग लग गई , देखते ही देखते आग ने बगल में स्थित गुंथे व ग्रामीण उजागर के खेत को भी अपनी चपेट में लिया। लपटों को उठता देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सभी ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक खेत में लगी दस बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दी है।

# डीएम ने की नगर विकास के कार्यों की समीक्षा

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष कम प्राप्ति वाले निकायों यथा नगर पंचायत बंकी, देवा, जैदपुर व सतरिख पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिशासी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने



लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक नगर निकाय में सप्ताह में एक

- प्रत्येक सप्ताह सभी ईओ जनचैपाल लगवाकर जनसमस्याओं का करवाये त्वरित निस्तारणः जिलाधिकारी
- अतिक्रमण पर सख्त अभियान व सतत प्रवर्तन के निर्देश, सड़कों-नालियों को अतिक्रमण मुक्त रखने पर जोर

हेतु अभी से ठोस प्रयास प्रारंभ किए जाएं। साथ ही सभी नगर निकाय अपनी आय में वृद्धि हेतु नवीन स्रोत विकसित करने के लिए नवाचार अपनाएं। जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शत-प्रतिशत तालाबों का आवंटन सुनिश्चित करने, तालाबों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने और उनके संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दिये जाने को दिन अतिक्रमण विरोधी अभियान अनिवार्य रूप से संचालित करने, शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने, किसी भी खाली प्लॉट या सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा एकत्रित न होने, स्वच्छ सर्वेक्षण में जनपद की रैंकिंग सुधारने हेतु विशेष प्रयास करने, आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नालों की प्रथम चरण की सफाई मई माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने, कार्य की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर आमजन से फीडबैक लेने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी सप्ताह में एक दिन किसी एक वार्ड में जनचैपाल का आयोजन कर संबंधित वार्ड की जनता को पूर्व सूचना देकर स्थानीय समस्याओं का मौके पर ही प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने को लेकर निर्देश दिये। बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं शहरी आजीविका मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के०, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला सहित नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी ने परेड की ली सलामी और मॉडर्न स्कूल का निरीक्षण



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का निरीक्षण करते हुए समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी धारण करने तथा आमजन के साथ शिष्ट एवं मधुर व्यवहार बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। परेड के दौरान अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल कराई गई।

परेड के उपरान्त शस्त्रों का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस क्रम में परिवहन शाखा (एमटी), क्षेत्राधिकारी लाइन कार्यालय, शस्त्रागार, आरटीसी मेस एवं अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया गया। शस्त्रागार में शस्त्रों के रख-रखाव एवं अभिलेखों का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को स्वच्छता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए गार्द कमांडरों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस मॉडर्न स्कूल का निरीक्षण किया गया, जहाँ विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की स्वच्छता, कक्षाओं के संचालन, शिक्षण की गुणवत्ता तथा छात्रों की उपस्थिति आदि का सूक्ष्म अवलोकन किया गया, साथ ही उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं संसाधनों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती निशा सिंह एवं विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकगण उपस्थित रहे, विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा विद्यालय के संचालन एवं व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गयी। निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यालय प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे शैक्षिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं अनुशासित बनाया जा सके। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शासन की नीतियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों की आधारशिला है जनगणनाः डीएम

बहराइच 10 अप्रैल। भारत की जनगणना-27 के प्रथम चरण अन्तर्गत प्रदेश में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का दिनांक 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय महत्व के इस समयबद्ध कार्य के सफल संचालन के लिए, जनगणना कार्य में लगाए जाने वाले सुपरवाईजर्स एवं प्रगणकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जनपद में 16 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले सुपरवाईजर्स एवं प्रगणकों के प्रशिक्षण से पूर्व चार्ज अधिकारियों, सहायक चार्ज अधिकारियों, उप जिला जनगणना अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स हेतु उत्थान आडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम अक्षय त्रिपाठी ने भारत की जनगणना-2027 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह शासन की नीतियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों की आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ सम्पादित करने हेतु जनगणना की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही तरीके से संधारण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त कर लें ताकि सुपरवाईजर्स एवं प्रगणकों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी अमित कुमार व अन्य अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

# मोहसिना किदवाई भारत की एक अत्यंत प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ थीं: तनुज पुनिया

**बाराबंकी।** मोहसिना किदवाई भारत की एक अत्यंत प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ थीं। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वरिष्ठ नेता रहीं और उन्होंने केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार बड़ी कुशलता से संभाला। आज उनकी कमी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति है। उक्त उद्गार जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरान्त कही।

पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने उनके जीवन और कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा




- श्रद्धांजलि सभा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री को कांग्रेसियों ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

कि उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार दोनों में मंत्री के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। जिनसे भारतीय राजनीति में उनका प्रभावशाली व्यक्तित्व उभरकर सामने आया। जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि जनपद में स्व: रफी अहमद किदवाई के बाद यदि किसी ने कांग्रेस और देश में जनपद की पहचान को निरंतर बनाए रखने का कार्य किया है तो वह स्व: मोहसिना किदवाई हैं। श्रद्धांजलि सभा में ए0पी0 गौतम, नईम सिद्दीकी, शिव शंकर शुक्ला, सरजू शर्मा, नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, एड0 जितेंद्र वर्मा, शिव बहादुर वर्मा, मोइनुद्दीन अंसारी, रमेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर जेई एसडीओ एक्सईएन के विरुद्ध हत्या का अभियोग दर्ज

जिला संवाददाता

**गोंडा/बहराइच ।** नगर के पोर्टरगंज पथवलिया मोहल्ले में शुक्रवार सुबह बिजली विभाग की लापरवाही एक पत्रकार की जान पर भारी पड़ गई।

घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन अचानक टूटकर गिर गई,जिसकी चपेट में आने से पत्रकार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम छा गया। इस मामले में थाना कोतवाली नगर में एफआईआर संख्या 0322/2026 दर्ज की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों जेई, एसडीओ, एक्सईएन, एसई और चीफ इंजीनियर को नामजद किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे अचानक हाईटेंशन तार टूटकर नीचे गिर गया।

उसी दौरान वहां मौजूद पत्रकार रंजीत तिवारी उसकी चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना इतनी भयावह थी कि मौके पर मौजूद लोग सहम गए।

### 10 साल से हो रही थी शिकायत

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हाईटेंशन लाइन को हटाने या शिफ्ट करने की मांग पिछले करीब 10 वर्षों से की जा रही थी। कई बार शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसका खामियाजा अब एक जान गंवाकर भुगतना पड़ा।

### डीएम ने बनाई जांच टीम

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने पूरे मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय टीम गठित कर दी है। टीम को निर्देश दिए गए हैं कि लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### परिजनों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

घटना के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइनों को तत्काल दुरुस्त कराने की भी मांग उठाई गई है।

### बड़ा सवालः आखिर कब जागेगा विभाग

यह हादसा बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। यदि समय रहते शिकायतों पर ध्यान दिया जाता, तो शायद यह दर्दनाक घटना टाली जा सकती थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## सीईटी पीएचडी प्रवेश परीक्षा 24 को

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की सीईटी-2024 पीएचडी प्रवेश परीक्षा 24 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा परिसर के दो केंद्रों पर संपन्न होगी, जिसमें 1600 से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहले यह परीक्षा 18 अप्रैल को प्रस्तावित थी। कुलपति प्रो. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की जा रही है। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं विशेष व्यवस्था की जाएगी। जमाल ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थी 14 अप्रैल को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

संक्षेप

## 5 किलो एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ायी गयी

नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता में काफी बढ़ोतरी की है, ताकि देश भर में प्रवासी मजदूरों और संवेदनशील समुदायों को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन आसानी से और किफायती दरों पर मिल सके। एक सक्रिय कदम उठाते हुए, मंत्रालय ने पूर्व आपूर्ति सीमा को हटा दिया है और 7 अप्रैल से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 5 किलोग्राम सिलेंडरों का रोजाना का आवंटन दोगुना कर दिया है। खासतौर पर शहरी एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए यह कदम बढ़ाया गया है। मंत्रालय ने सिलेंडर प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी सरल बना दिया है। अब उपभोक्ता अपने पहचान पत्र जैसे आधार या पैन कार्ड तथा सेल्फ-डिक्लेरेशन के साथ सिलेंडर ले सकते हैं; उन्हें पते का स्थायी प्रमाण प्रस्तुत नहीं करना होगा। 23 मार्च से 9 अप्रैल के बीच देश भर में 8.9 लाख से ज्यादा 5 किलोग्राम सिलेंडर बांटे गए 7 अप्रैल को एक ही दिन में 1.1 लाख से ज्यादा सिलेंडरों की बिक्री का रिकॉर्ड बना।

## निसान मोटर इंडिया ने किया व्यापक नेटवर्क विस्तार

गुरुग्राम। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज बताया कि वर्ष 2026 की पहली तिमाही में देशभर में कंपनी ने 54 नए कस्टमर टचपॉइंट्स खोले हैं। यह भारत में कंपनी के विकास के सफर में उल्लेखनीय पड़ाव है। यह नेटवर्क विस्तार निसान मोटर इंडिया की प्रोडक्ट ऑफेंसिव स्ट्रेटजी का अहम स्तंभ है। यह देशभर में कंपनी की मजबूत उपस्थिति को दिखाने वाला है। नए खोले गए टचपॉइंट्स में 3 एस (सेल्स, सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स), 2 एस और 1 एस आउटलेट शामिल हैं। इन्हें रणनीतिक रूप से पूरे भारत में खोला गया है, जिससे निसान का फुटप्रिंट और गहरा हुआ है। वर्ष 2026 की पहली तिमाही में पूरे भारत में 54 नए कस्टमर टचपॉइंट्स खोलना भारत में निसान के विकास के सफर का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

## इलेक्ट्रॉनिका इंडिया और प्रोडक्ट्रोनिका इंडिया 2026 ग्रेटर नोएडा में शुरू

नयी दिल्ली। ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिका इंडिया और प्रोडक्ट्रोनिका इंडिया 2026 के उद्घाटन दिवस पर नीति संकेतों और व्यावसायिक इरादों का स्पष्ट मिश्रण देखने को मिला, जब वरिष्ठ सरकारी नेता और उद्योग हितधारक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में एकत्र हुए। इलेक्ट्रॉनिका इंडिया और प्रोडक्ट्रोनिका इंडिया अब एक ऐसे मंच के रूप में विकसित हो चुके हैं, जहाँ व्यावसायिक इरादा स्पष्ट और परिणाम-उन्मुख है। कंपनियाँ स्पष्ट प्राथमिकताओं के साथ आ रही हैं चाहे वह सोर्सिंग हो, साझेदारियाँ हों या निवेश और शुरुआती गति वास्तविक, मापनीय परिणामों की ओर बदलाव को दर्शाती है।

## बीएमडब्ल्यू ने की 4567 यूनिट्स की डिलीवरी

नयी दिल्ली। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही में अब तक की सबसे अधिक कार बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने कुल 4,567 कारें बेचीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में +17 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाती है। वर्ष की शुरुआत बेहद सकारात्मक रही, जहां हर महीने ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन दर्ज किया। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया' ने 2026 की शुरुआत बेहद मजबूत स्थिति से की है। हमने Q1 में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है, वह भी वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद।

## डल्कोलैक्स बना अंतरिक्ष यात्रियों की यात्रा का हिस्सा

नई दिल्ली। नासा का आर्टेमिस II मिशन एक ऐतिहासिक कदम है, जिसमें इंसान एक बार फिर चंद्रमा की कक्षा तक पहुँचेंगे। इस 10 दिनों के मिशन पर अंतरिक्ष यात्रियों के पेट और पाचन के स्वास्थ्य का भी खास ख्याल रखा गया है। भारत में ओपेला ब्रांड का मशहूर उत्पाद डल्कोलैक्स इस सफर में उनके साथ होगा। यह दवा नासा की आधिकारिक मेडिकल लिस्ट और फर्स्ट एड किट का हिस्सा है, जो अंतरिक्ष में यात्रियों को कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाएगी। भारत में डल्कोलैक्स को साल 2017 में डल्कोफ्लेक्स नाम से रीब्रांड किया गया था। नासा के मिशन में शामिल होना हमारे ब्रांड में दशकों से हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स और उपभोक्ताओं द्वारा जताए गए भरोसे और विश्वसनीयता का प्रमाण है।

# सेंसेक्स में 919 अंकों की उछाल



मुंबई। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बैंकों में तगड़ी खरीदारी आने से बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 918.60 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 275.50 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट नरम पड़ने की संभावना, अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीदें और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 918.60 अंक यानी 1.20 प्रतिशत चढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 990.85 अंक उछलकर 77,622.50 के स्तर तक चला गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत बढ़कर 24,050.60 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 4,230.7 अंक यानी 5.77 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि एनएसई निफ्टी में l,337.5 अंक यानी 5.88 प्रतिशत की बढ़त रही। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद से तेल की कीमतें नरम हुईं, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा। इससे भारत जैसे उभरते बाजारों में निवेश के प्रति रुझान मजबूत हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,360 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 945 कंपनियों में गिरावट रही और 144 अन्य अपरिवर्तित रहे। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.64 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.50 प्रतिशत की बढ़त में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड में सर्वाधिक 2.75 प्रतिशत की तेजी रही जबकि पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.27 प्रतिशत, टिकाऊउपभोक्ता खंड में 2.20 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 2.19 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके उलट, बीएसई आईटी और फोकस आईटी खंड नुकसान में रहे। वैश्विक बाजारों में आई तेजी का असर भारतीय बाजार पर पड़ा, जहां बैंक, वाहन और रियल्टी शेयरों में जोरदार खरीदारी ने पूरे दिन बाजार में सकारात्मक माहौल बनाए रखा।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में मार्च में निवेश 56 प्रतिशत बढ़कर 40450 करोड़



नयी दिल्ली। शेयर आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में मार्च में शुद्ध निवेश 56 प्रतिशत बढ़कर 40,450 करोड़ रुपये हो गया। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशकों का भरोसा बरकरार रहने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ा है।

जुलाई 2025 के बाद यह सबसे अधिक मासिक शुद्ध प्रवाह है तब इक्विटी म्यूचुअल फंड को 42,702 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश प्राप्त हुआ था। यह वृद्धि मुख्य रूप से फ्लेक्सी कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप फंड में मजबूत निवेश के कारण हुई जिनकी कुल शुद्ध निवेश में बड़ी हिस्सेदारी रही। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये मासिक निवेश बढ़कर 32,087 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले महीने 29,845 करोड़ रुपये था। आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में 25,978 करोड़ रुपये के मुकाबले मार्च में इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश बढ़कर 40,450 करोड़ रुपये हो गया। यह निवेश म्यूचुअल फंड के माध्यम से दीर्घकालिक संपत्ति सृजन में निवेशकों के निरंतर विश्वास को दर्शाता है। भारत की संरचनात्मक वृद्धि गाथा मजबूत बनी हुई है और निवेशक अपने निवेश को दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों के अनुरूप ढालना जारी रखे हुए हैं। फ्लेक्सी कैप फंड में सबसे अधिक 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश आया। इसके बाद स्मॉल कैप फंड में 6,263 करोड़ रुपये और मिड कैप फंड में 6,063 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। अधिकांश श्रेणियों में सकारात्मक प्रवाह रहा, हालांकि कर-बचत वाली ईएलएसएस योजनाओं में मामूली निकासी देखी गई। इस बीच गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में मार्च में 2,266 करोड़ रुपये का निवेश आया जो फरवरी के 5,255 करोड़ रुपये से काफी कम है। कुल मिलाकर, उद्योग में मार्च के दौरान 2.4 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी दर्ज की गई जबकि फरवरी में 94,530 करोड़ रुपये का निवेश आया था। इसकी मुख्य वजह बॉन्ड या निश्चित आय वाले म्यूचुअल फंड से 2.95 लाख करोड़ रुपये की भारी निकासी रही।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कतर ने भारत को भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्ति का भरोसा दिया

नयी दिल्ली। कतर ने भारत के लिए एक भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने रहने का अपना संकल्प दोहराया है। कतर के ऊर्जा मंत्री साद शेरिदा अल-काबी ने दोहा में भारतीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया।

इस दौरान दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया। भारत सरकार ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि हरदीप सिंह पुरी 9-10 अप्रैल तक कतर की दो दिवसीय यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने इस क्षेत्र में संघर्ष शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से एकजुटता का संदेश कतर के नेतृत्व तक पहुंचाया। दोनों पक्षों ने आठ अप्रैल को घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत किया और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को जल्द खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। बयान में कहा गया कि उन्होंने आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए निर्बाध नौवहन के महत्व पर भी बल दिया। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब भारत वैश्विक तनावों के बीच अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। कतर भारत को एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा स्रोत है।

# 2.22 लाख से अधिक कर अपीलों का निपटान




नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने करदाताओं के साथ विवाद कम करने के प्रयासों के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में 2.22 लाख से अधिक अपीलों का निपटारा किया, जो एक वित्त वर्ष पहले की तुलना में करीब 29 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने आयकर अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि वित्त वर्ष 2026-27 में विभाग की कार्वाई डेटा आधारित, संतुलित और एक निष्पक्ष एवं कुशल कर प्रणाली के लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि आयकर विभाग जोखिम पहचान और प्रवर्तन कार्वाई के लिए डेटा एनालिटिक्स और सूचना-आधारित तरीकों के उपयोग में मजबूती लेकर आया है। इसके तहत गलत कटौती दावों और कुछ इकाइयों द्वारा कारोबार की आय छिपाने जैसे मामलों की पहचान के लिए प्रवृत्ति-आधारित जांच भी की गई। सीबीडीटी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 2,22,540 अपीलों का निपटारा किया गया, जबकि 2024-25 में यह संख्या l,72,361 थी। इस तरह अपीलों के निपटान में 29.11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष की शुरुआत में लंबित l,51,239 पुराने मामलों में से 50,654 का विशेष अभियान के तहत निपटारा किया गया, जिससे लंबित मामलों में 33.49 प्रतिशत की कमी आई। इस अवधि में 72,933 शिकायतों का निपटारा किया गया, जिनका औसत समाधान समय 47 दिन रहा। साथ ही l,32,125 संशोधन आवेदनों का निपटारा किया गया और अपील के फैसलों को लागू करने के लिए 5,68,621 आदेश जारी किए गए। इन उपायों के चलते 2025-26 में कुल 10.26 लाख से अधिक मामलों का निपटारा हुआ, जिससे बकाया मांग में 12.33 लाख करोड़ रुपये की कमी आई।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे गिरकर 92.68 पर बंद

मुंबई। रुपये ने शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआत बढ़त खो दी और 17 पैसे टूटकर 92.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े जोखिमों सहित वैश्विक तनाव के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितता के बीच आरबीआई द्वारा बैंकों के लिए प्रत्येक दिन के लिए नेट ओपन पोजिशन (कुल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों और देनदारियों का अंतर) 10 करोड़ डॉलर तक सीमित करने के निर्देश की समय-सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई, जिसके कारण रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.58 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.41 के ऊपरी स्तर और 92.76 के निचले स्तर को छूने के बाद 92.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 17 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को तीन पैसे की मामूली बढ़त के साथ 92.51 पर बंद हुआ था। अमेरिका-ईरान युद्धविराम की स्थिति अभी साफ नहीं है। हालात किस दिशा में जाएंगे, इसे लेकर काफी अनिश्चितता बनी हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से अब भी बंद है।

# लाभों के दोहराव को रोकने के लिए एकीकृत सामाजिक सुरक्षा ढांचा अपनाये भारत : एडीबी




नयी दिल्ली। भारत एकीकृत सामाजिक सुरक्षा ढांचा अपनाकर अपनी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बना सकता है। इससे लाभों का दोहराव कम होगा, लक्षित लाभार्थियों तक बेहतर पहुंच बनेगी और दीर्घकालिक वृद्धि के लिए राजकोषीय संसाधन मुक्त हो सकेंगे। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने शुक्रवार को यह सुझाव दिया।

एशिया डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट में भारत से जुड़ी नीतिगत चुनौतियों का उल्लेख करते हुए एडीबी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की कई योजनाओं में समान लाभार्थी समूहों शामिल हैं और पात्रता, लाभ स्तर या वितरण व्यवस्था को लेकर इनके बीच समन्वय सीमित है। लाभों का दोहराव का मतलब एक ही व्यक्ति या परिवार का अलग-अलग सरकारी योजनाओं से समान प्रकार के लाभ लेने से है जैसे किसी व्यक्ति का राज्य सरकार की पेंशन योजना और केंद्र की पेंशन योजना दोनों से लाभ लेना। रिपोर्ट में कहा गया, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और दिव्यांगता कवरेज को जोड़ने वाला एकीकृत ढांचा जिसमें अंशदायी योजनाएं भी शामिल हों.. यह लाभों के दोहराव को कम करेगा और लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं से बेहतर तरीके से निपटेगा। इसके अनुसार यह व्यवस्था राज्यों के स्तर पर भिन्न परिस्थितियों के अनुरूप दृष्टिकोण अपनाने में भी मदद करेगी क्योंकि सामाजिक सुरक्षा की जरूरतें जनसांख्यिकीय संरचना, रोजगार ढांचे और राजकोषीय क्षमता के अनुसार अलग-अलग हो सकती हैं। मनीला स्थित इस बहुपक्षीय वित्तीय संस्था ने कहा कि इस तरह का दृष्टिकोण सरकारों को लाभ हस्तांतरण की सुरक्षा भूमिका को बनाए रखने या मजबूत करने की अनुमति देगा। साथ ही कुल राजकोषीय लागत को नियंत्रित रखते हुए बुनियादी ढांचा एवं मानव पूंजी निवेश के लिए संसाधन उपलब्ध कराएगा जो दीर्घकालिक वृद्धि के लिए जरूरी हैं। एडीबी ने कहा कि एक एकीकृत सामाजिक सुरक्षा ढांचा सरकार के सभी स्तरों पर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में व्याप्त विखंडन को दूर करेगा। सब्सिडी हस्तांतरण के संबंध में एडीबी ने कहा कि सत्यापित लाभार्थी पहचान से जुड़े प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) का दायरा बढ़ाकर राजकोषीय दक्षता में सुधार किया जा सकता है। इससे लाभों का दोहराव कम होगा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर पर पहुंचाः आरबीआई



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

इससे एक सप्ताह पहले 27 मार्च को समाप्त अवधि में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी, 2026 को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद पश्चिम एशिया संकट के कारण इस भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट देखी जा रही थी। असल में, पश्चिम एशिया संकट के बाद रुपये पर बने हुए दबाव के बीच केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करता रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) समीक्षाधीन सप्ताह में 1.78 अरब डॉलर बढ़कर 552.85 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त एफसीए में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। आरबीआई के मुताबिक, सोने का भंडार भी आलोच्य सप्ताह में 7.22 अरब डॉलर बढ़कर 120.74 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.70 अरब डॉलर हो गए, जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित स्थिति 4.81 अरब डॉलर पर अपरिवर्तित रही।

## पेज एक का शेष

### मथुरा : यमुना

के रहने वाले थे। इसके बाद अधिकारियों ने कहा कि बचाव दल ने चार और लोगों के शव बरामद कर लिए हैं, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। बताया जा रहा है कि नौका में दो दर्जन से अधिक पर्यटक सवार थे। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें लगभग 50 स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर बचाव अभियान चला रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक गुलाब नामक एक स्थानीय गोताखोर ने बताया कि अब तक लगभग 15 लोगों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है। प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि तेज हवाओं के कारण नौका बीच नदी में तेजी से डगमगाने लगी, फिर उसकी गति बढ़ गई और वह एक पुल से टकरा गई, इसके बाद नौका पलट गई। अधिकारियों ने बताया कि ये श्रद्धालु पंजाब के लुधियाना और अन्य शहरों से आए लगभग 150 तीर्थयात्रियों के एक बड़े समूह का हिस्सा थे। यह दुर्घटना केसी घाट के पास तब हुई, जब नौका गहरे पानी में जाने के बाद एक तैरते हुए पोंटून (पीपा पुल का एक हिस्सा) से टकरा गई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में पानी का स्तर बढ़ने के कारण पीपा पुल को हाल ही में हटा दिया गया था, जिससे नदी में कुछ पोंटून खुले रह गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हीं में से एक पोंटून से टकराने के कारण नौका पलटी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से बचाव अभियान चला रहे हैं, गोताखोर लापता लोगों की तलाश में नदी के गहरे हिस्सों में खोजबीन कर रहे हैं।

### सीएम योगी

की कामना की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य तेज गति से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को नियमानुसार उचित मुआवजा देने के भी निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि यह हादसा वृंदावन क्षेत्र में केसी घाट के पास उस समय हुआ, जब श्रद्धालुओं से भरी नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। इस दुर्घटना में करीब 25 श्रद्धालु नदी में डूब गए, जिनमें से 15 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। अधिकांश श्रद्धालु पंजाब से आए बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों की टीम द्वारा युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया गया। फिलहाल पूरे मामले पर प्रशासन सतर्क है और राहत कार्य लगातार जारी है।

### स्वस्थ नागरिक

ने कहा कि सरकार जागरूकता और उपचार दोनों स्तरों पर समान रूप से कार्य कर रही है, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती, सुलभ और प्रभावी बन सकें। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से सुविधाएं आमजन तक पहुंचाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने देश-विदेश से आए विशेषज्ञों से आह्वान किया कि वे बचाव और उपचार दोनों पक्षों पर समन्वित रूप से कार्य करते हुए ठोस निष्कर्ष प्रस्तुत करें, क्योंकि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन एनआईसी-2026 को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य अवसंरचना और किफायती उपचार के विस्तार पर काम कर रही है। दूसरी ओर, समाज को बीमारियों से पहले ही सुरक्षित करने की रणनीति यानी बचाव को प्राथमिकता देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यही द्विस्तरीय दृष्टिकोण (मजबूत उपचार व्यवस्था और व्यापक बचाव अभियान) आने वाले भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार बनेगा और विकसित भारत की परिकल्पना को वास्तविकता में बदलने की दिशा तय करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज आज समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं, जबकि भारत की परंपरा में संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या हमेशा से स्वस्थ जीवन का आधार रही है। बदलती जीवनशैली के चलते उत्पन्न चुनौतियों के बीच अब स्वास्थ्य के दो प्रमुख आयाम- बचाव (प्रिवेंशन) और उपचार (ट्रीटमेंट) स्पष्ट रूप से सामने हैं। जहां विशेषज्ञों की स्वाभाविक रुचि उपचार और नवाचार में होती है, वहीं उनका मानना है कि इन बीमारियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बचाव को प्राथमिकता देनी होगी।

### 'इनोवेट इन यूपी

ताकि नवाचारों का बड़े स्तर पर व्यावहारिक उपयोग सुनिश्चित हो और रोजगार सृजन को गति मिले। बैठक में आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मनींद्र अग्रवाल की ओर से विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। बताया गया कि मेड-टेक के क्षेत्र में गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अभिनव तकनीकी समाधान विकसित किए जा रहे हैं तथा इस संबंध में प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। यह संस्थान नवंबर में प्रारम्भ होना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री ने ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को प्रदेश के ऊर्जा भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उत्पादन, भंडारण, परीक्षण, सुरक्षा मानकों एवं औद्योगिक उपयोग के सभी आयामों पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुर्वेद के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्लिनिकल वैलिडेशन हेतु देश के पहला संस्थागत केंद्र स्थापित करने पर भी विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से आयुर्वेदिक औषधियों के वैज्ञानिक प्रमाणीकरण, शोध आधार निर्माण, प्रयोगशाला विकास तथा हर्बल संसाधनों के संरक्षण एवं उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी। ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को विशेष प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को स्वदेशी ड्रोन निर्माण एवं अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनाया जाए। उन्होंने रक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ड्रोन तकनीक में व्यापक स्वदेशीकरण सुनिश्चित करने के प्रयासों को गति देने पर बल दिया।

### एसआईआर की

1.04 करोड़ मतदाताओं की पहचान मिलान न कराने वाले नॉन-मैप्ड के रूप में की गई, जबकि 2.22 करोड़ मामलों में तार्किक विसंगतियां शामिल थीं। 14 जनवरी, 2026 से नोटिस जारी किए गए, 21 जनवरी से सुनवाई निर्धारित की गई और सभी नोटिस तैयार और वितरित किए गए। सुनवाई 27 मार्च, 2026 तक पूरी हो गई, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान किसी भी मतदाता का नाम उचित प्रक्रिया के बिना नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा, अगर मसौदा मतदाता सूची में मौजूद कोई नाम अंतिम मतदाता सूची में गायब है, तो यह या तो प्रपत्र-6 आवेदन के कारण है या उचित सुनवाई के बाद ईआरओ द्वारा लिए गए निर्णय के कारण है।

### जासूसी नेटवर्क

रेकी में शामिल था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा था। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले कम से कम नौ सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, जो विशेष रूप से उन क्षेत्रों में थे, जहां सेना और अर्धसैनिक बलों की आवाजाही अधिक रहती है।

### उत्तराखंड : धामी

कि पहली बार देश में जनगणना पूरी तरह डिजिटल स्वरूप में आयोजित की जा रही है। अब नागरिक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से घर बैठे अपनी पारिवारिक जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इससे प्रक्रिया अधिक आसान, तेज और त्रुटिरहित होगी, साथ ही आंकड़ों की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। अभियान के प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना प्रारंभ की गई है। इसके तहत मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिवारों से जुड़ी मूलभूत जानकारियां संकलित की जाएंगी। डिजिटल प्रणाली लागू होने से लोगों को सरकारी कर्मियों की प्रतीक्षा किए बिना स्वयं विवरण भरने की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में भी डिजिटल जनगणना की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए, ताकि हर नागरिक इस प्रक्रिया में शामिल हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश वासियों से अपील की कि वे स्व-गणना पोर्टल का उपयोग कर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें। उन्होंने आश्वस्त किया कि नागरिकों की ओर से दी गई सभी सूचनाएं पूरी तरह सुरक्षित रहेंगी और उनका उपयोग केवल सरकारी सांख्यिकीय एवं नीतिगत उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम में गीता धामी, जनगणना संचालन निदेशक ईवा श्रीवास्तव तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### अमेरिका-ईरान

की कगार पर है। ईरान की सार्वजनिक मांगों और अमेरिका तथा उसके सहयोगी इज़राइल की मांगों के बीच का अंतर पाटने योग्य नहीं लगता। अमेरिका में इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए राजनीतिक और आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। गौरतलब है कि वेंस दो साल बाद मतदाताओं से खुद को अगला राष्ट्रपति चुनने के लिए कह सकते हैं।

### डेनमार्क से

क्षेत्रों में भी डेनमार्क की कंपनियों की रुचि से उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया। राजदूत ने शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र को भी सहयोग का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में डेनमार्क की भागीदारी से नॉलेज ट्रांसफर एवं स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, एल्डरली हेल्थ केयर सेक्टर में बढ़ती वैश्विक मांग के दृष्टिगत उन्होंने उत्तर प्रदेश के युवाओं को भाषा प्रशिक्षण एवं आवश्यक कौशल प्रदान कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने की इच्छा व्यक्त की। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को सहयोग का एक प्रमुख आयाम बताते हुए राजदूत ने कहा कि कृषि-तकनीक, खाद्य प्रसंस्करण एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में संयुक्त प्रयासों के माध्यम से टिकाऊ कृषि एवं वैल्यू-ऐडेड फूड प्रोडक्ट्स को बढ़ावा दिया जा सकता है।

### इलाहाबाद

महोदया, मैं आपके सम्मानित कार्यालय पर उन कारणों का बोझ नहीं डालना चाहता जिनके चलते मुझे यह पत्र प्रस्तुत करना पड़ रहा है, लेकिन अत्यंत पीड़ा के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। वर्मा के इस्तीफे के कारण उन्हें उनके पद से हटाने के उद्देश्य से लंबित महाभियोग की कार्यवाही अब निष्प्रभावी हो जाती है। घटना के बाद महाभियोग प्रस्ताव से पहले एक पूर्व शर्त के तहत उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और वरिष्ठ अधिवक्ता बी वी आचार्य सहित तीन सदस्यीय जांच समिति जांच कर रही थी। न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में कई उतार-चढ़ाव आए। उन्होंने न्यायाधीशों की दो निंदात्मक रिपोर्ट के बाद तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की इस्तीफे की सलाह को मानने से इनकार कर दिया।

कोई विकल्प नहीं होने पर न्यायमूर्ति खन्ना ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।




# राजस्थान ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया

## वैभव सूर्यवंशी और जुरेल ने लगाये शानदार अर्धशतक



**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-16 में शुक्रवार (10 अप्रैल) को राजस्थान रॉयल्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हुआ. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. मुकाबले में राजस्थान ने 6 विकेट से जीत हासिल की. मुकाबले में आरसीबी ने राजस्थान को जीत के लिए 202 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 18 ओवर में हासिल कर लिया. राजस्थान की जीत में वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल की अहम भूमिका रही. वैभव ने 26 बॉल पर 78 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और सात छक्के शामिल थे. वहीं जुरेल ने 8 चौके और 3 छक्के की मदद से 43 बॉल पर नाबाद 81 रनों का योगदान दिया. राजस्थान रॉयल्स की मौजूदा सीजन में ये लगातार चौथी जीत रही।

आज राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच आईपीएल 2026 का 16वां मुकाबला खेला गया जिसमें आरसीबी ने 20 ओवर में 201 रन बनाये। यह मैच गुवाहाटी में बारिश के कारण देरी से शुरू हुआ है। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। आरसीबी को सातवां झटका जडेजा ने दिया। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड को अपना शिकार बनाया। वह 22 रन बनाकर आउट हुए। अब रजत पाटीदार का साथ देने वेंकटेश अय्यर आए हैं। 15 ओवर के बाद स्कोर सात विकेट पर 139 रन है। आरसीबी को छठा झटका बृजेश शर्मा ने दिया। उन्होंने टिम डेविड को हेटमायर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 13 रन बना पाए। अब पाटीदार का साथ देने रोमारियो शेफर्ड आए हैं। आरसीबी को पांचवां झटका बृजेश शर्मा ने दिया। उन्होंने जितेश शर्मा को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह पांच रन बनाकर आउट हुए। अब रजत पाटीदार का साथ देने टिम डेविड आए हैं। आरसीबी को चौथा झटका भी रवि बिश्नोई ने दिया। उन्होंने क्रुणाल पांड्या को हेटमायर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ एक रन बना पाए। अब पाटीदार का साथ देने जितेश शर्मा आए हैं।

आरसीबी को तीसरा झटका रवि बिश्नोई ने दिया। उन्होंने विराट कोहली को बोल्ड किया। वह 16 गेंदों में सात चौके की मदद से 32 रन बनाकर आउट हुए। अब रजत पाटीदार का साथ देने क्रुणाल पांड्या आए हैं। पांच ओवर के बाद स्कोर तीन विकेट पर 58 रन है। आरसीबी को दूसरा झटका तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर देवदत्त पडिक्कल के रूप में लगा। जोफ्रा आर्चर की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश करते हुए वह हेटमायर को कैच थमा बैठे। अब विराट का साथ देने कप्तान रजत पाटीदार आए हैं। आरसीबी को पहली गेंद पर पहला झटका लगा है।

# विश्वनाथ को स्वर्ण, भारत ने एशियाई मुक्केबाजी अभियान का समापन पांच स्वर्ण पदक के साथ किया



उलानबटोर (मंगोलिया)। भारत ने शुक्रवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने यादगार अभियान का समापन पुरुषों के 50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश के स्वर्ण पदक के साथ किया। विश्वनाथ ने फाइनल में दबदबा बनाते हुए जापान के दाइची इवाई को 5-0 से शिकस्त दी।

सचिन (60 किलोग्राम) ने कड़े मुकाबले में रजत पदक जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया जिससे पुरुषों की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। भारत पदक तालिका में पांच स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर रह। कजाकिस्तान ने भारत से एक स्वर्ण पदक ज्यादा जीता और तालिका में शीर्ष पर रहा। हालांकि कुल मिलाकर सबसे अधिक (16) पदक भारत ने ही जीते। इस प्रदर्शन की सबसे बड़ी खासियत भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा जिसमें उन्होंने 10 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इन 10 पदकों में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे जो महाद्वीपीय स्तर पर उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक है। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्वनाथ ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जो मुक्केबाजी की दुनिया में उनकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और सफलता का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विश्वनाथ ने अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी एक मजबूत पहचान बना ली है। उलानबटोर में उनका अभियान विशेष रूप से प्रभावशाली रहा जिसमें फाइनल तक पहुंचने के क्रम में उन्होंने दुनिया के नंबर एक मुक्केबाज को हराकर उलटफेर किया। टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, भारतीय मुक्केबाजी और हमारी महिल मुक्केबाजों के लिए यह एक असाधारण अभियान रहा है। हमारी महिलाओं ने चार स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। हमारी पुरुष टीम का प्रदर्शन भी एक बार फिर प्रभावशाली रहा, विशेष रूप से युवा विश्वनाथ का जिन्होंने स्वर्ण पदक जीता। उनका प्रदर्शन हमारी पाइपलाइन (भविष्य के खिलाड़ियों की तैयारी) की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि हमारे यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। पिछली विश्व चैंपियनशिप के बाद टीम में कई बदलाव होने के बावजूद इस टीम ने जबरदस्त जुझारूपन और क्षमता का प्रदर्शन किया है और महाद्वीप के कुछ बेहतरीन मुक्केबाजों को हराकर खिताब अपने नाम किए हैं। हम उभरती हुई प्रतिभाओं की एक नई लहर और कई पदक दावेदारों को बड़े मंच पर आगे आते देख रहे हैं। महिला टीम के लिए मीनाक्षी हुड्डा (48 किलोग्राम), प्रीति पंवार (54 किलोग्राम), प्रिया घंघास (60 किलोग्राम) और अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि जैस्मीन लंबोरिया (57 किलोग्राम) और अल्फिया पठान (80 किलोग्राम से अधिक) ने रजत पदक हासिल किए। इनके अलवा चार मुक्केबाजों ने कांस्य पदक भी जीते।

## संक्षेप

### लखनऊसुपर जायंट्स ने चोटिल हसारंगा की जगह जॉर्ज लिंडे को शामिल किया

नयी दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने वानिंदु हसारंगा की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को टीम में शामिल किया है क्योंकि श्रीलंकाई क्रिकेटर चोट के कारण यहां चल रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गया है। हसारंगा को लखनऊकी टीम ने दो करोड़ रुपये में खरीदा था। वह इस साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप के दौरान श्रीलंका के पहले मैच में हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए। लिंडे बाएं हाथ के बल्लेबाजी ऑलराउंडर हैं, उनके पास क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में खेलने का काफी अनुभव है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन टेस्ट, चार वनडे और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में 403 रन बनाए हैं और 35 विकेट लिए हैं। तैंतीस साल के लिंडे ने लीग और घरेलू प्रतियोगिताओं को मिलाकर 250 से ज्यादाटी 20 मैच खेले हैं। लिंडे का यह पहला आईपीएल होगा। वह अपने एक करोड़ रुपये के बेस प्राइस में फ्रेंचाइजी से जुड़ेंगे।

### पाकिस्तान सरकार ने टीम के एफआईएच नेशंस लीग

कराची। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने पुष्टि की कि सरकार ने इस साल एफआईएच नेशंस लीग और विश्व कप में टीम की भागीदारी के लिये धन जारी कर दिया है। पाकिस्तान खेल बोर्ड और पीएचएफ ने शुक्रवार को बताया कि दोनों प्रमुख हॉकी टूर्नामेंटों के लिये फंड जारी कर दिये गए हैं और अब इन दोनों टूर्नामेंटों में टीम भेजने में कोई दिक्कत नहीं है। पाकिस्तान के हॉकी स्टार अब्दुल हन्नान शाहिद ने खिलाड़ियों द्वारा उठाये गए आर्थिक मसलों की शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को मिस्र में विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दौरान सिर्फ 40 डॉलर रोजाना दैनिक भत्ता दिया गया था। हन्नान ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, हाल ही में पाकिस्तान हॉकी टीम ने विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। पूरे देश ने इसका जश्न मनाया और टीम ने हॉकी विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया।

### भारतीय खिलाड़ियों ने एकल के सेमीफाइनल में जगह बनायी

शिमला। भारत के युवा खिलाड़ियों ने एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद एकल स्पर्धाओं में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए अंडर-19 और अंडर-15 दोनों वर्गों के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सभी वर्गों में भारत के उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली।

# मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना



कोलकाता। युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी का बचपन से ही सपना था कि वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का समापन करें और गुरुवार को यहां लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन विकेट से जीत दिलाकर उन्होंने अपना यह सपना पूरा कर दिया।

इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने 27 गेंद पर नाबाद 54 रन बनाए जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल हैं। मुकुल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, मैं यह पारी अपने पिता को समर्पित करता हूं। शादी से पहले से ही उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने। मैं एमएस (धोनी) सर को भी देखता रहा हूं कि किस तरह से वह पारी समाप्त करते हैं। मैं भी उसी नंबर पर खेलता हूं, इसलिए मैं यह पारी उन्हें भी समर्पित करता हूं। मुकुल ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और वह हर दिन लगभग 150 छक्के लगाने का अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा, मेरे जीन्स ऐसे हैं और मेरी शारीरिक बनावट ऐसी है कि मेरे शॉट्स में ताकत होती है। मैं खूब अभ्यास भी करता हूं। मैं हर दिन लगभग 100-150 छक्के लगाता हूं। पिछले पांच-छह महीनों से मैंने बहुत अभ्यास किया और इसका असर अब मेरी बल्लेबाजी में देखने को मिल रहा है। उन्होंने धोनी की तरह अपने हेलीकॉप्टर शॉट के बारे में भी बात की। उन्होंने 17वें ओवर में वैभव अरोड़ा की गेंद पर इसी तरह का शॉट लगाकर छक्का जड़ा था। मुकुल ने कहा, मैंने बचपन से ही उस शॉट का अभ्यास किया है। मुझे यह शॉट खेलना बहुत पसंद है। धोनी जिस तरह से पारी का अंत करते हैं वह भी मुझे पसंद है। वह यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे। अगर आप उस तरह की गेंद पर भी छक्का जड़ देते हैं, तो गेंदबाज कुछ अलग करने के बारे में सोचने लगता है। छक्के मारने की अपनी क्षमता और आत्मविश्वास से वह पहले ही एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर का ध्यान खींच चुके हैं। लैंगर ने कहा था कि मुकुल में भारत का मध्यक्रम में सबसे खतरनाक बल्लेबाज बनने की क्षमता है। अगर कोई इतना बड़ा कोच आपके बारे में कुछ कहता है, तो उन्होंने आपमें कुछ तो देखा ही होगा। उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मैं भी वैसा ही करना चाहता हूं। पिछले साल दिसंबर में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ अंतिम ओवर में जब उनकी टीम को 25 रन की जरूरत थी।

# आयुष शेट्टी ने क्रिस्टी को हराकर एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनायी




चीन। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के साथ बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में उंची रैंकिंग पर काबिज क्रिस्टी पर लगातार दबदबा बनाते हुए जोरदार स्मैश की बदौलत 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की।

मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी का सामना अब थाईलैंड के शीर्ष वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण से होगा जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन हैं। यह क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर पर पहली भिड़ंत थी। शेट्टी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के साथ मिलकर रणनीति रूप से पूरी तरह तैयार दिखे जो पहले क्रिस्टी के भी कोच थे। भारतीय खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के हर शॉट का करारा जवाब दिया और अपने कोण और अनुशासित डिफेंस से उन्हें परेशान कर दिया। शेट्टी शुरु में शेट्टी 2-0 और 5-3 से आगे चल रहे थे, लेकिन क्रिस्टी ने फिर नियंत्रण बनाकर स्कोर 6-5 कर लिया। इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने अपनी गति और कोण में लगातार बदलाव किया जिससे छह फुट चार इंच लंबे भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बन गया। क्रिस्टी इस तरह 9-6 से आगे हो गए और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाए थे। मंगलुरु के शेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए जल्द ही अंतर खत्म कर दिया। हालांकि कुछ अनफोर्स्ड गलतियों के कारण क्रिस्टी एक बार फिर 14-11 और 16-13 से आगे निकल गए। शेट्टी ने फिर अपने प्रतिद्वंद्वी को गलतियां करने पर मजबूर कर दिया। क्रिस्टी शॉट्स की लंबाई का सही अंदाजा नहीं लगा पाए और लाइन के पास शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को कोर्ट से बाहर मार बैठे। हालांकि इसके बावजूद क्रिस्टी ने 18-16 की मामूली बढ़त बनी हुई थी। क्रिस्टी की नेट गलती और एक वाइड रिटर्न से शेट्टी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर लिया। शेट्टी के गेंद को कोर्ट से बाहर करने से इंडोनेशियाई खिलाड़ी को दो गेम प्वाइंट मिल गए। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने एक तेज डाउन-द-लाइन स्मैश और नेट के पास एक विनर शॉट लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। फिर उन्होंने एक गेम प्वाइंट हासिल कर लिया। क्रिस्टी ने क्रॉस-कोर्ट स्मैश से इसे बचा लिया लेकिन अगला शॉट नेट में लगा बैठे। इसके बाद कोर्ट से बाहर शॉट से पहला गेम गंवा दिया। दूसरे गेम में शेट्टी और भी ज्यादा आक्रामक दिख रहे थे। उन्होंने अलग-अलग तरह के स्मैश का इस्तेमाल करते हुए 5-2 की बढ़त बना ली। क्रिस्टी ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 और 6-6 तक पहुंया, लेकिन एक सर्विस गलती ने शेट्टी को बढ़त दिला दी। क्रिस्टी की एक और गलती के बाद ब्रेक तक शेट्टी दो अंक की बढ़त बनाए थे और इसे बढ़ाकर 13-9 कर दिया। क्रिस्टी को टाइमिंग में दिक्कत हो रही थी और शेट्टी इसका फायदा उठाकर 17-13 से आगे निकल गए। इंडोनेशियाई खिलाड़ी 16-17 के स्कोर पर काफी करीब आ गया था लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने एक जोरदार स्मैश लगाकर फिर से मैच पर अपना नियंत्रण बना लिया। क्रिस्टी ने स्कोर का अंतर कम करके 17-18 कर दिया। लेकिन एक और तेज स्मैश और एक लंबे रिटर्न ने शेट्टी को तीन मैच प्वाइंट दिला दिए। क्रिस्टी का शॉट नेट में गिरने से शेट्टी ने मैच अपने नाम कर लिया।

# राष्ट्रीय मुआय थाई चैंपियनशिप के लिए यूपी टीम गोवा रवाना



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की मुआय थाई टीम गोवा में होने वाली राष्ट्रीय मुआय थाई चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए शुक्रवार सुबह रवाना हो गई है।

उत्तर प्रदेश टीम में आदित्य गुप्ता, हिमांशु सिंह, सतीश यादव, शुभ यादव, अमर यादव, राशि सिंह, आर्या गुप्ता और जयदीप पटेल को जगह मिली है जो विभिन्न वर्गों में चुनौती पेश करेंगे। मुआय थाई (थाईलैंड की पारंपरिक युद्ध कला) की यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप गोवा के मापुसा में 11 व 12 अप्रैल, 2026 तक होगी। उत्तर प्रदेश मुआय थाई काउंसिल के सचिव अभिषेक मौर्या ने बताया कि खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्होंने गहन अभ्यास किया है। इस दौरान प्रशिक्षकों ने तकनीकी कौशल, फुटवर्क और स्टेमिना पर विशेष ध्यान देते हुए तैयारी कराई है। उत्तर प्रदेश के टीम कोच आकाश मौर्या व मैनेजर आदित्य गुप्ता होंगे। टीम की रवानगी से पूर्व काउंसिल के पदाधिकारियों ने कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आनंद किशोर पांडेय से मुलाकात की। डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मुआय थाई जैसे मार्शल आर्ट्स खेल युवाओं में आत्मविश्वास, साहस, फिटनेस और मानसिक दृढ़ता विकसित करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी टीम राष्ट्रीय स्तर पर दमदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान मौजूद रॉयल स्पोर्ट्स गंज स्टेडियम (आरएसजी), लखनऊ के निदेशक हर्षवर्धन सिंह ने भी खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब किंग्स




मुल्लांपुर। पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी।

पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य का आसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटन्स को हराना। केकेआर के खिलाफ ईडन गार्डन्स में भी पंजाब किंग्स ने अच्छी शुरुआत की थी। उसके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने शुरू में ही दो विकेट ले लिए थे लेकिन भारी बारिश और आंधी के कारण उसे अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। पिछले सत्र में 500 से अधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने टीम के दृष्टिकोण को स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाड़ी ऑरेंज कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाला बल्लेबाज) या पर्पल कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज) हासिल करने की होड़ के बजाय सामूहिक सफलता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उसकी यह मानसिकता कूपर कोनोली की गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 72 रनों की पारी और विजयकुमार वैशाक के गेंदबाज़ी में बढ़ते प्रभाव में स्पष्ट नजर आता है। जहां तक सनराइजर्स हैदराबाद की बात है तो उसके लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है। सनराइजर्स के शीर्ष क्रम में धाकड़ बल्लेबाज हैं लेकिन उनके नहीं चल पाने के कारण टीम लड़खड़ा रही है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ ऐसा देखा गया जब ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की खतरनाक सलामी जोड़ी सस्ते में आउट हो गई थी। हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट जैसे गेंदबाजों की नाकामी के कारण सनराइजर्स हैदराबाद की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उसके खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी और हेनरिक क्लासेन के एलएसजी के खिलाफ मैच में अच्छे प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। स्पिनर हर्ष दुबे ने पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन की झलक दिखाई है और उनसे उम्मीद की जाएगी कि वे अपनी फॉर्म को बरकरार रखें। उनादकट ने पिछले मैच में 23 गेंदों में 50 रन लुटा दिए थे और सौराष्ट्र के इस अनुभवी गेंदबाज को इसकी भरपाई करने की सख्त जरूरत होगी। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को एलएसजी के खिलाफ आखिरी ओवर में नौ रन बचाने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा था, लेकिन वह इसमें नाकाम रहे।

**टीम इस प्रकार हैंः**

**पंजाब किंग्सः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अर्शदीप सिंह, प्रियांश आर्य, पाइला अविनाश, अजमतुल्लाह उमरजई, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, कूपर कोनोली, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरनूर सिंह, हरप्रीत बराड़, मार्को यानसन, मुशीर खान, विशाल निशाद, मिचेल ओवेन, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, विजयकुमार वैश्यक, नेहल वढेरा, यश ठाकुर।

**सनराइजर्स हैदराबादः** ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा।

# एक नये युग में प्रवेश कर रहा है भारत

## कानून निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए: बिरला



पणजी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि महिलाएं व्यापार, शिक्षा और विज्ञान समेत सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं तथा नीति एवं कानून निर्माण में उनकी भागीदारी भी उसी अनुरूप बढ़नी चाहिए। बिरला ने यहां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए), भारत क्षेत्र, पश्चिम जोन-सात के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायतों से लेकर राज्य विधानसभाओं और संसद तक, महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मजबूत किया जाना चाहिए और कानून बनाने में उनकी भूमिका को बढ़ाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि महिलाएं व्यापार, शिक्षा और विज्ञान समेत सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और नीति निर्माण एवं कानून निर्माण में उनकी भागीदारी तदनुसार बढ़नी चाहिए। बिरला की ये टिप्पणियां संसद के विशेष सत्र से कुछ दिन पहले आईं, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम (जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के नाम से जाना जाता है) में संशोधन किया जाएगा ताकि इसे 2029 के आम चुनावों से लागू किया जा सके। संसद का बजट सत्र बढ़ा दिया गया है और 16 से 18 अप्रैल तक तीन दिवसीय विशेष बैठक बुलाया गया है। बिरला ने कहा कि भारत एक नए युग में प्रवेश कर रहा है, और अब समय आ गया है कि विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया जाए। देश की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत के संविधान में समय-समय पर संशोधन किए गए हैं। इससे पहले बिरला ने गोवा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सेवा के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं का आगे आना उत्साहजनक है और महिला आरक्षण कानून विधायिकाओं में उनके प्रतिनिधित्व को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि कई युवा राजनीति से दूर रहने का दावा करते हैं, लेकिन राजनीति सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने और जीवन को बेहतर बनाने का एक मजबूत माध्यम बना हुआ है।उन्होंने कहा कि आईपीएस और आईएएस जैसी सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों में काफी संख्या में महिलाओं को संसद का दौरा करते देखना उत्साहजनक है। उन्होंने कहा, विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को और मजबूत करने के लिए, नयी संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया। बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है और लोकतंत्र में युवाओं की अधिक भागीदारी से शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है। नीति निर्माण में युवाओं की बढ़ती भागीदारी से 2047 तक एक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिलेगी। बिरला ने कहा कि चुनाव में वोट डालना ही काफी नहीं है, शासन में जवाबदेही सुनिश्चित करना भी युवाओं की एक प्रमुख जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा, भारत के युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा, विचार और नवाचार वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वभर में युवा भारतीय विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।उन्होंने कहा, युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं ।

# होर्मुज़ में जहाजों की आवाजाही बहाली के लिए सुरक्षा और भरोसा बहाल करना जरूरी



क्वॉले। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को युद्धविराम की घोषणा की और इसके बाद तुरंत उम्मीद जगी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही जल्द सामान्य हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

ईरान ने युद्ध की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगा दी थी। अगली सुबह भी जलडमरूमध्य में यातायात बेहद सीमित रहा। कुछ ही पोत, जो मुख्य रूप से ईरान से जुड़े थे, वहां से गुजरे, जबकि खाड़ी में इंतजार कर रहे अधिकतर जहाज वहीं रुके रहे। इसके तुरंत बाद ईरान ने घोषणा की कि वह लेबनान पर इजराइल के हमलों के कारण प्रभावी रूप से इस जलडमरूमध्य को बंद करेगा। वास्तविकता यह है कि जलडमरूमध्य कभी पूरी तरह बंद नहीं हुआ। इसे खुला या बंद बताना वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाता। जहाजों को रोका नहीं जा रहा है, बल्कि उन्हें वहां से गुजरने को लेकर हतोत्साहित किया जा रहा है। हाल के हफ्तों में ईरान ने वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने की अपनी क्षमता और मंशा दोनों प्रदर्शित की हैं। जहाजों पर हमलों और खतरों के कारण रोजाना गुजरने वाले पोतों की संख्या लगभग 130 से घट गई है। जब तक यह जोखिम बना रहेगा, जहाजों की वहां बड़ी संख्या में आवाजाही नहीं होगी। युद्धविराम की घोषणाओं ने स्थिति को स्पष्ट करने के बजाय और अधिक अनिश्चितता पैदा कर दी है। वॉशिंगटन ने दावा किया है कि जलडमरूमध्य खुला है, लेकिन तेहरान का संदेश अधिक अस्पष्ट रहा है। इसमें यह संकेत भी शामिल हैं कि जहाजों को गुजरने से पहले ईरानी अधिकारियों को सूचित करना होगा। कुछ लोग इसे जलमार्ग पर नियंत्रण स्थापित करने और संभावित रूप से टोल लगाने की दिशा में ईरान का पहला कदम मानते हैं। यह अस्पष्टता महत्वपूर्ण है, क्योंकि जहाजों की आवाजाही एक व्यावसायिक गतिविधि है, जो जोखिम आकलन पर आधारित होती है।

## संक्षेप

### तख्तापलट का नेतृत्व करने वाले सेना प्रमुख राष्ट्रपति बने

बैंकॉक। म्यांमा के सैन्य कमांडर मिन आंग ह्लाइंग ने शुक्रवार को निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। ह्लाइंग ने वर्ष 2021 में आंग सान सू ची की असैन्य सरकार से सत्ता छीनने के बाद से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश पर कठोर शासन किया। उनका शपथ ग्रहण समारोह उस आम चुनाव के बाद हुआ, जिसे संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों और मानवाधिकार समूहों ने न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष बताया है। सू ची की लोकप्रिय नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी समेत कई अन्य पार्टियों ने इसमें भाग नहीं लिया। ह्लाइंग के सामने सू ची को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद शुरू हुए गृहयुद्ध को समाप्त करने की बड़ी चुनौती है, जिसका सशस्त्र प्रतिरोध हुआ था। नाममात्र की लोकतांत्रिक सरकार की ओर वापसी को व्यापक रूप से असैन्य शासन की आड़ में सेना को सत्ता में बनाए रखने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। मिन आंग ह्लाइंग का राष्ट्रपति पद पर आसीन होना सैन्य तानाशाहों की उस परंपरा का अनुसरण करता है, जिसमें वे खुद को देश के सर्वोच्च नेता के रूप में प्रस्तुत करते हैं और पक्षपातपूर्ण चुनाव के माध्यम से अपने शासन को वैधता प्रदान करने का प्रयास करते हैं। वह संसद द्वारा तीन अप्रैल को कराए गए चुनाव के बाद पांच साल तक राष्ट्रपति के रूप में सेवा देंगे। उनके मंत्रिमंडल के अधिकतर सदस्य भी सेना से जुड़े हैं।

# ईरान युद्ध के दौरान यूक्रेनी सेना ने पश्चिम एशिया के देशों में शाहेद ड्रोन मार गिराये : जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि ईरान युद्ध के दौरान यूक्रेनी सेना ने पश्चिम एशिया के कई देशों में ईरानी डिजाइन वाले शाहेद ड्रोनों को मार गिराया।


जेलेंस्की ने कहा कि ये अभियान एक व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं, जिसके तहत यूक्रेन अपने सहयोगी देशों को उन हथियारों से निपटने में मदद कर रहा है जिनका इस्तेमाल रूस उसके खिलाफ कर रहा है। राष्ट्रपति ने इन अभियानों की पहली बार सार्वजनिक रूप से पुष्टि बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में की, जिसे शुक्रवार को सार्वजनिक किया गया। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी बलों ने देश में विकसित और युद्ध में परखे गए इंटरसेप्टर ड्रोन का उपयोग करते हुए विदेशों में सक्रिय अभियानों में भाग लिया। जेलेंस्की ने कहा,यह किसी प्रशिक्षण मिशन या अभ्यास का मामला नहीं था, बल्कि एक ऐसे आधुनिक वायु रक्षा तंत्र के निर्माण में सहयोग देने की बात थी, जो वास्तव में प्रभावी ढंग से काम कर सके। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच इस सप्ताह अस्थायी युद्धविराम तय होने से पहले यूक्रेन ने रक्षात्मक अभियानों में हिस्सा लिया था। यूक्रेनी बल के जवानों ने कई देशों के वायु रक्षा तंत्र को मजबूत करने में मदद की।

# नीतीश ने बनाया रिकॉर्ड

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेकर एक कीर्तिमान स्थापित किया। वह लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद-चारों सदनों के सदस्य रहने वाले बिहार के चुनिंदा नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं।

इस उपलब्धि के साथ नीतीश कुमार उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने चारों विधायी सदनों की सदस्यता का अनुभव प्राप्त किया है। इस विशिष्ट क्लब में राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालूप्रसाद यादव, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिवंगत सुशील कुमार मोदी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और पूर्व केंद्रीय मंत्री नाम भी शामिल है। राजनीतिक विश्लेषक अरुण कुमार पांडे का मानना है कि चारों सदनों की सदस्यता का अनुभव किसी भी नेता को विधायी प्रक्रिया की व्यापक समझ प्रदान करता है। नीतीश कुमार का यह रिकॉर्ड उन्हें भारतीय राजनीति में व्यापक संसदीय अनुभव रखने वाले नेताओं की श्रेणी में स्थापित करता है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार ने कुछ दिन पहले ही संकेत दिया था कि वह राज्यसभा के सदस्य बनकर चारों सदनों में कार्य करने का अनुभव हासिल करना चाहते हैं। राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ ही उन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर ली।

# भाजपा के सत्ता में आने पर बंगाल का बेटा बनेगा मुख्यमंत्रीः शाह




कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत होती है तो उसके सत्ता में आने के छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी और भाजपा बंगाल के बेटे को मुख्यमंत्री बनाएगी।

शाह ने विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने तृणमूल के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि भाजपा पश्चिम बंगाल के लोगों की खान-पान की आदतों में दखल देगी। शाह ने कहा कि समान नागरिक संहिता की सिफारिश भाजपा की नहीं है। यह संविधान सभा की सिफारिश है। उन्होंने समान नागरिक कानून को आगे बढ़ाने का बचाव करते हुए दावा किया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण इसे दशकों तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण समान नागरिक संहिता इतने लंबे समय तक लागू नहीं हो सकी। जिन-जिन राज्यों में हमारी सरकार बनी है, वहां हमने इसे लागू किया है और बंगाल में भी ऐसा करेंगे। भाजपा ने संकल्प पत्र में पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने के छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया है। शाह ने कहा कि बंगाल में हर नागरिक के लिए एक ही कानून होगा। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण क्या है? क्या एक व्यक्ति को चार पत्नियां रखने की छूट देना तुष्टीकरण है या सबको देश के कानून का पालन करने के लिए कहना तुष्टीकरण है? भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने उस सवाल का भी जवाब देने की कोशिश की, जो लंबे समय से पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी से पूछा जाता रहा है कि मुख्यमंत्री पद के लिए उसका चेहरा कौन होगा। उन्होंने कहा कि हम कोई वंशवादी दल नहीं हैं, जिसमें बुआ के बाद भतीजा सत्ता संभाले। मैं बंगाल के लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि हमारा मुख्यमंत्री एक बंगाली होगा और बंगाल का निवासी होगा। शाह ने तृणमूल कांग्रेस द्वारा जारी हुमायूं कबीर के उन वीडियो का जिक्र किया जिसमें पार्टी के निलंबित नेता अल्पसंख्यक मतों के कथित तौर पर विभाजन के लिए भाजपा नेताओं से नजदीकी का दावा करते नजर आ रहे हैं। शाह ने इस तरह की अटकलों को खारिज कर दिया। हुमायूं कबीर और भाजपा दो बिल्कुल अलग ध्रुवों पर हैं। ऐसी पार्टी के साथ कोई समझौता करने के बजाय हम विपक्ष में बैठना पसंद करेंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वीडियो के माध्यम से राजनीतिक विमर्श गढ़ने में सक्षम हैं। आप ममता जी की क्षमता नहीं जानते। वह ऐसे कई वीडियो बनवा सकती हैं। शाह ने कहा कि भाजपा सरकार पश्चिम बंगाल की खान-पान संबंधी संस्कृति में दखल नहीं देगी। उन्होंने कहा, मछली और अंडे के सेवन पर रोक नहीं लगेगी। यह तृणमूल द्वारा फैलायी गई अफवाह है।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com